वर्ष के आरम्भ पर गोचर चक्र में केवल चार ग्रहों का शुभ होना संघर्ष की ओर इशारा करता है गोचर फलित के अनुसार दसवे भाव में सूर्य तथा चन्द्रमा होने से धन, स्वास्थ्य, मित्रादि का सुख राज्याधिकारियों और प्रतिष्ठित लोगों से मित्रता, सज्जनों द्वारा लाभ प्रत्येक कार्य में सफलता, पदोन्नति का सुअवसर, मान, गौरव की प्राप्ति, अमीष्ट की सिद्धि, सभी कार्य सरलता से पूर्ण होंगे, स्वस्थ शरीर, राज्य की ओर से धन और सम्मान की प्राप्ति नौकरी में पदोन्नति उच्चधिकारी प्रसन, उतम गृहस्थ सुख, ग्यारहवां शुक्र होने से धन की वृद्धि, आदर मान में



वृद्धि, सभी कार्यो का पूर्ण सहयोग इत्यादि फलित गोचर में लिखा है परन्तु गोचर चक्र के ग्रहों को वेधाष्टक वर्ग, दृष्टि इत्यादि की कसौटी पर परखने से विदित होता है कि मिथुन राशि वालों का यह वर्ष संघर्ष से परिपूर्ण होगा साढसती भी आप के आखरी चरण में है 14 जुलाई 2007 को आप की साढसती समाप्त होगी तत्पश्चात आप के संघर्ष में कमी आयेगी तथा सभी कार्य बिना विध्न के सम्पन्न होंगे यदि आप नौकरी करते है तो दरबार का योग उतम दरबार में हर समय आदर व मान का योग यदि आप की पदोन्नति रुकी हुई है तो आप को पदोन्नति का योग है। आप की आमदनी भी सन्तोष जनक रहेगी, कारोबारी होने पर आशा से अधिक

लाभ विद्यास्थान का स्वामी शुक्र ग्यारहवें भाव में बैठ कर विद्यास्थान को देख रहा है जिस के प्रभाव से विद्यार्थियों के लिये सफलता का योग। क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें।

सर्व-मंगल मंगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके
शरण्ये त्रयम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।।

अथार्त हे नारायणी ! तुम सब प्रकार का मंगल प्रदान करनें वाली मंगलमयी हो, कल्याणदायिनी शिवा हो। सब पुरषार्थो को सिद्ध करने वाली, शरणागतवत्सला, तीन नेत्रों वाली एवं गौरी हो। तुम्हे नमस्कार है।

मिथुन राशि का मासिक फल

अप्रैल मास के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों का शुभ होना सघर्ष को ही दरशाता है इस कारण यह महीना सर्व साधारण रूप से ही गुजरेगा। आप की आर्थिक स्थिति में कुछ डीलापन आयेगा। जो आप के लिये चिन्ता का कारण बनेगा परन्तु किसी से मांगने की नौबत नही आयेगी।

मई ग्रहों की स्थिति में कोई विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी गत मास का ही अनुसरण करेगा। अफसर लोगों के साथ अनबन का योग जो आप के चिन्ता का कारण बनेगा, कारोबारी होने पर लोगों के पास पैसा फसने का योग, विद्याप्राप्ति के लिये अच्छा महीना।

जून मास के आरम्भ पर बारहवां सूर्य आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है विशेष तौर सें सिर दर्द अथवा आखों में दर्द महसूस करोगे। लग्न में बुध का होना गोचर फलित में शुभ माना जाता है इस शुभ योग से आप को प्रत्येक कार्य में सफलता तथा लाभ मिलेगा, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

जुलाई शुभाशुभ ग्रहों पर विचार करने विदित होता है कि इस मास के उतरार्द्ध से मिथुन राशि वालों को थोडी राहत ही मिलेगी क्योंकि 14 जुलाई को मिथुन राशि वालों की साढसती समाप्त होती है। साढसती का प्रभाव प्रायः अनिष्ट होता है। विद्यार्थियों को भी पढाई की और प्रवृति बडेगी।

अगस्त मास के आरम्भ पर बारवां भौम आप के शरीर पर प्रभाव डालेगा यदि [illegible]

किसी प्रकार का भय नही है प्राय: रक्त विकार का योग। शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुये आप की आर्थिक स्थिति में थोडा बहुत वदलाव अवश्य आयेगा, खर्च के बडे बडे परोग्राम भी बनते रहेंगे।

सप्तम्बर शुभाशुभ ग्रहों की एक जैसी स्थिति होने के कारण यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुजरेगा, घर पर कोई महोत्सव मनाने का परोग्राम बनेगा। घर पर अतिथियों का आना जाना ज़ोरो पर रहेगा यदि आप किसी नशीली वस्तु का सेवन करते है तो उस से दूर रहे नही तो हानि का मुंह देखना पडेगा।

अक्टूबर पहले भाव का भौम तथा चौथे भाव का सूर्य आप के शरीर को अवश्य प्रभावित कर सकते है अत: आप शरीर के विषय में सावधान रहें आप की आमदनी आशा से अधिक रहेगी यदि आप को सन्तान पक्ष से किसी प्रकार की कोई चिन्ता है वह अवश्य दूर हो जायेगी।

नवम्बर सभी ग्रहों का वाई और होना शुभफल का संकेत नही है यह संघर्ष का ही सूचक है जन्म का भौम शरीर सुख के लिये मध्यम ही है यदि आप अविवाहित है तो इस महीने में कही पर विवाह सम्बन्ध जुड सकता है। विद्यार्थियों के लिये भी संघर्ष का ही महीना।

दिसम्बर मास के आरम्भ पर छ: ग्रहों का शुभ होना हर प्रकार से सुख और शान्ति का सूचक है। आप जो भी कार्य करते है उस में आशा से अधिक लाभ तथा सफलता, यदि आप की पदोन्नति रुकी हुई है तो इस मास में इस प्रकार के कागज़ खुलने लगे गें।

जनवरी नये वर्ष का पहला मास आप के लिये कोई शुभ समाचार लेकर नही आया है पहले भाव का भौम आप को मार्च मास तक है जो आप के शरीर को प्रभावित करता रेहगा कभी यह आप के कार्य को भी प्रभावित कर सकता है। आप की आमदनी पर इस का ज्यादा प्रभाव नही पडेगा।

फरवरी मास के आरम्भ पर केवल चार ग्रहों का शुभ होना शुभ फल का संकेत नही है अपितु दोड धूप को ही दरशाता है आप जो भी कार्य करते हैं उस में किसी प्रकार की रुकावट नही आयेगी। परन्तु किसी किसी समय आप तंगदस्ती अनुभव करोगे जिसे कुछ मानसिक तनाव रहेगा।

मार्च गोचर फलित में बृहस्पति को विशेष स्थान मिला है परन्तु बृहस्पति सातवें में बैठा है जो कि गोचर फलित के अनुसार शुभ नही है बृहस्पति का कमजोर होना संघर्ष का ही सूचक है परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति अच्छी होने से किसी विशेष हानि का कोई योग नही है।

कर्कट राशि का वर्षफल

नक्षत्र	पुन	तिष्य				आश्लेषा			
चरण	4	1	2	3	4	1	2	3	4
नामाक्षर	ही	हू	हे	हो	हा	ही	हू	डे	डो

वर्ष के आरम्भ पर गोचर चक्र में पांचवा बृहस्पति, आठवां बुध तथा राहु शुभ स्थिति में है तथा दो ग्रह सूर्य और चन्द्रमा वेध में होने से शुभ फल के ही सूचक है क्योंकि वेध में आया हुआ ग्रह भी शुभ फल को देता है गोचर फलित के अनुसार आठवा बुध तथा पांचवा बृहस्पति होने से धन लाभ तथा पुत्र सुख, शत्रुओं पर विजय, हर कार्य में सफलता तथा प्रसन्नता

आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति सन्तोश जनक, सुख और आनन्द की प्राप्ति, हर कार्य में सफलता, पद की प्राप्ति, कारोबार में उन्नति, कोई स्थिर लाभ, घर में मांगलिक उत्सव, पुत्र-जन्म की संभावना, तर्क शक्ति, सूझ-बूझ तथा सदगुणों में वृद्धि होती है इत्यादि, गोचर चक्र के ग्रहों को वेधाष्टक वर्ग की कसौटी पर परखने से विदित होता है कि कर्कट राशि वालों के लिये यह वर्ष हर प्रकार से लाभदायक तथा शान्तिदायक ही रहेगा। आप की आर्थिक स्थिति सन्तोषजनक रहेगी यदि आप कारोबार करते है तो आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा यदि आप नौकरी करते है तो आप को पदोन्नति का योग है जिस से आप की आर्थिक स्थिति में बढोतरी होगी, सन्तान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलने का योग यदि आप को सन्तान पक्ष से किसी प्रकार की चिन्ता है तो वह चिन्ता आवश्य दूर होगी, विद्यार्थियों के लिये सफलता का वर्ष यदि आप उच्चविद्या का परोग्राम बना रहे हैं तो उस को अमली रूप दीजिये सफलता अवश्य मिलेगी।

क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें।

करोतु सा नः शुभहेतुः ईश्वरी
शुभानि भद्राणि - अभिहन्तु चापदः।

अथार्त् : वह जगदम्बा शारदा मां हमारा कल्याण और मंगल करे तथा सारी आपत्तियों का नाश करें।

कर्कट राशि का मासिक फल

अप्रैल मास के आरम्भ पर आठवें भाव का भौम तथा राहु आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है यदि जन्मचक्र में भी भौम की स्थिति खराब है तो कांट छांट के लिये तैयार रहें नही तो रक्त विकार अथवा चोट का भय। पांचवा बृहस्पति होने से हर कार्य में सफलता तथा लाभ। विद्यार्थियों के लिये सफलता देने वाला मास।

मई शुभ ग्रहों का पलडा भारी होना शुभफल का ही सूचक है आप जो भी कार्य करते है आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा। आप को आशा से अधिक लाभ का योग परन्तु आठवा मंगल शरीर सम्बन्धित परेशानी रख सकता है। सन्तान पक्ष की ओर से शुभ समाचार अथवा घर में नवजात शिष्यू का आगमन।

जून ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से मालूम होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रे गा आप की आर्थिक स्थिति भी सन्तोषजनक रहेगी परन्तु खर्च के बडे बडे परोग्राम बनते रहेंगे। विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से लाभदायक मास।

जुलाई आठवें भाव का राहु आप को अशान्त रख सकता है, बारहवा सूर्य तथा बुध फजूल खरची अथवा हानि का सूचक है। अतः आप जो भी कार्य करते है सावधानी से करें ऐसा न हो कि आप को हानि का मुहं देखना पडे। विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से सफलता देने वाला मास।

अगस्त ग्यारहवां भौम आप की आर्थिक स्थिति को सुदृढ बनायेगा परन्तु आर्थिक स्थिति सुदृढ होने के साथ साथ खर्च करने के बडे बडे परोग्राम बनेंगे यदि आप कारोबार करते हैं तो आप के लिये लाभदायक रहेगा, घर पर मित्रों, सम्बन्धियों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा किसी पुण्यात्मा

के साथ मिलने का अवसर मिलेगा।

सप्तम्बर गोचर चक्र के ग्रहों को ध्यान में रखते हुये विदित होता है कि इस मास के ग्रह कर्कट राशि वालों को दौड धूप में ही रखेंगे तथा आठवां राहु अशन्ति का कारण बनेगा। परन्तु अशान्ति का माहोल रहने पर भी आप की आमदनी सन्तोषजनक ही रहेगी। विद्यार्थियों के लिये लाभदायक महीना।

अक्टूबर मास के आरम्भ पर मंगल देव बारहवें भाव में आया है जो कि आप के शरीर को फिर से प्रभावित कर सकता है अत: आप शरीर के विषय में सावधान रहे। सन्तान सुख का योग यदि आप को सन्तान पक्ष से किसी प्रकार की परेशानी है वह अवश्य दूर हो जायेगी।

नवम्बर मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ स्थिति में होना तथा दो ग्रहों का वेंध में होना शुभफल को ही दरशाता है इस शुभ योग से आप का प्रत्येक कार्य बिना किसी विध्न के सम्पन्न होगा। आप की आमदनी भी स्थिर रहेगी, विद्यार्थियों को लाभ।

दिसम्बर ग्रहों की स्थिति को देखने से मालूम होता है कि यह मास अशान्ति के वातावरण में गुजरेगा। सन्तान पक्ष से परेशानी का योग, फजूल खर्च, शरीर अस्वस्थ प्राय: रक्त विकार का योग, यदि आप को जमीन जाईदाद का कोई मसला है इस महीने में हल होगा।

जनवरी मास के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना तथा पांच ग्रहों का अशुभ स्थिति में होना संघर्ष का सूचक है इस शुभाशुभ योग से कर्कट राशि वालों का यह मास दौडधूप में ही व्यतीत होगा। आप की आमदनी अच्छी होने पर भी आप को तंगदस्ती का मुंह देखना पडेगा।

फरवरी इस मास के आरम्भ पर गत मास के ग्रहों की स्थिति में कोई विशेष परिवर्तन नही आया है। इस कारण यह मास भी गत मास की तरह ही गुजरेगा, शारीरिक स्थिति भी डावाडोल ही रहेगी। जो कि आप के लिये परेशानी का कारण बनेगा।

मार्च इस मास के आरम्भ पर सूर्य और राहु एक साथ आठवें भाव में आये है जो चिन्ता के सूचक है, शत्रुवर्ग आप पर हावी हो सकता है सातवां शुक्र आप के गृहस्थ सुख का सूचक है यदि आप अभी अविवाहित है तो इस मास में इस प्रकार की वात चल सकती है।

सिंह राशि का वर्षफल

नक्षत्र	मघा				पूर्वा फाल्गुनी				उ फा0
चरण	1	2	3	4	1	2	3	4	1
नामाक्षर	मा	मी	मू	मे	मो	टा	टी	दू	टे

वर्ष के आरम्भ पर तीन ग्रहों का शुभ होना तथा तीन ग्रहों का वेध में होना शुभफल का सूचक है क्योंकि वेध में गया हुआ ग्रह शुभफल को ही देता है गोचर फलित के अनुसार छठे भाव में भौम तथा नवें भाव में शुक्र के होने से धन, अन्न, ताम्बादि तथा स्वर्णादि की प्राप्ति, शत्रुओं पर सरलता से विजय, वैयक्तिक प्रभाव में वृद्धि, उतम वस्त्रों तथा आभूषणों की प्राप्ति, शरीर स्वस्थ, आशा से अधिक लाभ, राज्यकृपा, घर में मांगलिक तथा धार्मिक उत्सव भाग्य में वृद्धि, मित्रों से लाभ, भाइयों से सहायता तथा प्रेम इत्यादि गोचर फलित में दर्ज है परन्तु सभी ग्रहों की स्थिति को फलित ज्योतिष की कसौटी पर परखने से विदित होता है कि सिंह राशि वालों का यह वर्ष शान्ति के ही माहोल में गुज़रेगा आठवां सूर्य आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है परन्तु किसी विशेष भय का कोई योग नही है यदि आप को जमीन जाईदाद सम्बन्धित कोई मसला है तो वह इस वर्ष हल होगा यदि आप वाहन इत्यादि लाना चाहते है तो इस वर्ष में ऐसा योग है आप की आमदनी

भी सन्तोशजनक रहेगी परन्तु खर्च का योग भी प्रबल है घर पर किसी शुभकार्य पर भी खरच का योग। विवाहित होने पर सन्तान सुख का योग परन्तु स्त्री पक्ष से मानसिक अशान्ति। कारोबारी होने पर यदि आप कारोवार को वडाना चाहते है तो सोच समझ कर यह काम करना ऐसा न हो कि हानि का मुंह देखना पडे। विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से सफलता देने वाला वर्ष यदि आप उच्च विद्या के लिये कहीं जाना चाहते है तो सफलता आप को अवश्य मिलेगी। क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण रोज़ करें।

सर्व स्वरूपे सर्वेशे सर्व शक्ति समन्विते।
भयेभ्य: त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते।।

अर्थात सर्व स्वरूपा, सर्वेश्रवरी तथा सब प्रकार की शक्तियों से सम्पन्न दिव्यरूपा दुर्गे देवि सब भयों से हमारी रक्षा करो - तुम्हे नमस्कार है।

सिंह राशि का मासिक फल

अप्रैल मास के आरम्भ पर सातवां भौम और आठवां सूर्य तथा बारहवां शनि आप के शरीर को प्रभावित कर सकते है अतः आप शरीर के विषय में सावधान रहें, यदि आप को ज़मीन जाईदाद का कोई मसला है वह इस मास में हल होगा यदि आप वाहन लाना चाहते है तो उस को अमली रूप दीजिये।

मई मास के आरम्भ पर ग्रहों में थोडा परिवर्तन आने से आप की आमदनी में कुछ सुधार होगा जिस से आप अपने कार्यो को अमली रूप दे सकते हैं यदि विवाह सम्बन्धित कहीं पर बातचीत चल रही है तो सातवां भौम उस में अडचन ला सकता है। दसवें भाव का शुक्र पदोन्नति का सूचक है।

जून आठवां भौम आप के शरीर पर प्रभावित हो सकता है यदि जातक में भौम की स्थिति अच्छी है तो किसी प्रकार का भय नही है यदि वहां से कुछ डीलापन है तो रक्त विकार का योग, चोट का भय अथवा चीर फाड का योग। बारवां शनि फजूल खर्ची का सूचक है।

जुलाई मास के आरम्भ पर शुभाशुभ ग्रहों को ध्यान में रखते हुये प्रतीत होता है कि यह मास संर्घष के माहोल में ही गुज़रेगा, परन्तु आप के किसी क़ार्य में रुकावट नही आयेगी, आप जो भी काम करते है आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा परन्तु आप को तंगदस्ती का योग है।

अगस्त मास के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों का शुभ होना फलित शास्त्र के अनुसार अशान्ति का ही सूचक है गोचर चक्र में बृहस्पति का पहले भाव में होना शुभ फल का सूचक है इस शुभ योग के प्रभाव से आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा।

सप्तम्बर शुभाशुभ ग्रहों को फलित शास्त्र की कसौटी पर परखने से मालूम होता है कि यह मास सर्वसाधारण होते हुए भी हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा, नौकरी पेशा होने पर दरबार में हर प्रकार से आदर व मान का योग,

सातवें भाव का राहु स्त्री पक्ष से परेशानी रख सकता है।

अक्टूबर मास के आरम्भ पर ग्रहों में थोडा सा परिवर्तन आने से ग्रहों की स्थिति कुछ ठीक हुई है इस के फलस्वरूप घर में कोई ऐसा कार्यक्रम बन सकता है जिस में आप के सभी सगे सम्बधी मित्र सम्मिलित हो सकते है। विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

नवम्बर मास के आरम्भ पर ग्यारहवें भाव में भौम होने से आप की आमदनी में विशेष सुधार होगा जिस की आप कई दिनों से प्रतीक्षा करते थे शनि देव का लग्न में होना शुभ माना जाता है परन्तु शनि देव आप के तीसरे, सातवें तथा दसवें भाव को देख रहा है शनि की नज़र फलित शास्त्रों में मनहूस मानी जाती है।

दिसम्बर पांचवे भाव में बृहस्पति का होना शुभफल का सूचक है इस शुभ योग के प्रभाव से सन्तान पक्ष से कोई शुभ समाचार यदि आप को सन्तान पक्ष से किसी प्रकार की चिन्ता है वह आवश्य दूर होगी अथवा घर में किसी नवजात शिशु का आगमन, विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से सफलता देने वाला महीना।

जनवरी 2007 का पहला मास सिंह राशि वालों के लिये कोई विशेष समाचार लेकर नही आया है परन्तु किसी प्रकार का अनिष्ट कारक भी नही है इसलिये यह महीना हर प्रकार से शान्ति के ही माहोल में गुज़रेगा परन्तु विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से लाभदायक।

फरवरी मास के आरम्भ ग्रहों में कोई विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी गत मास की तरह शान्ति के ही माहोल में गुज़रेगा आप की आमदनी भी ज्यो की त्यों रहेगी परन्तु खर्च के नये नये परोग्राम बनते रहेगे जो आप के लिये परेशानी पैदा कर सकता है।

मार्च सातवां सूर्य तथा राहु आप को स्त्री पक्ष से चिन्तित रखेगा यदि आप अविवाहित हैं तो घर के किसी सदस्य के शरीर सम्बन्धित परेशानी का योग, परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुये किसी भय का कोई योग नही, विद्या प्राप्ति के लिये उतम महीना।

कन्या राशि का वर्षफल

नक्षत्र	उ फाल्गुनी			हस्त				चित्रा	
चरण	2	3	4	1	2	3	4	1	2
नामाक्षर	टो	पा	पी	पू	ष	ण	ठ	पे	पो



वर्ष के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना तथा एक ग्रह का वेध में होना शुभफल का सूचक है गोचर फलित के अनुसार सातवां चन्द्रमा, छठः बुध, आठवां शुक्र तथा ग्यारहवां शनि होने से धनलाभ, काम सुख, छोटी परन्तु लाभदायक यात्रायें, वाणिज्य व्यवसाय में लाभ, उतम भोजन, शरीर सुख, वाहन तथा ख्याति की प्राप्ति, धन, अन्न तथा उतम वस्त्रों की प्राप्ति अच्छी और मनोरंजक पुस्तकें पढने का अवसर मिलता है शत्रुओं पर विजय, शारीरिक तथा मानसिक सुख लेखन तथा वाद्यकला में ख्याति, धन की प्राप्ति, सुखों में वृद्धि, विलास की सामग्री में वृद्धि, कुटुम्बियों से धन तथा सुख की प्राप्ति, विद्या प्राप्ति का उतम योग, लाभ की प्राप्ति, लोहे, भूमि, मशीनरी, पत्थर, सीमेन्ट, कोयला आदि से लाभ, रोगों से मुक्ति, नौकरों से लाभ इत्यादि गोचर चक्र के ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि यह वर्ष कन्या राशि वालों के लिये हर प्रकार से लाभदायक तथा शान्ति प्रद रहेगा विशेष तौर से कारोबारी वर्ग वाले लोग लाभ में रहेंगे, हार्डव्यर वाले आशा से अधिक लाभ में रहेंगे। पांचवां भौम आप को सन्तानपक्ष से चिन्तित रखेगा यदि आप को सन्तानपक्ष से कोई चिन्ता है उस का समाधान इस वर्ष के उतरार्द्ध में होने की सम्भावना है यदि आप नौकरी की तलाश में है तो थोडा सा परिश्रम करनें से आप का यह मसला हल हो सकता है ग्यारहवां शनिदेव पांचवें भाव को देख रहा है शनि की दृष्टि मनहूस होने से यह आप के विद्या पर प्रभाव डाल सकता है क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये आप नित्य 'वहूरूपगर्भ' का पाठ करें।

कन्या राशि का मासिक फल

अप्रैल शुभ ग्रहों का पलडा भारी होना शुभफल को दरशाता है। आप जो भी कार्य करते है आपका काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, शत्रु पक्ष आप पर हावी होने का पूरा प्रयत्न करेगा परन्तु वह सफल नही होगा, आप की आमदनी भी सुदृढ रहेगी।

मई ग्रहों में विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी शान्ति के माहोल में गुजरेगा, आप जो भी कार्य करते हैं उस में आशा से अधिक सफलता तथा लाभ मिलने की सम्भावना। धार्मिक कार्यों की ओर अधिक प्रवृति।

जून मास के आरम्भ पर ग्यारहवें भाव में शनि तथा शुक्र का एक साथ होना धन लाभ का सूचक है आप जो भी कार्य करते हे उस में आशा से अधिक लाभ मिलेगा, सातवां भौम स्त्री पक्ष से अथवा गृहस्थ के किसी सदस्य के शरीर सम्वन्धि परेशानी रख सकता है, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

जुलाई माह के आरम्भ पर आठवां भौम आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है चोट का भय अथवा रक्त विकार का योग परन्तु किसी विशेष भय का कोई योग नही है, शेष आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा तथा आप की आमदनी भी सन्तोष जनक रहेगी।

अगस्त मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अस्त व्यस्त होने के कारण माह का पूर्वाद्ध संघर्ष में ही गुजरेगा, फजूल खरची का योग, यदि आप कारोबार करते है तो लोगों के पास पैसा फस जाने का योग अथवा हानि का भय। विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

सप्तम्बर मास के आरम्भ पर बारहवें भाव में सूर्य, बुध तथा शनि फजूल खर्ची तथा हानि का सूचक है। इस के अतिरिक्त यह आप के शरीर को भी प्रभावित कर सकते है परन्तु ग्यारहवां शुक्र आप की आमदनी को सुदृढ रखेगा, आठवां चन्द्रमा आप को मानसिक चिन्ता रख सकता है।

अक्टूबर ग्रहों की स्थिति को ध्यान में रखते हुये प्रतीत होता

है कि इस मास के ग्रह आप को शन्ति का सांस लेने नही देंगे, हर प्रकार से अशान्ति तथा संघर्ष का माहोल देखने को मिलेगा, विद्यार्थियों के लिये भी संघर्ष का महीना, यदि आप अविवाहित हैं या नौकरी की तलाश में है तो यह कार्य लटकता ही रहेगा।

नवम्बर शुभाशुभ ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आप जो भी कार्य करते हैं आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा तथा आपकी आमदनी सन्तोषजनक रहेगी, किसी पुण्यात्मा से मिलने का अवसर मिलेगा।

दिसम्बर माह के आरम्भ पर बृहस्पति का चौथे भाव में होना शुभफल का सूचक है यदि आप को किसी प्रकार से ज़मीन जाईदाद बेचने अथवा लेने का कोई मसला है, अथवा वाहन खरीदने का परोग्राम है तो इस प्रकार के मसले अवश्य हल हो जायेगें, दसवां भौम होने से दरबार में आदर व मान का योग।

जनवरी नये वर्ष के आरम्भ में ग्रहों के ...

होने के कारण नये वर्ष का पहला मास शन्ति पूर्वक तथा लाभदायक रहेगा। कारोवारी होने पर यदि आप अपने करोवार को बडाना चाहते है तो समय जाया मत कीजिये, ग्रह आप के अनुकूल है।

फ़रवरी शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रतीत होता है कि यह मास हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा यदि आप अविवाहित हैं तो इस मास में इस प्रकार की बात चल सकती है अथवा इस प्रकार की बात पक्की भी हो सकती है। विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से सफलता का महीना।

मार्च मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलडा भारी होने से इस मास का पूर्वाद्ध हर प्रकार से लाभ दायक रहेगा परन्तु फजूल खर्ची के अवसर भी आयेंगे तथा हानि की संम्भावना भी देखने में आती है परन्तु किसी विशेष भय का कोई योग नही है। नौकरी पेशा होने पर दरबार में आदर व मान का योग।

तुला राशि का वर्षफल

नक्षत्र	चित्रा		स्वाति				विशाखा		
चरण	3	4	1	2	3	4	1	2	3
नामाक्षर	रा	री	रु	रे	रो	ता	ति	तू	ते

वर्ष के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना तथा दो ग्रहों का वेध में होना शुभफल का संकते है गोचर फलित के अनुसार दूसरे भाव में बृहस्पति, छठे भाव में सूर्य, चन्द्रमा तथा पाचवां राहु होने से कार्य सिद्धि और सुख की प्राप्ति वस्त्रादि का लाभ शत्रुओं पर विजय रोगों का नाश, राज्याधिकारियों से लाभ, शरीर स्वस्थ, धन लाभ, स्वस्थ शरीर, यश और आनन्द की प्राप्ति महिलाओं से वार्तालाप का अवसर, अपने घर में सुखपूर्वक रहने का अवसर मिले, शत्रुओं की पराजय, रोगों का नाश खर्च ज्यादा। धन का आगमन, कुटुम्ब के सुख में वृद्धि, विवाह अथवा पुत्र जन्म का सुख, शत्रुओं के विरुद्ध कार्य करने की आवश्यकता, हर तरफ से मान तथा आदर का योग, परोपकार तथा दानादि की ओर प्रवृति बडती है चल सम्पति में वृद्धि इत्यादि इस के अतिरिक्त दो ग्रह बुध तथा शुक्र वेध में है जो शुभ फल को ही दरशाते है इन शुभ ग्रहों की स्थिति से यही प्रतीत होता है कि तुला राशि वालों का यह वर्ष



हर प्रकार से सफलता तथा लाभ से परिपूर्ण होगा। आप जो भी कार्य करते है वह अच्छी प्रकार से चलता रहेगा। आप की आमदनी तथा खर्च का डिपार्टम्यन्ट एक जैसा रहेगा, नौकरी पेशा होने पर दफतर में तथा समाज में हर प्रकार से आदर व मान का योग, पांचवां बुध विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से सफलता देने वाला रहेगा यदि आप उच्च शिक्षा के लिये कहीं विदेश इत्यादि जाना चाहते है तो ऐसा परोग्राम आवश्य बनाये, ग्रह आप के अनुकूल है। क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें।

देहि सौभाग्यम् आरोग्यं देहि में परमं सुखम्।
रूपं दहि जयं देहि यशो देहि द्विषोजहि।।

अर्थात् हे माँ ! मुझे सौभाग्य और आरोग्य दो, परम सुख दो, रूप दो, जय दो, यश दो और मेरे काम क्रोध आदि शत्रुओं का नाश करो।

तुला राशि का मासिक फल

अप्रैल मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलडा बारी होना शुभफल का सूचक नही है इस शुभाशुभ ग्रहों के योग से तुला राशि वालों का यह मास डावां डोल स्थिति में ही गुज़रेगा। विशेष तौर से आप की आमदनी प्रभावित होगी जो आप के लिये चिन्ता का कारण बनेगा, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

मई शुभाशुभ ग्रहों को देखने से विदित होता है कि यह मास तुला राशि वालों के लिये गतमास की अपेक्षा कुछ शान्ति दायक ही रहेगा। आप जो भी कार्य करते है आप का काम अच्छे प्रकार से चलता रहेगा। आप की आमदनी मे थोडा सा परिवर्तन होगा। विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

जून मास के आरम्भ पर आठवां सूर्य आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है यदि आप शरीर से पहले से ही अस्वस्थ है तो शरीर के विषय में सावधान रहें दूसरा बृहस्पति आप की आमदनी में वृद्धि कर सकता है। पांचवा राहु सन्तान पक्ष की ओर से चिन्ता रखेगा।

जुलाई मास के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों ने अपनी जगह बदल ली है जिस के प्रभाव से सामाजिक क्षेत्र में कुछ परिवर्तन, भाई बन्धु तथा रिशतेदारों के साथ मिलने जुलने का अवसर, दरबार में किसी प्रकार से पदोन्नति का कोई योग नही, यदि आप कारोबार करते है तो अपने काम में तन, मन से झुट जाए तभी कुछ लाभ की आशा रखें।

अगस्त मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ होना शुभफल का सूचक है विशेष तौर से दसवां सूर्य तथा बुध आप को दरबार में आदर व मान का सूचक है। पदोन्नति का योग, ग्यारंहवां शनि तथा शुक्र आप की आमदनी को प्रभावित कर सकते हैं। आप को आशा से अधिक लाभ।

सप्तम्बर मास के आरम्भ पर आठवां भौम आप के लिये शुभ फल का सूचक नही है यह आप को शरीर के विषय में परेशान कर

सकता है। रक्त विकार का योग अथवा चोट का भय यदि जातक में भौम की स्थिति अच्छी है तो किसी प्रकार का भय नही है। आप की आमदनी में विशेष वृद्धि होगी।

अक्टूबर मास के आरम्भ पर ग्रहो में थोडा वहुत परिवर्तन होने से खर्च का योग अधिक। घर पर कोई शुभ कार्य करने का परोग्राम वनेगा परन्तु आप की आमदनी में किसी प्रकार की कमी नही होगी, घर पर सगे सम्वन्धियों तथा मित्रों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा।

नवम्बर ग्रहो की स्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा। आप की आमदनी भी सन्तोषजनक वृद्धि रहेगी। पाचवां राहु सन्तान पक्ष से चिन्तित रख सकता है, दरवार में हर प्रकार से आदर व मान का योग।

दिसम्बर मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलडा भारी होना शुभ फल की ओर इशारा है आप जो भी कार्य करते है आप को आशा से अधिक लाभ, घर पर कोई शुभ कार्यक्रम का परोग्राम वनेगा, यदि आप नौकरी करते है तो पदोन्नति का योग, यदि आप कोई कारोवार करते है तो कारोबार में आशा से अधिक लाभ यदि आप अपने कारोबार को वडाना चाहते है तो समय जाया मत कीजिए।

जनवरी नये वर्ष का पहला मास कोई विशेष समाचार लेकर नही आ रहा है परन्तु आप की आमदनी सन्तोषजनक ही रहेगी। आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा। कारोवारी होने पर भी आप अपने कार्य को अच्छे प्रकार से चलाओगे। आमदनी भी ठीक ही रहेगी।

फरवरी मास के आरम्भ पर शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति एक जैसी होने से तुला राशि वालों का यह मास हर प्रकार से शुभ तथा सफलता देने वाला मास होगा यदि आप किसी प्रकार से किसी नशीली वस्तु का प्रयोग करते है तो हानि का मुह अवश्य देखना पडेगा, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

मार्च मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति को देखते हुये मालूम होता है कि यदि आप को जाईदाद सम्वन्धित कोई समस्या है उस समस्या का समाधान इस मास में अवश्य होगा। पांचवे भाव में दो क्रूर ग्रहों का होना सन्तान पक्ष की ओर से चिन्ता का योग, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

वृश्चिक राशि का वर्षफल

नक्षत्र	वि0	अनुराधा				ज्येष्ठा			
चरण	4	1	2	3	4	1	2	3	4
नामाक्षर	चु	चे	चो	ला	ली	लू	ले	लो	आ

वर्ष के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों का शुभ होना तथा दो ग्रहों का वेध में होना कोई विशेष शुभफल का संकते नही है गोचर फलित के अनुसार तीसरा मंगल होने से साहस में वृद्धि शत्रुओं पर विजय, धातुओं से धन की प्राप्ति वैयक्तिक प्रभाव में वृद्धि राज्य की ओर से सहायता, तर्क शक्ति में वृद्धि, धन की वृद्धि, चौथा बुध होने से माता को सुख, जमीन जायदाद में वृद्धि, अच्छे विद्वानों, भद्र पुरुषों तथा उच्च पदस्थ लोगों से मित्रता। घरेलू जीवन का अच्छा सुख इत्यादि परन्तु शेष ग्रहों का अशुभ होना वृश्चिक राशि वालों के लिये चिन्ता का ही संकते है। फलित ज्योतिष के अनुसार ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से विदित होता है कि कोई भी कार्य बिना संघर्ष



के सिद्ध होगा नही। आप यदि कारोबार करते है तो यह वर्ष आप के लिये हानि का संकेत लेकर आया है। अतः आप अपने काम में झुट जाये तथा बिना किसी कपटता से अपना कार्य करें। तभी कहीं कुछ लाभ की आशा रखें। यदि आप किसी नशीली वस्तु का सेवन करते हैं तो उस से अपने आप को दूर रखें नही तो बाद में पछताना पडेगा, यदि आप किसी सामाजिक संस्था के साथ कुछ सम्बन्ध रखते है तो उस में अनादर का मुंह देखना पडेगा यदि हो सके अपने आप को उस से दूर ही रखें यदि आप किसी धार्मिक संस्था के साथ कुछ सम्बन्ध रखते हैं तो वहां पर आदर मान का योग जो कि आप के भविष्य के लिये लाभदायक रहेगा। क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें।

सर्वा बाधा प्रशमनं त्र्य लोक्यस्या खिलेश्वरि।
एवं एव त्वया कार्यं अस्मत् वैरि विनाशनम्।।

अर्थात् है सर्वेश्वरि मां ! आप इसी प्रकार तीनों लोकों की समस्त बाधाओं को शान्त करो और हमारे शत्रुओं का नाश करती रहो।

वृश्चिक राशि का मासिक फल

अप्रैल मास के आरम्भ पर ग्रहों की अस्त व्यस्त स्थिति को देखने से विदित होता है कि मास संघर्ष के माहोल में गुज़रेगा आप की आमदनी भी सीमित ही रहेगी। आप जो भी कार्य करते है आप का कार्य बिना किसी रुकावट के सिद्ध होगा नही। विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

मई मास के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों का शुभ होना शुभफल का संकेत नही है। अपितु दौड धूप का ही संकेत है आप की आमदनी सीमित रहने पर भी किसी से मांगने की नौबत नही आयेगी, स्त्री पक्ष से कुछ लाभ की संभावना नौकरी पेशा होने पर दरबार की ओर से चिन्ता।

जून मास के आरम्भ पर तीन ग्रहों का शुभ होना ग्रहों के सुधार का सूचक है। इस से यह महीना कुछ शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा। विशेष तौर से आप की आर्थिक स्थिति तथा कारोबार में थोडा बहुत सुधार होगा, नौकरी पेशा होने पर दरबार में आदर व मान।

जुलाई मास के आरम्भ पर ग्रहों में कोई विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी गत मास की तरह कुछ शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा। आप की आमदनी भी ज्यों की त्यों रहेगी। खर्च करने का कोई बडा कार्यक्रम नही बनेगा। आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा।

अगस्त मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति कुछ विशेष उत्साहवर्धक न होने के कारण यह मास संघर्ष के माहोल में ही गुज़रेगा। आप के बने बनाये कार्यों के बिगडने के दृश्य देखने में आयेंगे, चारों और अशान्ति का माहोल देखने में आयेगा परन्तु किसी प्रकार की हानि का कोई योग नही है।

सितम्बर मास के आरम्भ पर चन्द्रमा, सूर्य, बुध तथा शुक्र की स्थिति में विशेष सुधार होने से यह महीना हर प्रकार से शान्ति तथा लाभ के वातावरण में गुज़रेगा। आप की आमदनी भी सन्तोषजनक रहेगी। दरबार में आदर व मान का योग तथा पदोन्नति का अवसर मिलेगा।

अक्टूबर ग्रहों की स्थिति को देखने से मालूम होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा। आप जो भी कार्य करते है वह अच्छे प्रकार से चलता रहेगा तथा आप को हर कार्य में सफलता तथा लाभ का योग यदि आप किसी माधक पदार्थ अथवा किसी नशीली वस्तु का प्रयोग करते है तो उस से दूर रहे तभी आप लाभ तथा सफलता की आशा रखें।

नवम्बर मास के आरम्भ पर आठवां भौम तथा वारहवां सूर्य तथा बुध आप के शरीर को प्रभावित कर सकते है विशेष तौर से रक्त विकार का योग अथवा सर दर्द इत्यादि यदि आप को जन्मचक्र से भी मंगल की स्थिति अच्छी नही है तो चोट का भय परन्तु चिन्ता की वात नही है।

दिसम्बर मास के आरम्भ पर वृहस्पति ने अपना स्थान वदला है तथा शुक्र भी वारहवें भाव में आया है। इन दोनों के प्रभाव से यह महीना हर प्रकार से लाभदायक रहेगा। आप जो भी कार्य करते है आप का कार्य यथावत चलता रहेगा। आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा, घर पर कोई मांगलिक कार्य करने का परोग्राम वनेगा।

जनवरी मास के आरम्भ पर पहला शुक्र दूसरा बुध, वृहस्पति तथा ग्यारहवां चन्द्रमा शुभ स्थिति में है। इन के प्रभाव से आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा तथा आप की आमदनी भी सन्तोष जनक रहेगी।

फरवरी मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से प्रतीत होता है कि आप की आमदनी आशा के अनुरूप रहेगी। घर पर सगे सम्वन्धियों मित्रों का आना जाना ज़ोरो पर रहेगा, धार्मिक कार्यो तथा सामाजिक कार्यो में रुचि वडती रहेगी। नौकरी पेशा होने पर दफतर का माहोल आप के अनुरूप रहेगा।

मार्च ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से प्रतीत होता है कि यह मास हर प्रकार से लाभ में ही रहेगा। आप की आमदनी में आशा से अधिक वढोतरी यदि आप कारोबार करते है तो करोबार में आशा से अधिक लाभ। सन्तान पक्ष की ओर से कोई शुभ सन्देश मिलने का योग, घर पर कोई शुभ कार्य

धनु राशि का वर्षफल

नक्षत्र	मूला				पूर्वाषाढा				उत्तरा0
चरण	1	2	3	4	1	2	3	4	1
नामाक्षर	ये	या	भा	भि	भु	फ	ढ	भ	भे

वर्ष के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति को वेधाष्टकवर्ग की कसौटी पर परखने से विदित होता है कि यह वर्ष धन राशि वालों के लिये पहले पहल संघर्षमय ही रहेगा। आप जो भी कार्य करते है उस में आशा के अनुरूप सफलता नही मिलेगी परन्तु किसी भी प्रकार की हानि का योग भी नही है केवल पांचवे शुक्र के शुभ होने से सन्तान पक्ष से किसी प्रकार के शुभ सन्देश मिलने का योग, अन्न और धन की प्राप्ति तथा उत्तम प्रकार का खाना, पीना, यश की वृद्धि, शत्रुओं पर विजय, विभागीय परीक्षाओं में सफलता का योग इत्यादि, यदि जातक मे ग्रहों की स्थिति अच्छी है तो किसी प्रकार का भय नही तथा आप का कार्य अच्छे प्रकार से चलता रहेगा तथा आमदनी भी सन्तोषजनक ही रहेगी, यदि जातक से भी ढांवा ढोल स्थिति है तो आप को हर एक कदम फूंक फूंक कर रखना होगा यदि आप नौकरी करते है तो अपने अफसर लोगों के साथ अनबन का योग जो कि आप के लिये परेशानी का कारण बनेगा,

यदि आप कारोबार करते हैं तो लोगों के पास पैसा फसने का योग। अतः आप सावधानी पूर्वक अपने कार्य में जुट जाएं नही तो हानी का मुह देखना पडेगा यदि आप नौकरी की तलाश में है तो बहुत दौडधूप करने पर ही आप का यह मसला हल हो जायेगा। विद्यार्थियों के लिये यह वर्ष हर प्रकार से लाभदायक तथा सफलतादायक है।

यदि आप क्रूर ग्रहों के क्रूर फल से बचना चाहते हैं तो इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें।

ओ३म् भूर्भुवः स्वः, तत्सवितुवरेण्यं, भर्गो देवस्य धीमहि, धियो यो नः प्रचोदयात्।

अर्थात् मैं उस शक्ति का चिन्तन करता हूं जो ॐ स्वरूप है, जो तीनों लोकों में व्याप्त है जिस को वेद 'तत्' नाम से पुकारते है जो इस सृष्टि को बनाती है, पालन करती है और नाश करती है जो वरण करने योग्य है जो तेज रूप है जो द्योतन शील है वह शक्ति मां मेरी बुद्धि को सत् कर्मो में प्रेरित करें।

धनु राशि का मासिक फल

अप्रैल ग्रहों की स्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा। आप की आमदनी भी सामान्य रहेगी। घर पर सगे सम्बन्धियों तथा मित्रों का आना जाना जोरों पर रहेगा यदि सनतानपक्ष से कोई परेशानी है तो वह दूर होगी।

मई ग्यारहवां चन्द्रमा का होना आर्थिक लाभ का संकेत है यदि आप कारोबार करते है तो आप को आशासे अधिक लाभ मिलेगा यदि आप नौकरी करते है तो पदोन्नति का योग जिस से आप की आर्थिक स्थिति सुधरेगी यदि आप नौकरी की तलाश में है तो ऐसा मसला इस महीने में हल होगा।

जून बारहवें भाव का चन्द्रमा, बृहस्पति तथा चौथा भौम आप के शरीर को अवश्य प्रभावित करेगा यदि आप को जातक से भी शरीर की स्थिति नरम ही है तो शरीर के सम्वन्ध में आप को सावधान रहना पडेगा यदि जातक की स्थिति अच्छी है तो किसी भय का योग नही है।

जुलाई मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति कुछ अस्तव्यस्त होने से यह महीना ढावां ढोल स्थिति में ही गुज़रेगा, फजूल खर्ची का योग तथा आप की आमदनी भी सीमित ही रहेगी जोकि आप के लिये परेशानी का कारण बन सकता है। स्त्री पक्ष से भी चिन्ता का योग।

अगस्त मास के आरम्भ पर ग्रहों में विशेष कोई परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी गतमास की तरह गुज़रेगा। आठवां सूर्य आप के शरीर को भी प्रभावित कर सकता है। आप की आमदनी भी सन्तोषजनक नही रहेगी। गृहस्थी होने पर स्त्री पक्ष की ओर से चिन्ता। विद्यार्थियों के लिये भी सघर्ष का महीना।

सितम्बर ग्रहों में कुछ सुधार होने के कारण यह महीना हर प्रकार से शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा। विगडे हुये कार्य फिर से रास्ते पर आने की सम्भावना धार्मिक तथा सामाजिक

कार्यो की ओर प्रवृति होगी। आमदनी में थोडा बहुत सुधार होने की संम्भावना, छठे भाव में मंगल होने से दरबार में आदर व मान का योग।

अक्टूबर मास के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना शुभफल का ही सूचक है इस शुभ योग से प्रत्येक कार्य में सफलता तथा लाभ का योग, घर पर कोई शुभकार्य करने का परोग्राम बन सकता है। जिस की प्रतीक्षा आप बहुत समय से कर रहे है। गृहस्थी होने पर स्त्री के शरीर सम्बन्धित परेशानी।

नवम्बर मास के आरम्भ पर ग्यारहवें भाव में सूर्य तथा बुध का होना आमदनी में आशा से अधिक वृद्धि का योग तथा बारहवां बृहस्पति होने से सार्थक धन का खर्च, आप जो भी कार्य करते है आप का कार्य अच्छे प्रकार से चलता रहेगा, अपने मित्रों, सगे-सम्बन्धियों के साथ अच्छे सम्बन्ध रहेगे।

दिसम्बर वर्ष का आखरी मास कोई विशेष सुखद समाचार ले कर नही आया है। सातवां भौम तथा बारहवां सूर्य तथा बुध आप के शरीर तथा गृहस्थ जीवन पर प्रभावित हो सकते है। इस कारण गृहस्थी होने पर गृहस्थ की ओर से परेशानी परन्तु आप की आमदनी सन्तोषजनक रहेगी। घर पर सगे-सम्बन्धियों का आना जाना जोरो पर रहेगा।

जनवरी ग्रहों की स्थिति से विदित होता है कि धनु राशि वालों के लिये यह मास अशान्ति के ही माहोल में गुज़रेगा। गोचर फलित में पहले भाव का बृहस्पति सूर्य तथा बुध शुभफल का सूचक नही है। यह बने बनाये कार्यो में रुकावट ला सकते है अतः आप जो भी कार्य करते है अपने कार्य में मन से जुट जाये।

फरवरी मास के आरम्भ पर ग्रहों में ऐसा परिवर्तन आया है कि यह मास हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल मे गुजरेगा, सातवां भौम आप को स्त्री पक्ष से कुछ परेशान रख सकता है, बारहवें भाव का चन्द्रमा आप को मानसिक चंचलता रख सकता है जो कि आप के लिये हानिकारक है।

मार्च मास के आरम्भ पर शुभाशुभ ग्रहों का पलडा एक जैसा होना शुभ फल को ही दर्शाता है तथा दूसरे भाव का बुध तथा शुक्र आप की आर्थिक स्थिति को सुदृढ करेगा, नौकरी पेशा होने पर दफतर में आदर व मान का योग, परन्तु स्त्री पक्ष से मानसिक आशान्ति का योग।

मकर राशि का वर्षफल

नक्षत्र	उत्तराषाढा			श्रावण				धनिष्ठा	
चरण	2	3	4	1	2	3	4	1	2
नामाक्षर	भो	जा	जी	खी	खू	खे	खो	गा	गी

वर्ष के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ स्थिति में होना शुभ फल का द्योतक है गोचर फलित के अनुसार तीसरा सूर्य तथा चन्द्रमा होने से रोगों से मुक्ति, सुख चैन, सज्जनों एवं उच्च राज्याधिकारियों से मेल मिलाप, पुत्रों तथा मित्रों से धन लाभ तथा सम्मान, लक्ष्मी तथा मान प्रतिष्ठा की प्राप्ति, पदोन्नति, स्वस्थ शरीर, शत्रुओं पर विजय वन्धुजनों से लाभ, जनता से प्रेम, भाग्य में वृद्धि, धन आभूषणों की प्राप्ति, भाषण शक्ति में वृद्धि और लाभ विद्या प्राप्ति का उत्तम योग, अच्छे खाद्य पदार्थों की प्राप्ति तथा सम्बन्धियों से धन की प्राप्ति, गोचर चक्र में ग्यारहवां बृहस्पति तथा चौथा शुक्र होने से धन और प्रतिष्ठा की वृद्धि, शत्रुओं की पराजय, समस्त कार्यो में सफलता विवाह अथवा पुत्र जन्म का योग, नौकरी में पदोन्नति



तथा व्यापार में वृद्धि, वैभव विलास के पदार्थ प्राप्त पुत्रों तथा राज्याधिकारियों से सुख, शुभकार्यो में रुचि तथा वृद्धि। मनोकामनायें पूर्ण, वैभवविलास वाहन इत्यादि की प्राप्ति, जनता से प्रेम तथा सर्म्पक में वडावा इत्यादि गोचर फलित में लिखा है।

ग्रहों की स्थिति को वेधाष्टकवर्ग की कसौटी पर परखने से विदित होता है कि मकर राशि वालों के लिये यह वर्ष हर प्रकार से सुख शान्ति, तथा लाभमय रहेगा। आप की आर्थिक स्थिति भी सन्तोष जनक रहेगी, घर पर कोई वडा कार्यक्रम वने गा जिस में सभी सगे सम्वधी सम्मिलित होंगे। पहले भाव का भौम आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुये किसी प्रकार के भय का कोई योग नही है। क्रूर ग्रहों के क्रूर प्रभाव को दूर करने के लिये आप नित्य इस मन्त्र का उच्चारण करें

विद्यावन्तं यशस्वन्तं लक्ष्मीवन्तं जनं कुरु।

रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।

अर्थात् हें मां ! आप अपने भक्तों को विद्वान्, यशस्वी और लक्ष्मीवान बनाओ तथा रूप दो, जय दो, यश दो और मेरे काम, क्रोध आदि शत्रुओं तथा क्रूर ग्रहों का नाश करो।

मकर राशि का मासिक फल

अप्रैल मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलडा भारी होने से आप का प्रत्येक कार्य बिना विध्न के सम्पन्न होगा। आप नौकरी करते हैं या कारोबार आप की आमदनी सन्तोषजनक रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आदर मान का योग, स्त्री पक्ष से किसी प्रकार से लाभ।

मई शुभ ग्रहों ने अपनी स्थिति को सुदृढ रखा है जिस के प्रभाव से यह महीना शान्ति तथा लाभ में रहेगा। नौकरी पेशा होने पर विभागीय पदोन्नति का योग जो कि आप की आमदनी को प्रभावित कर सकता है यदि आप को सन्तान पक्ष से किसी प्रकार की चिन्ता है उस का समाधान अवश्य होगा।

जून ग्रहों की स्थिति को देखने से मालूम होता है कि यह मास हर प्रकार से सुख के माहोल में गुज़रेगा। विशेप तौर से आप की आर्थिक स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। धार्मिक कार्यो की ओर प्रवृति बडेगी तथा सामाजिक क्षेत्र में आदर व मान का योग।

जुलाई मास के आरम्भ पर चौथे भाव का भौम आप के शरीर को थोडा बहुत प्रभावित कर सकता है विशेष तौर से रक्त विकार का योग बारहवां चन्द्रमा मानसिक अशान्ति का सूचक है परन्तु किसी प्रकार का भय नही है। आप जो भी कार्य करते हैं उस में हर प्रकार से सफलता तथा लाभ।

अगस्त मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति कुछ अस्थिर सी लगती है परन्तु बृहस्पति की स्थिति बहुत ही दृढ है इस कारण किसी प्रकार की हानि का कोई योग नही है क्योंकि गोचर फलित में भी बृहस्पति को एक अच्छा स्थान मिला है विशेष तौर से आप की आमदनी सन्तोषजनक रहेगी।

सप्तम्बर मास के आरम्भ पर ग्रहों में विशेष फेर बदल नही हुआ है इस कारण यह मास भी गतमास की तरह ही गुज़रेगा। आप की आमदनी भी ज्यों की त्यों रहेगी, घर पर किसी प्रकार का परोग्राम बनेगा जिस पर धन की मोटी रकम खर्च होगी। सन्तान पक्ष से कोई शुभ सन्देश का योग।

अक्टूबर छटे भाव का भौम, आठवां शुक्र, दसवां बुध तथा ग्यारहवे भाव का बृहस्पति आप के लिये कोई शुभ सन्देश लेकर आये है यदि आप के घर में किसी प्रकार की कोई समस्या है अथवा जमीन जाईदाद का कोई मसला है अथवा वाहन लाने का कोई परोग्राम है तो इस प्रकार के मसले अवश्य हल होंगे।

नवम्बर मास के आरम्भ पर ग्रहों में विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास की गत मास की तरह शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा। घर पर कोई शुभ कार्य करने का कार्यक्रम बनेगा। जिस में सभी सगे सम्बन्धी तथा मित्र सम्मिलित हूंगें।

दिसम्बर शुभ ग्रहों का पलडा भारी होने से आप की आर्थिक, सामाजिक स्थिति में विशेष सुधार आयेगा। ऐसे महानुभावों के साथ मिलने का अवसर मिलेगा जिस की प्रतीक्षा आप बहुत समय से कर रहे थे अथवा घर पर ऐसे व्यक्तियों अथवा महात्माओं का आना होगा जिस का आप ने कभी सोचा ही नही होगा।

जनवरी मास के आरम्भ पर बृहस्पति ग्यारहवां भाव छोड कर बारहवें भाव में आया है तथा साथ ही सूर्य तथा बुध साथ बैठे है जो कि शुभ फल का संकेत नही है इन के प्रभाव से फजूल खर्ची का योग अथवा किसी प्रकार की हानि का योग यदि आप कारोवार करते है तो अपने कारोवार को सीमित रखे।

फरवरी मास के आरम्भ पर केवल तीन ग्रहों का शुभ होना संघर्ष का ही सूचक है छटे भाव में भौम होने से शत्रुवर्ग आप पर हावी नही हो सकता है, धन फजूल खर्च करने का योग नौकरी पेशा होने पर अपने अफसर लोगों के साथ अनबन जो कि आप के लिये परेशानी का कारण बनेगा। विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

मार्च ग्रहों की स्थिति को वेधाष्टकवर्ग की कसौटी पर परखने से विदित होता है कि मकर राशि वालों के लिये यह मास संघर्ष तथा उत्थल पुत्थल माहोल में गुज़रेगा। आप जो भी कार्य करते है उस में रुकावट आने का योग, बने बनाये कार्य विगडने का योग, अपने सम्बन्धियों के साथ भी अनवन।

कुम्भ राशि का वर्षफल

नक्षत्र	धनिष्ठा		शतभिषजि				पू भाद्रपदा		
चरण	3	4	1	2	3	4	1	2	3
नामाक्षर	गू	गे	गो	सा	सी	सू	से	सो	दा

वर्ष के आरम्भ पर केवल तीन ग्रह शुभ स्थिति में है तथा तीन ग्रह वेध में है। गोचर फलित के अनुसार पहला राहु, तीसरा शुक्र तथा पांचवा शनि होने से आर्थिक स्थिति में सुधार, मित्रों में वृद्धि, शत्रुओं की पराजय साहस में वृद्धि, नौकरी का सुख, मान सम्मान में वृद्धि, भाग्योदय, राज्य की ओर से लाभ, बहन-भाइयों का सुख, धर्म में रुचि, धन, अन्न और सुख की वृद्धि, शत्रुओं पर विजय भूमि, मकान आदि की प्राप्ति, शरीर स्वस्थ, गृहस्थ सुख का योग इत्यादि तीन अशुभ ग्रहों का वेध में होना शुभ फल का ही द्योतक है क्योंकि ज्योतिष के अनुसार वेध में होने पर क्रूर ग्रह शुभफल को देता है इस कारण छ: ग्रहों का शुभ होना कुम्भ राशि वालों के लिये हर प्रकार से लाभदायक तथा शान्तिमय रहेगा, आप जिस प्रकार का भी कार्य करते है आप लाभ में रहेंगे। विशेष तोर से यदि आप नौकरी करते है तो दरबार में हर प्रकार से आदर व मान का योग अपने अफसर लोगों के साथ अच्छा सम्बन्ध रहेगा यदि आप को विभागीय पदोन्नति का कोई अधिकार



है तो आप को यह अधिकार अवश्य मिलेगा, शुत्रपक्ष भी मित्रों जैसा बरताव करेगा यदि आप किसी समाजिक अथवा सियासी संगठन से सम्बन्ध रखते है तो उस क्षेत्र में भी हर प्रकार से आदर व मान का योग तथा कोई विशेष पद मिलने को सम्भावना यदि आप किसी प्रकार का कारोबार करते है तो आप को सावधान रहने की जरूरत है नही तो आप को हानि का मुंह देखना पडेगा, बारहवा भौम आप के शरीर को भी प्रभावित कर सकता है, पाचवें भाव का स्वामी बुध लग्न में होने से विद्यार्थी वर्ग के लिये यह वर्ष सफलता देने वाला वर्ष रहेगा।

क्रूर ग्रह के प्रभाव को दूर करने के लिये आप नित्य इस मन्त्र का उच्चारण करें

देहि सौभाग्यं आरोग्यं देहि मे परमं सुखम्।
रूपं देहि जंय देहि यशो देहि द्विषो जहि।।

अथार्त् हे मां ! मुझे सौभाग्य ओर आरोग्य दो परम सुख दो, रूप दो, जय दो, यश दो और मेरे काम क्रोध आदि शत्रुओं तथा क्रूर ग्रहों का नाश करो।

कुम्भ राशि का मासिक फल

अप्रैल मास के आरम्भ पर पहले भाव का भौम और राहु आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है तथा आप के स्वभाव में क्रोध की मात्रा बडा सकता है, रक्त विकार इत्यादि का योग, आप की आमदनी सन्तोष जनक ही रहेगी। आप जो भी कार्य करते है आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

मई ग्रहों की स्थिति को देखने से मालूम पडता है कि इस मास के ग्रह आप के अनुकूल ही है विशेष तौर से छठः शनि आप के लिये ज्यादा लाभदायक रहेगा। वह आप के शत्रुवर्ग को हर समय दवाये रखेगा। जो आप के लिये लाभदायक रहेगा, दफतर का माहोल भी आप के लिये अनुकूल ही रहेगा।

जून शुभाशुभ ग्रहों का पलडा एक जैसा होने से यह महीना सामान्य रूप से गुजरेगा। आप की आमदनी ज्यों की त्यों रहेगी परन्तु खर्च के परोग्राम बनते रहेगें यदि आप को जमीन जाईदाद का कोई मसला है तो इस प्रकार के मसले अवश्य हल हो जायेगे। नौकरी पेशा होने पर दरबार का माहोल आप के अनुकूल रहेगा।

जुलाई पाचवें भाव का सूर्य तथा बुध आप को सन्तान पक्ष के विषय में चिन्तित रखेगा। चाहे वह उस के शिक्षा सम्बन्धित विषय हो अथवा नौकरी से सम्बन्धित हो अथवा उस के विवाह विषय में हो। शेष आप जो काम भी करते हैं आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा। विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

अगस्त चौथे भाव का भौम आप के शरीर को प्रभावित करेगा। यदि जातक से भी मंगल खराब है तो आप को शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये। पहले भाव का राहु आप को प्रायः घर से दूर रखेगा अथवा स्थान परिवर्तन का योग यदि आप अभी नौकरी की तलाश मे है तो इस महीने से इस

विषय में कुछ हो सकता है।

सप्तम्बर मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलडा भारी होना शुभ फल का संकेत नही है। इस कारण यह मास संघर्ष के माहोल में ही गुज़रेगा। आप के बने बनाये कार्यो में रुकावट का योग परन्तु आप की आमदनी पर किसी प्रकार का प्रभाव नही पडेगा। इस कारण आप की गाडी चलती रहेगी।

अक्टूबर ग्रहों की स्थिति कुछ अस्तव्यस्त होने से यह मास सर्वसाधारण रूप से ही गुज़रेगा कोई भी कार्य बिना रुकावट के सिद्ध होगा नही आप के सगे सम्बन्धी मित्र भी आप से दूरी ही रखेंगे। जो आप के लिये परेशानी का कारण बनेगा। आप की आमदनी भी सीमित ही रहेगी।

नवम्बर इस मास के ग्रहों की स्थिति भी गत मास की तरह ही है इस कारण यह मास भी दौडधूप की स्थिति में ही गुज़रेगा। आप की आमदनी तथा खर्च एक जैसा रहेगा। नौकरी पेशा होने पर अपने अफसर लोगो के साथ सम्बन्ध अच्छे न रहने के कारण मानसिक चिन्ता का योग, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

दिसम्बर वर्ष के अन्तिम महीने में ग्रहों में विशेष परिवर्तन आया है विशेष तौर से बृहस्पति देव आप के ग्यारहवें भाव में आये हैं तथा छः ग्रहों की स्थिति शुभ है। इस कारण यह महीना हर प्रकार से सुख और शान्ति के वातावरण में गुज़रेगा। आप की आमदनी में विशेष सुधार होगा। घर पर कोई शुभकार्य करने का परोग्राम बनेगा।

जनवरी मास के आरम्भ पर ग्यारहवें भाव में सूर्य बुध तथा बृहस्पति का होना शुभफल का संकेत है। बृहस्पति को फलित शास्त्रों में एक विशेष स्थान मिला है। इस ग्रह की स्थिति अच्छी होने से मनुष्य का जीवन एक सफल जीवन होता है। विशेष तौर से आप की आमदनी में विशेष वृद्धि होगी। विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

फरवरी मास के आरम्भ पर बारहवें भाव में सूर्य तथा बुध का होना शरीर सुख के लिये मध्यम विशेष तौर से सर दर्द अथवा आंखों में कुछ खराबी परन्तु ग्यारहवें भाव में बृहस्पति के होने से किसी विशेष हानि का कोई योग नही है। आप की आमदनी सन्तोषजनक रहेगी परन्तु साथ साथ खर्च के बडे बडे परोग्राम बनेंगे। विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से सफलता का योग।

मार्च मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलडा भारी होने

पर भी यह महीना हर प्रकार से शान्ति तथा लाभ में गुजरेगा। क्योंकि बृहस्पति तथा चन्द्रमा की स्थिति अच्छी होने से किसी प्रकार की अशान्ति तथा असफलता का कोई योग नही वनता है। आप की आमदनी भी अच्छी रहेगी। फजूल खर्च का कोई योग नही वनता है। विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

मीन राशि का वर्षफल

नक्षत्र	पू0	उत्तराभाद्रपदा				रेवती			
चरण	4	1	2	3	4	1	2	3	4
नामाक्षर	दी	दू	थ	झ	ञ	दे	दो	च	ची

वर्ष के आरम्भ पर चार ग्रह नवां बृहस्पति ग्यारहवा भौम, पहला चन्द्रमा तथा दूसरा शुक्र शुभ स्थिति में है गोचर फलित के अनुसार सुख और आनन्द की प्राप्ति, रोगों से मुक्ति, उत्तम भोजन, गृहस्थ सुख, धन प्राप्ति, जय आरोग्य और धन-धान्य की प्राप्ति, आमदनी में आशातीत वृद्धि। भूमि आदि से लाभ, भाइयों की ओर से लाभ, कार्यो में सफलता का



योग, धन में वृद्धि, पुत्र जन्म का योग, भाग्योदय राज्य में मान तथा पदोन्नति, हर कार्य में सफलता, भाइयों से सुख तथा लाभ, धार्मिक कार्यो में रुचि, धन की प्राप्ति शरीर स्वस्थ, उत्तम स्त्री सुख, सन्तान प्राप्ति का योग राज्य की ओर से मान, विद्या में उन्नति, गायन-वादन में रुचि, शत्रुओं का नाश इत्यादि चार शुभ ग्रहों, वेध में गये हुये ग्रहों तथा अशुभ ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि यह वर्ष मीन राशि वालों के लिये हर प्रकार से लाभदायक तथा सफलता देने वाला वर्ष रहेगा यदि ज़ातक से भी किसी अच्छे ग्रह की दशा चल रही है तो सोने पर सुहाग होगा। ऐसा न होने पर भी यह वर्ष मीन राशिवालों के लिये लाभ दायक ही रहेगा। नव बृहस्पति भाग्यस्थान में बैठा है यह एक शुभ फल का संकेत है विशेष तौर से आप की आर्थिक स्थिति बडेगी, बारहवां राहु तथा जन्म का सूर्य आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है परन्तु किसी विशेष हानि का कोई योग नही है। बारहवा राहु फजूल

खर्ची को भी दरशाता है यदि आप को जमीन जाईदाद का कोई मसला है। तो वह मसला इस वर्ष के पूर्वार्द्ध तक लटकता ही रहेगा, विद्यार्थियों में आलस्य की प्रवृति बडेगे। इस कारण उन को परिश्रम करने की आवश्यकता है तभी सफलता की आशा रखें। क्रूर ग्रह के प्रभाव को दूर करने के लिये आप नित्य इस मन्त्र का उच्चारण करें

विधेहि देवि कल्याणं विधेहि परमां श्रियम्।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।

अथार्त् हे देवि ! मेरा कल्याण करो, मुझे उत्तम सम्पति प्रदान करो, रूप दो, जय दो, यश दो तथा मेरे काम, क्रोध रूपी शत्रुओं तथा क्रूर ग्रहों का नाश करो।

मीन राशि का मासिक फल

अप्रैल : मास के आरम्भ पर बारहवें भाव में भौम तथा राहु का होना मनहूस माना जाता है। यह आप के शरीर को प्रभावित कर सकते है विशेष तौर से चोट का भय अथवा रक्त विकार का योग। भाग्यस्थान में मंगल का होना शुभ योग का सूचक है। यह आप की आमदनी को सन्तोषजनक रखेगा तथा धार्मिक कार्यो की ओर प्रवृति।

मई मास के आरम्भ ग्रहों में किसी प्रकार का बदलाव न आने के कारण यह मास भी गत मास की तरह ही गुज़रेगा। आप शरीर के विषय में सावधान रहें नही तो लेने के दने पडेगे। शेष आप जो भी कार्य करते है आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा। विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

जून मास के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना तथा विशेष तौर से नवें भाव में बृहस्पति का होना हर प्रकार से शुभ तथा सफलता देने वाला है परन्तु पहले भाव का भौम आप के स्वभाव में गुस्से की मात्रा को बडा सकता है तथा आप के शरीर को अस्वस्थ भी रख सकता है।

जुलाई मास के आरम्भ पर भौम ने अपना स्थान बदल दिया है जिस के प्रभाव से शरीर स्वस्थ रहने का योग, बारहवें भाव में राहु का होना फजूल खर्ची का द्योतक है।

शेष आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा। आप की आमदनी में यदि किसी प्रकार की वडोत्तरी नही होगी परन्तु किसी प्रकार की कमी भी नही होगी।

अगस्त केवल तीन ग्रहों का शुभ होना संघर्ष तथा दौड धूप का सूचक है परन्तु किसी प्रकार की हानि का कोई योग नही है क्योंकि बृहस्पति भाग्यस्थान में बैठा है। आप जो भी कार्य करते है नौकरी या कारोवार आप की आमदनी ठीक ही रहेगी। पुत्र पक्ष की और से मानसिक चिन्ता, वारहवें भाव में चन्द्रमा तथा राहु रहने से मानसिक चंचलता का योग।

सप्तम्बर मास के आरम्भ पर ग्रहों में विशेष परिवर्तन आया है और छः ग्रहों की स्थिति शुभ है। इस शुभ योग से हर कार्य में सफलता तथा लाभ। घर पर कोई शुभ कार्य करने का परोग्राम वनेगा जिस की प्रतीक्षा में आप बहुत समय से थे। नौकरी पेशा होने पर पदोन्नति का योग तथा दफतर में आदर व मान का योग, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

अक्टूबर मास के आरम्भ पर चौथे भाव में मंगल का होना शरीर सुख के लिये मध्यम माना जाता है यदि जातक में भी भौम की स्थिति ठीक नही है तो आप को शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिए, नवां बृहस्पति आप के गोचर चक्र में एक रक्षक के समान है इस कारण किसी प्रकार की हानि का कोई योग नही है।

नवम्बर यह मास भी गत मास की तरह ही गुज़रेगा। क्योंकि ग्रहों की स्थिति में किसी प्रकार का वदलाव नही आया है आप की आमदनी ज्यों की त्यों रहेगी। खर्च के कार्यक्रम में भी किसी प्रकार की कमी नही आयेगी, बृहस्पति आप की आमदनी को सन्तोषजनक रखेगा।

दिसम्बर मास के आरम्भ पर बृहस्पति आप के दसवें भाव में आया है परन्तु गोचर चक्र में दसवें भाव का बृहस्पति शुभफल का सूचक नही है। इस कारण इस महीने से बृहस्पति की स्थिति बहुत ही कमजोर होगी जिस कारण बने बनाये कार्य विगड सकते है। परन्तु ऐसा होने पर भी आप की आमदनी स्थिर रहेगी।

जनवरी मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ होना शुभफल की ओर इशारा है। आप जो भी कार्य करते है आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा। नौकरी पेशा होने पर दफतर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा तथा अफसर लोग भी आप के काम पर सन्तुष्ट रहेगे। पदोन्नति का योग भी बनता है।

फरवरी मास के आरम्भ पर चौथे भाव का भौम आप को शरीर से अस्वस्थ रख सकता है परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुये किसी प्रकार के भय का कोई योग नही है आप की आमदनी भी कार्य के अनुसार ठीक ही रहेगी परन्तु खर्च का योग वी प्रवल है।

मार्च वारहवा सूर्य, राहु तथा चौथा भौम आप के शरीर को अस्वस्थ रख सकते है। आप जो भी कार्य करते है आप का काम अच्छी प्रकार से चलता रहेगा। खर्च के अनुसार ही आप की आमदनी भी रहेगी, फजूल खर्च का योग भी बनता है, कारोबारी होने पर हानि का योग भी वनता है। विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

साढ-सत्ती 2007

मिथुन कर्कट सिंह कन्या

मिथुन

मिथुन राशि वालों की साढसत्ती 1 नवम्बर 2006 को समाप्त हुई थी जबकि शनि देव सिंह राशि में आया था परन्तु 10 जनवरी 2007 को शनि देव वक्री होकर फिर से कर्कट राशि में आया और मिथुन राशि वालों की साढसत्ती फिर से आरम्भ हुई अब 16 जुलाई 2007 को शनि देव फिर से सिंह राशि में प्रवेश करता है और मिथुन राशि वालों की साढसत्ती पूर्णरूप से समाप्त होगी, 10 जनवरी 2007 से 16 जुलाई 2007 का समय मिथुन राशि वालों के लिये परेशानी का ही समय रहेगा क्योंकि शनि का वक्री होना भी अशुभ फल का सूचक है शनि के कुप्रभाव को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण रोज़ करें।

ॐ शं न्नो देवी-रभिष्टये आपो भवन्तु पीतये
शंय्योरभि स्रवन्तु नः।।

कर्कट राशि वालों की साढसत्ती 23 जुलाई 2002 को आरम्भ हुई है तथा 1 सिप्तम्बर 2009 को समाप्त होगी जब शनि देव कन्या राशि में प्रवेश करेगा। 16 जूलाई 2007 तक शनि देव आप के तीसरे, सातवें तथा दरबार को देख रहा है, शनि की दृष्टि फलित शास्त्र में मनहूस मानी जाती है इस कारण भाई बन्धु से अनबन, गृहस्थ की ओर से मानसिक अशान्ति तथा दरबार में अपने अफसर लोगों के साथ अनबन। 16 जुलाई को शनि सिंह राशि में आकर आप के चौथे आठवे तथा ग्यारहवे भाव को देख रहा है जिस से जमीन, जाईदाद की बिक्री में हानि तथा आप की आर्थिक स्थिति को शनि देव प्रभावित कर सकता है। क्रूर ग्रह के फल को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य किया करें।

नमस्ते रौद्र देहाय नमस्ते चान्तकाय च।
नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते शौरये विभो।।

सिंह राशि वालों की साढसत्ती 6 सप्तम्बर 2004 को आरम्भ हुई है और 15 नवम्बर 2011 को जब शनि देव तुला राशि में प्रवेश करेगा समाप्त होगी। साढसत्ती का प्रभाव प्राय: बुरा ही होता परन्तु यदि जन्म कुण्डली में शनि की स्थिति अच्छी हो तो साढसत्ती आप के लिये सोने पर सुहाग का कार्य करेगी यदि जन्म कुण्डली में शनि की स्थिति डावां डोल है तो साढसत्ती का प्रभाव भी आप पर बुरा ही होगा। यह प्राय: आप की आमदनी को प्रभावित कर सकता है जो आप के लिये अशान्ति का कारण बनेगा, शनि के क्रूर प्रभाव को कम करने के लिये जन्म दिन पर नवग्रहों का पाठ करें तथा नित्य इस मन्त्र का उच्चारण करें।

नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोस्तुते।
प्रसादं कुरु देवेश दनस्य प्रणतस्यच।

राशि वालों की साढसत्ती वास्तव में 1 नवम्बर 2006 को आरम्भ हुई है 10 जनवरी 2007 को शनि वक्री हो कर कर्कट राशि में आता है तो कन्या राशि वालों की साढसत्ती 10 जनवरी 2007 से 15 जुलाई 2007 तक समाप्त होती है फिर 16 जुलाई को शनि देव सिंह राशि में आता है और कन्या राशि वालों की साढसत्ती फिर से आरम्भ होगी और 2 नवम्बर 2014 को समाप्त होगी। कन्या राशि वालों को

साढसत्ती का पहला चरण ही है इस कारण साढसत्ती का कुप्रभाव आप पर ज्यादा नही होगा। विशेष तौर से यदि आप नौकरी करते है तो अपने अफसर लोगों के साथ अच्छी प्रकार व्यवहार करना, व्यापारी वर्ग के लिये आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष लाभदायक ही रहेगा परन्तु शरीर के विषय में सावधान रहना। क्रूर प्रभाव को शान्त करने के लिये नित्य बहुरूप गर्भ का पाठ करें।

ढय्या

मेष वृष धनु मकर

मेष राशि वालों की ढय्या 16 जुलाई 2007 को समाप्त होगी। शनि वक्री होने के कारण 10 जनवरी 2007 से आप को दुबारा ढय्या आरम्भ हुई। शनि का वक्री होना शुभ फल का सूचक नही है इस कारण मेष राशि वालों को ढय्या का कुप्रभाव सहन करना ही पडेगा।

वृष राशि वालों की ढय्या फिर से 16 जुलाई को आरम्भ होगी, शनि का आप के चौथे भाव मे होना आप के लिये लाभ का ही सूचक है यदि आपको जमीन जाईदाद, का कोई मसला है वह मसला अवश्य हल होगा, यदि आप मकान इत्यादि के विषय मे चिन्तित है तो इस प्रकार की चिन्ता अवश्य दूर होगी यदि आप वाहन इत्यादि लाना चाहते है तो अवश्य लायें ग्रह आप के अनुकूल है यदि आप नौकरी करते है तो दरबार का माहोल आप के प्रतिकूल रहेगा। जो आप के लिये चिन्ता का कारण बनेगा।

धनु राशि वालों की ढय्या 16 जुलाई 2007 को समाप्त हो गी। शनि आप के आठवें भाव में बैठ कर आप के दसवें, दूसरे तथा पांचवे भाव को देख रहा है अर्थात् शनि आप के दरबार, धन तथा सन्तान पक्ष को प्रभावित कर सकता है यदि आप नौकरी करते है तो अपने कार्य में ईमानदारी से लगें रहे नही तो आप को झूठा इलज़ाम लगने की सम्भावना है, सन्तान पक्ष की ओर से चिन्ता।

मकर मकर राशि वालों की ढय्या 16 जुलाई 2007 से आरम्भ होगी, शनि मकर राशि का स्वामी है इस कारण मकर राशि वालों के लिये ढय्या ज्यादा कुप्रभाव नही डालेगी यदि जातक से शनि की स्थिति अच्छी है तो ढय्या का आना एक प्रकार का शुभ फल का संकेत है यदि ऐसा नही तो फिर थोडा सा कुप्रभाव डालने में पीछे नही रहेगा।

ऋतु पति

प्रेप्युन में ऋतुपति नारायण का नाम आता है वहां अपने अपने मास का ऋतुपति पढना होता है इसी कारण यहां पर हर मास का ऋतुपति नारायण लिख रहा हूं।

वैशाखे:- शोभासहिताये, जनार्दनाय, विभूति सहिताये, मधुसूदनाये
ज्येष्ठे:- महिमा सहिताये, उपेन्द्राय, इच्छा सहिताये, त्रिविक्रमाये
आषाढे:- लक्ष्मी सहिताय, यज्ञ पुरुषाय, धरनी सहिताय, वामनाय
श्रावणे:- कान्ति सहिताय, वासुदेवाय, रतिसहिताय, श्रीधराय
भाद्रपदे:- प्राप्रिसहिताय, हरये, माया सहिताय, हृषिकेषाय
आश्विने:- पराकाम्या सहिताय, योगीश्वराय, धी सहिताय, पद्मनाभाय
कार्तिके:- लिगमासहिताय, पुण्डरी काक्षाय, गरिमासहिताय, दामूदराय
मार्ग शीर्षे:- रुक्षर्मणि सहिताय, कृष्णाय, श्री सहिताय केशवाय,
पौषे:- प्रियासहिताय अनन्ताय, वाङ्गीश्वरी सहिताय, नारायणाय
माघे:- प्रीतिरसहिताय, अच्युताय, कान्ता सहिताय, माधवाय
फाल्गुने:- शक्ति सहिताय, चक्रिणे, क्रयासहिताय, गोविन्दाय
चैत्रे:- सिद्धि सहिताय, वैकुण्ठाय, मतिसहिताय, विष्णवे

तर्पण के लिये कुछ जानकारी

तपर्ण करते समय पहले महीना, पक्ष, तिथि और वार का नाम लें उस के पश्चात पित्रों का नाम लें जैसे:-

मास:- वैशाख मासस्य ज्येष्ठ मासस्य, आषाढ मासस्य, श्रावण मासस्य, भाद्रमासस्य, अश्विन मासस्य, कार्तिक मासस्य, मार्गमासस्य, पौष मासस्य, माघ मासस्य, फाल्गुन मासस्य, चैत्र मासस्य।

पक्ष:- शुक्लपक्षस्य, कृष्णपक्षस्य।

तिथि:- प्रतिपदि, द्वितीयस्यां, तृतीयस्यां, चर्तुथ्यां, पंचम्यां, षष्ठयां, सप्तम्यां, अष्टम्यां, नवम्यां, दशम्यां, एकादशयां, द्वादश्यां, त्रयोदश्यां, चतुर्दश्यां, पूर्णिमायां, अमावस्यां।

वार:-

रविवार : रविवासरानितायां, सोमवार : सोमवासरानितायां
मंगलवार : मंगलवासरानितायां, बुधवार : बुधवासरानितायां
गुरुवार : गुरुवासरानितायां, शुक्रवार : शुक्रवासरानितायां
शनिवार : शनिवासरानितायां।

पित्रों का नाम लेने की विधि :-

पिता :- पित्रे (पिता का नाम) पितामहे (दादा का नाम) प्रपितामहे (परदादा का नाम)

मात्रे :- मात्रे (माता का नाम) माता की सास (पितामहे) माता की सास की सास (प्रपितामहे)

नानाः- मातामाहे (परनाना) प्रमातामाह्ये (उसका पिता) वृद्ध प्रमातामाह्ये

नानीः- मातामह्यै (परनानी) प्रमातामह्यै (उस की सास) वृद्ध प्रमातामह्यै

तपर्ण करते समय यह खयाल रखें कि यदि मातापिता जीवित हैं तो उन का नाम न लीजिये, पित्रों के नाम के साथ गोत्र का नाम भी लेना होता है जैसे

तत्सत् ब्रह्म, अध्य तावत् तिथौ अद्य माघ मासस्य कृष्ण पक्षस्य, तिथौ अमावस्यां, मंगल वासरानितायां पित्रे विष्णुदराय, भारद्वाजाय, पितामहाये कृष्णदराय, भारद्वाजाये प्रपितामहाये राज्यदराय भारद्वाजाये, मात्रे लीला वती देवयै, भारद्वाज्यै पितामह्यै अमरावती देव्यै, भारद्वाज्यै पितामह्यै अरनदती देव्यै भारद्वाज्यैः।

यहां पर "भारद्वाज" गोत्र का नाम है।

यदि तिथि "दि" हो तो दोतिथियां पढ़ी जाती हैं यथा द्वितीयस्यां परता तृतीयस्यां।

देवगौण के दिन मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं है

शास्त्री जी कहते थे

1 हर काश्मीरी घर में बोलचाल काश्मीरी भाषा में होनी चाहिये।

2 काश्मीर को शरदा पीठ कहते हैं अतः शारदालिपि सीखिये।

3 काश्मीरी विद्यार्थियों को चाहिये उत्तर की ओर (काश्मीर की ओर) मुख करके विद्याध्ययन के समय बैठा करें निश्चय रखिय सफलता अवश्य होगी।

4 जन्म दिन होया कोई शुभ त्यौहार पीला चावल (तहर) जरूर बनायें यह काश्मीरी पण्डितों की एक पहचान है इस में कोई तामसिक पदार्थ न डालें।

5 गण्डुन, धर नावय तथा महन्दी रात के दिन "वरी" में तामसिक पदार्थ न डालें।

6 बुजर्गों को हाथ जोड कर प्रणाम कीजिये, माता-पिता से बढ कर कोई गुरु नहीं है हर कष्ट से बचने का उपाय है माता पिता की सेवा करना तथा आदर करना।

7 माता-पिता का श्राद्ध दिन भूलिये मत उस दिन अवश्य किसी दरिद्र नारायण की यथा शक्ति सेवा करें।

8 श्राद्ध के दिन मांस बनाना या खाना उस पितर को नरक में घसीटना है

9 जन्मदिन पर मांस बनाना या खाना उस मनुष्य की आयु कम करना है

10 महिलाये तथा लड़कियां बाल न काटें, बाल काटना अपशकुन है

शारदा पढ़िये

शारदा लिपि काश्मीरी पण्डितों की प्राचीन मंस्कृति का चिन्ह है, हमारे पूर्वजों ने अथाह प्रयत्न से इस सुन्दर लिपि को बनाया है, काश्मीर के प्राचीन शैव, तान्त्रिक ऐतिहासिक तथा कर्मकाण्ड सम्बन्धित सभी ग्रंथ इसी शारदा लिपि में लिखे गये परन्तु आजकल यह लिपि मृत प्राय हो चुकी है इस का पुनरुद्धार करना प्रत्येक काश्मीरी पण्डित का कर्तव्य है। हम ने शारदा लिपि का प्राईमर बनाया है आप को हमारे कार्यालय से मुफ्त मिल सकता है।




व्यञ्जन
क ख ग घ ङ
च छ ज झ ञ
ट ठ ड ढ ण
त थ द ध न
प फ ब भ म
य र ल व श ष स ह क्ष त्र ज्ञ
मात्रा
आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ए ऐ ओ औ अं अः

आमदन खर्च का चित्र

राशि	मेष	वृष	मि	कर्क	सिं	कं	तु	वृं	धं	मं	कुं	मी
लाभ	11	5	11	5	8	11	5	11	8	2	2	8
हानि	14	8	5	2	14	5	8	14	5	8	8	5

आमदनी और खर्च के अंकों के जोड़ से एक कम करके आठ पर भाग दीजिये, यदि

(1) एक बाकी बचे:- तो यह वर्ष सुख शान्ति के वातावरण में तथा आदर मान से व्यतीत होगा, यदि आप नौकरी करते हैं तो अचानक तर्की की सम्भावना है यदि आप नौकरी के तलाश में हैं तो प्रयत्न करने पर अवश्य सफलता होगी, यदि आप तिजारत करते हैं तो आप कारोबार को विशाल बनाने के निमित्त बेखटके धन लगायें, आप के कारोबर को विशाल बनाने के निमित्त यह वर्ष रिकार्ड होगा, कारोबार सम्बन्धित प्रत्येक काम में आप को लाभ रहेगा, विद्यार्थियों के लिये भी यह वर्ष अनुकूल है आप प्रयत्न कीजिये आशा से अधिक सफलता होगी।

(2) दो बाकी बचे:- जिन तर्की की आशाओं को लेकर आप बहुत समय से प्रतीक्षा कर रहे हैं प्रायः सभी आशायें पूर्ण होंगी हर आरम्भ किये हुये कार्य में सफलता निश्चित रूप से होगी, सफलता के साथ साथ आदरमान की दृष्टि से भी यह वर्ष उत्तम रहेगा, आप परिश्रम कीजिये ग्रह आप के सहायक हैं। यदि आप व्योपारी हैं आपका व्योपार यदि खाद्य पदार्थों से सम्बन्धित है तो उत्तम लाभ की आशा रखें, यदि आप कपड़े सम्बन्धित काम करते हैं तो लाभ की आशा न रखें, किरयाना लोहा मशीनरी सम्बन्धित काम करने वाले व्योपारी लाभ में रहेंगे, यदि आप का काम फलों बागों से सम्बन्धित है तो दौड़-धूप अधिक परन्तु अन्त में जाकर आपने खसारा में ही रहना होगा। नौकरी पेशा

होने पर नौकरी सम्बन्धित कोई समस्या क्यों न हो जरा सी सावधानी से कदम उठाने पर हर समस्या का समाधान होगा, हर पहलू से उत्तम समय होने पर भी शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये, शरीर को स्वस्थ रखने के लिये उपाय के रूप में किसी भी मादक द्रव्य का सेवन न करें रविवार को निश्चित रूप से वैष्णव रहें।

(3) तीन बाकी बचे:- तो यह वर्ष संघर्ष को होगा, कोई भी कार्य उलझनों व रुकावटों का सामना किये बिना सफल नहीं होगा, घरेलू परेशानियां भी आप को घेरी रखेंगी केवल परिवार में सन्तान पक्ष से शन्ति रहेगी घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा जिस में अधिक से अधिक धन राशि का व्यय होगा शरीर के विषय में सावधान रहिये चोट आदि लगने का भी अन्देशा है, किसी रिश्तेदार मित्र अथवा किसी विश्वासपात्र से धोखा लगने का योग है, उपाय के रूप में 'हनुमान चालिसा' अथवा 'बहुरूपगर्भ' का पाठ नियम से करें किसी भी दिन नागा न करें, यदि किसी दिन पाठ न कर सकोगे तो दूसरे दिन भी उस दिन का पाठ करें, यदि आप विद्यार्थी हैं आप को इस वर्ष सावधान रहना चाहिये रात दिन परिश्रिम करने पर ही सफलता की आशा रखें, वह सफलता भी इच्छानुसार नहीं होगी, यदि आप इस वर्ष सफलता चाहते हैं तो नियम से घर के किसी वृद्ध सदस्य अथवा माता-पिता के चरणों को प्रातः प्रणाम् करके नित्य उन से आर्शिवाद प्राप्त करें।

(4) यदि चार बाकी बचे:- तो यह वर्ष संघर्ष तथा दौड़-धूप में ही गुजरेगा हर एक कार्य में कोई न कोई उलझन खड़ी होगी, यदि आप नौकरी पेशा है तो मर्जी के उलट स्थान परिवर्तन होगा, गृहस्थी होने पर घरेलू परेशानियां आप को घेरी रखेंगी, आमदनी इस वर्ष ज्यों की त्यों बनी रहेगी परन्तु खर्च के नये-नये रास्ते निकल आयेंगे यदि आप व्योपारी हैं, तो लेनदेन के विषय में सावधान रहें अचानक धोखा लगने का अन्देशा है, लेनदेन अथवा धन के सम्बन्ध में किसी गैर का विश्वास न कीजिये बाद में पछताना पडेगा, जायदाद सम्बन्धित कोई झगडा खड़ा होने का अन्देशा है, जायदाद सम्बन्धित किसी झगड़े का आरम्भ दिख पड़ते ही आपस में सुलह करने में दिलचस्पी रखें नहीं तो अन्त में हानि उठानी पड़ेगी। यदि आप विद्यार्थी हैं इस वर्ष पठनपाठन के विषय में सावधान रहें ज़रा सी ढील करने पर पास होने की आशा न रखें उपाय के रूप में नित्य प्रातःकाल उठ कर घर के किसी वृद्ध विशेषतया माता-पिता के

चरणों का स्पर्श करके आशीर्वाद प्राप्त करें निश्चय रखिये वह आशीर्वाद रामवाण का काम करेगा।

5 शेष बचे:- तो वर्ष भर मानसिक अशान्ति बनी रहेगी, कोई भी कार्य विना रुकावट के सफल नहीं होगा. वर्षभर घरेलू परेशानियों से छुटकारा नहीं मिलेगा. धन की दशा भी डांवा डोल रहेगी. कभी धन आवश्यकता अनुसार मिलता रहेगा कभी तंगदस्ती से भी दुचार होना पडेगा, कभी अचानक लाभ की भी सम्भावना है। उस लाभ की आशा में अधिक विश्वास न रखें. उपाय के रूप में, घर में कोई महोत्सव या मकान आदि बनाने का प्रोग्राम बनाये एवं शुभकामों में लगे रहना आपके लिये शान्ति का कारण बनेगा, यदि यात्रा का प्रोग्राम बनें अवश्य बनायें घर की अपेक्षा आप यात्रा में सुखी रहेंगे, विद्यार्थी वर्ग को चेतावनी है कि आप पढ़ाई में आलस्य न करें परिश्रम करने पर आप अच्छी पोजिशन में सफल होंगे।

6. शेष बचना:- आपके वर्ष भर की शान्ति की सूचना है, आपको किसी महापुरुष से संयाग होगा जो आप की मानसिक शान्ति का कारण बनेगा, कोई भी कार्य जो आप हाथ में लेंगे उस में अवश्य सफलता होगी, आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी, मान की दृष्टि से यह वर्ष उत्तम रहेगा, सामाजिक तथा धार्मिक कामों से दिलचस्पी बनी रहेंगी, नौकरी पेशा वर्ग के लिये यद्यपि यह वर्ष दौड़-धूप तथा संघर्ष का ही होगा परन्तु मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, व्योपारी वर्ग भी लाभ में रहेगा, विद्यार्थियों के लिये, यह वर्ष सफलता का है, धन लाभ के साथ-साथ खर्च का योग भी बलवान है. प्रायः खर्च शुभकामों में ही होगा घर में विवाह आदि महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा।

7 शेष बचें:- तो इस वर्ष आपका भाग्योदय होगा. आप केवल प्रोग्राम ही न बनायें अपितु हर प्रोग्राम को अमली रूप देने का प्रयत्न कीजिये, इस वर्ष ग्रह अनुकूल हैं आपके कठिन से कठिन काम को सफल बनाने में सहायक होंगे, यदि आप गृहस्थी हैं तो घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम अवश्य बनेगा, यदि आप मकान या जायदाद बनाने का विचार रखते हैं तो इस वर्ष इस शुभ अवसर को हाथ से न जाने दें यदि आप व्यापार करते हैं, या नौकरी अथवा विद्यार्थी हैं आप का हर काम जरा सा ध्यान देने से अवश्य सफल होगा, सम्भव है आपको यात्रा का प्रोग्राम बने इसमें भी सन्तोषजनक सफलता होगी. आपका स्वास्थ भी इस वर्ष ठीक रहेगा, धन लाभ के साथ-साथ खर्च का भी योग है।

8 शेष बचें:- अर्थात यदि कुछ न बचे तो वर्ष भर संघर्ष तथा दौड़ धूप का माहोल रहेगा है, गृहस्थी होने पर घरेलू परेशानियां आप का पीछा छोड़ेंगी नहीं, यदि आप नौकरी करते हैं, तो दफ्तर में प्रायः मन अशान्त रहेगा सम्बन्धित अफसरों से अनबन रहेगी, नौकरी सम्बन्धित तरर्की की कोई आशा न रखें, हर एक कार्य ज्यों का त्यों लटकता रहेगा, यदि आप व्योपार करते हैं परश्रिम बहुत करना होगा परन्तु पल्ले कुछ नहीं पडेगा। यदि आप विद्यार्थी हैं परिश्रम करने पर भी सन्तोषजनक सफलता नहीं होगी, यद्यपि यह वर्ष हर पहलू से ढीला ही रहेगा ऐसा होने पर भी धार्मिक प्रवृत्ति, सामाजिक कामों से दिलचस्पी बनी रहेगी, उपाय के रूप में आप हर सोमवार को भगवान् शंकर पर जल चढाया करें।

जातक मिलाप–प्रकरण

बल देखने की विधि:- लग्न और चन्द्रमा से वर वधू की जन्माकुण्डली के पहले चौथे, 7वें, 8वें, 12वें घर में जितने पापग्रह होगें उतने बल मानिये, एक पाप ग्रह का एक बल माना जाता है। बृहस्पति और शुक्र एक घर में इकट्ठे हों तो उसका भी एक बल मानिये यदि लड़के के जन्म कुण्डली में शुक्र से चौथे, 8वें, घर में कोई पाप ग्रह हों तो उतने बल लड़के के ओर मान लीजिए, राक्षस जाति का भी एक बल मानिये।

नक्षत्र:- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु तिष्या आश्लेषा, मघा, पूर्वाफाल्गुनी उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनूराधा ज्येष्ठा, मूल, पूर्वषाढा, उत्तराषाढा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषक पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद्, रेवती।

षष्टाष्टक:- लड़के अथवा लड़की की राशि से आठवीं और छठी राशि षष्टाष्टक कहलाती है, जैसे मिथुन मकर।

नवपंचक:- लड़के अथवा लड़की की राशि से नवीं और पाँचवी राशि नवपंचक कहलाती है। जैसे मेष और सिंह।

द्विर्द्वादशी:- लड़के अथवा लड़की की राशि से दूसरी या बारहवीं हो तो द्विर्द्वादशी कहलाती है। जैसे मेष और मीन।

जातक मिलाप सारिणी

वधू ↓	वर →	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अशि.	भर.	कृत्ति.	कृत्ति.	रोहि.	मृग.	मृग.	आर्द्र.	पुन.	पुन.	ति.	आश्ले.	मघ	पूफा	उफा.	उफा.	हस्त	चि.
मेष	अशिवन	28	33	28	18	24	23	26	17	18	23	31	27	20	24	15	11	11	13
	भरण	33	28	29	18	27	15	18	26	26	31	24	25	19	17	24	19	19	6
	कृत्तिका	27	28	28	18	10	17	20	20	20	25	27	23	16	19	20	15	15	19
वृष	कृत्तिका	19	19	19	28	19	27	17	17	17	21	23	19	19	22	22	20	21	23
	रोहिणी	24	24	11	20	28	36	27	23	22	26	27	13	11	25	27	26	26	19
	मृगशिरा	24	15	19	27	35	29	19	24	23	26	19	12	20	16	25	23	26	12
मिथुन	मृगशिरा	27	18	23	19	26	20	28	33	31	20	11	15	24	21	29	31	34	20
	आर्द्रा	19	27	22	19	25	26	34	28	25	12	21	13	22	28	21	25	25	27
	पुनर्वसु	19	26	22	19	22	23	32	24	28	14	21	16	22	26	20	24	25	27
कर्क	पुनर्वसु	22	29	25	21	24	25	18	10	13	28	34	29	17	21	15	17	18	20
	तिष्या	30	21	27	23	25	18	11	19	24	34	28	29	19	15	24	26	26	12
	आश्लेषा	25	23	22	19	12	21	13	12	15	29	29	28	15	16	18	21	20	26
सिंह	मघा	19	19	16	17	11	18	21	21	20	17	19	16	28	30	27	15	15	20
	पूफा	25	17	19	20	24	16	19	27	26	23	17	17	30	28	34	24	21	6
	उफा	19	27	22	23	27	26	29	22	22	17	26	20	27	34	28	18	17	15
कन्या	उफा	11	21	16	21	26	24	32	22	24	18	28	21	16	23	17	28	27	25
	हस्त	11	19	16	21	24	25	32	19	24	18	27	22	16	21	15	26	28	28
	चित्रा	13	5	19	23	19	11	19	26	25	20	12	26	22	7	14	25	27	28

जातक मिलाप सारिणी

वधू ↓	वर →	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
		चि.	स्वा.	विशा.	विशा.	अनू.	ज्ये.	मूल.	पूषा	उषा	उषा.	श्रव.	धनि.	धनि.	शत.	पूभा.	पूभा.	उभा.	रेव.
मेष	अश्विन	23	27	28	19	25	15	13	28	23	25	26	21	21	15	16	15	24	26
	भरण	15	28	29	19	18	20	20	18	26	28	26	10	10	20	24	23	17	26
	कृत्तिका	28	14	28	17	20	26	25	19	12	14	14	25	25	26	18	18	20	13
वृष	कृत्तिका	22	9	19	22	25	30	22	15	7	12	11	25	29	30	23	20	22	13
	रोहिणी	18	15	11	15	30	24	14	20	11	16	18	19	25	24	29	26	27	19
	मृगशिरा	11	25	19	24	22	25	15	11	17	22	26	12	18	26	28	25	18	27
मिथुन	मृगशिरा	13	27	23	13	13	14	23	19	25	20	24	10	12	21	23	24	17	26
	आर्द्रा	20	27	22	14	19	5	15	28	27	22	23	17	19	12	17	19	26	26
	पुनर्वसु	20	27	22	15	21	6	14	27	27	22	23	17	19	13	16	18	27	26
कर्क	पुनर्वसु	19	27	25	19	25	11	8	21	21	26	27	21	12	6	10	16	25	25
	तिष्या	11	25	27	19	17	21	18	13	21	26	27	13	4	13	18	26	18	26
	आश्लेषा	26	12	22	16	19	26	23	16	8	13	13	26	17	18	11	18	20	12
सिंह	मघा	24	11	16	25	25	32	24	19	9	4	5	18	24	25	18	18	19	12
	पूफा	10	25	19	24	23	25	20	17	24	19	19	6	11	19	24	24	17	25
	उफा	18	27	22	25	31	17	9	25	25	20	20	12	18	11	16	16	27	25
कन्या	उफा	17	26	16	18	26	12	14	30	30	24	24	24	17	10	15	17	28	26
	हस्त	20	27	16	20	26	14	15	27	29	23	24	20	19	11	14	16	26	26
	चित्रा	19	19	19	27	11	25	27	13	21	16	17	16	16	24	17	19	10	19

जातक मिलाप सारिणी

वधू ↓	वर →	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अश्वि.	भर.	कृत्ति.	कृत्ति.	रोहि.	मृग.	मृग.	आद्र.	पुन.	पुन.	ति.	आश्ले.	मघ.	पूफा	उफा.	उफा.	हस्त	चि.
तुला	चित्रा	22	14	28	23	19	11	12	20	19	19	11	25	25	11	18	18	20	20
	स्वाती	28	30	18	13	17	27	27	26	27	28	28	16	14	26	26	26	28	21
	विशाखा	21	22	20	15	9	17	19	20	20	21	2	17	17	19	18	18	19	26
वृश्चिक	विशाखा	17	17	15	20	14	22	11	13	10	18	18	15	25	23	22	17	18	26
	अनूराधा	24	15	19	24	28	21	10	15	20	25	17	20	25	21	29	24	25	11
	ज्येष्ठा	10	18	23	29	23	30	12	2	4	10	20	25	31	24	16	11	11	24
धनु	मूला	12	19	25	20	13	13	21	14	12	8	18	23	24	18	20	13	13	26
	पूषा	26	19	18	13	19	11	19	27	27	23	15	17	19	17	25	29	27	12
	उषा	24	26	12	6	10	17	25	26	27	23	23	9	9	24	25	29	29	20
मकर	उषा	27	29	15	12	16	23	19	25	22	28	28	14	5	20	21	24	24	16
	श्रवण	28	27	15	12	17	26	23	20	22	28	28	14	6	19	20	23	24	17
	धनिष्ठ	20	11	26	24	19	11	8	16	15	21	13	27	19	5	11	16	17	15
कुम्भ	धनिष्ठ	20	11	25	30	26	18	11	18	17	12	4	18	25	11	19	18	19	17
	शतभि	15	21	27	31	25	27	20	12	12	7	13	19	26	20	12	11	11	25
	पूभा	18	25	20	24	30	30	24	17	17	12	20	12	19	25	17	16	16	18
मीन	पूभा	15	21	17	19	26	26	24	18	18	17	25	18	17	23	15	16	16	18
	उभा	24	16	19	21	26	18	17	25	27	26	19	20	18	15	26	27	26	9
	रेवती	25	26	11	13	17	26	25	24	25	25	26	13	12	23	23	24	25	19

जातक मिलाप सारिणी

वधू ↓	वर →	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
		वि.	स्वा.	विशा.	विशा.	अनू.	ज्ये.	मूल.	पूषा	उषा.	उषा.	श्रव.	धनि.	धनि.	शत.	पूभा.	पूभा.	उभा.	रेव.
तुला	चित्रा	28	27	34	23	7	21	27	13	21	24	25	23	18	26	19	12	3	12
	स्वाती	28	28	20	10	20	19	23	27	19	23	23	28	21	22	25	19	19	11
	विशाखा	34	19	28	18	18	22	28	21	13	16	16	30	26	26	30	14	13	4
वृश्चिक	विशाखा	27	7	15	28	27	32	22	16	8	11	11	25	24	26	20	29	18	10
	अनूराधा	7	21	16	28	28	31	16	14	22	25	26	12	11	20	25	24	18	26
	ज्येष्ठा	20	15	19	32	30	28	14	17	17	20	20	25	26	19	10	10	20	20
धनु	मूला	26	21	26	23	17	16	28	28	26	14	15	19	29	22	15	17	15	26
	पूषा	12	27	20	17	16	18	27	28	34	22	23	6	15	24	29	30	23	31
	उषा	20	19	12	9	24	18	25	35	28	18	15	14	23	24	29	30	31	23
मकर	उषा	23	22	15	12	17	27	15	24	17	28	27	26	16	17	22	30	31	23
	श्रवण	24	22	15	12	27	21	14	23	15	26	28	27	17	18	21	29	30	24
	धनिष्ठ	29	24	29	26	12	26	21	7	15	26	27	28	17	23	18	25	15	23
कुम्भ	धनिष्ठ	18	20	25	25	11	25	30	16	25	17	18	18	28	33	28	17	7	14
	शतभि	26	21	21	27	20	18	25	25	25	17	18	24	23	28	29	8	15	16
	पूभा	19	26	20	21	27	11	15	30	30	23	23	18	27	29	28	16	22	20
मीन	पूभा	11	19	13	19	25	10	14	29	29	29	23	25	16	7	15	28	33	31
	उभा	2	19	12	18	18	20	24	22	30	30	30	15	6	15	21	33	28	33
	रेवती	12	10	4	11	26	21	26	29	21	24	22	23	14	16	18	30	33	28

राशि कूट चक्र

मित्र षष्टाष्टक	मेष+वृश्चिक	मिथुन+मकर	सिंह+मीन	तुला+वृष	धनु+कर्क	कुम्भ+कन्या
शत्रु षष्टाष्टक	वृष+धनु	कर्क+कुम्भ	कन्या+मेष	वृश्चिक+मिथुन	मकर+सिंह	मीन+तुला
मित्र नवपंचक	मेष+सिंह	मिथुन+तुला	सिंह+धनु	तुला+कुम्भ	धनु+मेष	कुम्भ+मिथुन
शत्रु नवपंचक	वृष+कन्या	कर्क+वृश्चिक	कन्या+मकर	वृश्चिक+मीन	मकर+वृष	मीन+कर्क
मित्र द्विर्द्वादशी	मेष+मीन	मिथुन+वृष	सिंह+कर्क	तुला+कन्या	धनु+वृश्चिक	कुम्भ+मकर
शत्रु द्विर्द्वादशी	वृष+मेष	कर्क+मिथुन	कन्या+सिंह	वृश्चिक+तुला	मकर+धनु	मीन+कुम्भ

देखने की विधिः- मेष राशि की वृश्चिक राशि के साथ मित्र षष्टाष्क है जो शुभ है इसी प्रकार वृष राशि का धनु राशि के साथ शत्रु षष्टाष्टक है जो मिलाप के लिए अशुभ है।

नोटः- मित्रषाष्टाष्टक, मित्रनवपंचक, मित्रद्विर्द्वादशी निषेध नहीं-अपितु शुभफलदायक है।

नाड़ी देखने का चित्र

आद्य नाड़ी	अश्वि	आर्द्रा	पुन	उफा	हस्त	ज्येष्ठा	मूला	शत	पूभा
मध्य नाड़ी	भर	मृग	तिष्या	पूफा	चित्रा	अनू	पूषा	धनि	उभा
अन्त्य नाड़ी	कृति	रोहि	आश्ले	मघा	स्वाति	विशा	उषा	श्रव	रेव

नाड़ी देखने की विधिः- जन्मपत्री मिलाने के लिए दोनों वधू-वर का नक्षत्र अवश्य मालूम होना चाहिए यदि दोनों का नक्षत्र आद्य नाडी की पंक्ति में हो तो आद्य नाड़ी दोष होता है, ऐसे ही यदि दोनों का नक्षत्र मध्यनाड़ी की पंक्ति

में हो तो मध्य नाड़ी दोष होता है, यदि दोनों वर-वधू का नक्षत्र अन्त्य नाड़ी की पंक्ति में हो तो अन्त्य नाड़ी दोष होता है। नाड़ी दोष विशेष हानिकारक माना जाता है।

जाती देखने का चित्र

देव जाति	अनू	मृग	श्रवण	पुनर्व.	रेवती	स्वाति	हस्त	तिष्या	अश्वि
मनुष्य जाति	पूषा	पूफा	पूभा.	उफा.	उषा	रोहि	भर	आद्रा	उभा
राक्षस जाति	मघा	आश्ले	धनि	कृति	ज्येष्ठा	मूला	शत	चित्रा	विशा

देखने की विधिः- अनूराधा नक्षत्र होने पर देवजाति, ऐसे ही पूर्व फाल्गुनी नक्षत्र के लिए मनुष्य जाति, मघा नक्षत्र की राक्षस जातिः-

देव जाति ÷ राक्षस जाति = मध्यम
राक्षस जाति ÷ देव जाति = मध्यम
राक्षस जाति ÷ मनुष्य जाति = अशुभ

मनुष्य जाति ÷ देव जाति = शुभ
देव जाति ÷ मनुष्य जाति = शुभ
मनुष्य जाति ÷ राक्षस जाति = अशुभ

दोनों लड़के तथा लड़की की एक ही जाति का होना शुभफल होता है, विशेषतया यदि लड़की की जाति राक्षस हो और लड़के की मनुष्य जाति हो तो विशेष हानिकारक होती है।

वधू-वर मिलाप सारिणी देखने की विधिः-

जन्मपत्री मिलान के लिए वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रहमैत्री, गण, भकूट, नाड़ी यह आठ मानिये पर्चे होते हैं यदि वर्ण आपस में (वधू वर का) मिले तो एक गुण मानिये। 1 अंक मिलता है, जब वश्य का आपस में मिलान होगा, तो

के दो अंक यानी 2 गुण मिलते हैं ऐसी ही क्रमशः तारा के मिलान में 3 गुण योनि के मिलान में 4 गुण होते हैं अर्थात् 8 पर्वों में क्रमशः 1+2+3+4+5+6+7+8 कुल मिलाकर 36 गुण होते हैं, वधू वर के मिलान में 36 में से 18 गुण मिले तो विवाह शुभफलदायक होगा।

सारिणी देखने के लिये दोनों लड़के, लड़की की जन्मराशि का ज्ञान होना आवश्यक है, मानिये लड़के की राशि है मेष और लड़की की राशि है मिथुन। मेष राशि वाले का नक्षत्र होगा अश्विनी, भरणी अथवा कृतिका ओर मिथुन राशि वाले का नक्षत्र होगा मृगशिर, आर्द्रा पुनर्वसु, सारिणी में देखिये हर राशि के नीचे नक्षत्र लिखे हैं। उदाहरण के रूप में मानिये लड़के की राशि है मेष और नक्षत्र है भरणी, ऐसे ही लड़की की राशि है मिथुन मानिये नक्षत्र है **मृगशिर-सारिणी में देखियेः-** भरणी नक्षत्र की खड़ी पंक्ति और मृगशिर की पड़ी पंक्ति जहां आपस में मिलती है वहां सारिणी में 18 दर्ज हैं, यानी वधू-वर के मिलान में 18 गुण हैं, इसलिये यह मिलान शुभ है। दूसरा उदाहरण देखिये, लड़के की राशि है सिंह और नक्षत्र है मघा, लड़की की राशि है कन्या और नक्षत्र है "हस्त" सारिणी में देखिये "मघा" नक्षत्र की खड़ी पंक्ति और हस्त की पड़ी पंक्ति में केवल 16 गुण मिलते हैं अतः मिलाप शुभ नहीं होगा।

मंगल दोष विचार

1. **शनि भौमोथवा कश्चित् पापोवा तादृशोभवेत्।**
   तेष्वेव भवनेषु भौम दोष विनाशकृत्।।

   जिस जन्म कुण्डली में वह लड़की की हो या लड़के की 1, 4, 7, 8, 12वें घर में यदि मंगल हो उसी के जवाब में, जन्मचक्र से अथवा राशि चक्र से कोई क्रूरग्रह (यह आवश्यक नहीं मंगल ही हो) सूर्य, भौम, शनि, राहु इन्हीं घरों में यानी 1, 4, 7, 8, 12वाँ हों तो मंगल का दोष नहीं होता है।

2. **"अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके कुजे,**
   द्यूने मृगे कर्किचाष्टे भौम दोषो न विद्यते।।"

   लड़के अथवा लड़की की कुण्डली में, लग्न में मेष राशि का मंगल हो, वृश्चिक का मंगल चौथा हो,

मकर राशि में सातवाँ हो, कर्क का आठवां हो, धनु का बारहवाँ हो तो भौम का यानी मंगल का दोष नहीं होता है।

3. सप्तमस्थो यदा भौमो गुरुणा च निरीक्षितः
तदातु सर्वसौरण्यं स्यात् मंगलीदोष नाशकृत्।।
यदि सातवाँ मंगल हो, उस पर बृहस्पति की दृष्टि हो तो मंगल का दोष नहीं होता है।

4. भौम यदि वक्री, नीच, अस्त अथवा शत्रु के घर में हो तो मंगल का दोष नहीं होता है।

नाड़ी दोष अपवाद

1. लड़के अथवा लड़की का नक्षत्र यदि रेवती, रोहिणी, मृगशिर, तिष्या, कृतिका, उत्तराभाद्रपद्, श्रवणी, आर्द्रा तथा ज्येष्ठा हो तो नाड़ी दोष नहीं होता है।
2. यदि लड़के-लड़की में से एक की राशि कन्या और दूसरे की मिथुन, एक ही धनु, दूसरे की मीन, एक की तुला, दूसरे की राशि वृष हो तो नाड़ी दोष नहीं होता है।
3. वर तथा कन्या की राशि एक हो परन्तु नक्षत्र अलग-अलग हो तो नाड़ी दोष नहीं होता है अथवा वर तथा कन्या का नक्षत्र एक हो और राशि अलग-अलग हों तो नाडी दोष नहीं होता है।
4. नाड़ी दोष होने पर यदि पाद भेद हो तो भी नाड़ी दोष नहीं होता है।
5. वर और वधू के राशि स्वामियों अथवा नवांश स्वामियों की यदि आपस में मित्रता हो-तो राक्षस जाति तथा षष्ठाष्टक आदि का दोष नहीं होता है।

यात्रा प्रकरण

यात्रा के लिए उत्तम नक्षत्रः- अश्विनी, पुनर्वसु, अनुराधा, तिष्या, मृगशिर, रेवती हस्त धनिष्ठा।

यात्रा के लिए निषेध नक्षत्रः- भरणी, कृतिका, आर्द्रा, आश्लेषा, मघा, चित्रा, स्वाति, विशाखा।

यात्रा के लिये मध्यम नक्षत्रः- रोहिणी, उत्तराफा०, उत्तराषाढ़ा, उत्तरभा०, पूर्वाफा, पूर्वाषा, ज्येष्ठा, मूला, शतभिषक्।

यात्रा के लिये अशुभ योगः- कालदण्डः धौम्यः, ध्वांक्षः, उन्मूलम्, मुस्लम्, मुद्गरम्, काण्डः, क्षयः, शूलम्।

यात्रा के लिये अशुभ चन्द्रमाः- अपनी राशि से चौथा, आठवाँ, बारहवाँ।

यदि यात्रा को जाना आवश्यक हो तोः- बृहस्पतिवार, शुक्रवार, रविवार को रात्रि में यात्रा को जाने में कोई दोष न मानिये, ऐसी ही सोमवार, शनिवार और मंगलवार-इन तीन वारों का दोष दिन को न मानिये।

वार दोष निवारण के लियेः- रविवार को सुपारी खाकर यात्रा को जायें, सोमवार को दूध अथवा खीर, मंगलवार को आँवला अथवा कांजी, खट्टी पदार्थ, बुधवार को मीठा, बृहस्पतिवार को दही, शुक्रवार को कच्चा दूध, शनिवार को उड़द अथवा तहर।

घातचन्द्र—घातवार

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन	राशि
1	5	9	2	6	10	3	7	4	8	11	12	चन्द्र
रवि	शनि	सोम	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	भौम	गुरु	शुक्र	वार

मेष राशि वालों के लिए पहला घात चन्द्रमा है, ऐसे ही रविवार भी घातवार है, घातचन्द्रमा केवल यात्रा के लिये निषेध है।

यात्रा के लिए उत्तम योगिनी तथा चन्द्रमा

दिशा	वार	बायें योगिनी	पीछे योगिनी	सन्मुख चन्द्रमा	दायां चन्द्रमा
पूर्व	रवि, भौम, बुध, गुरु, शुक्र	द्वितीया दशमी,	षष्ठी चतुर्द,	मेष, सिंह, धनु,	मकर, कन्या, वृष,
पश्चिम	सोम, बुध, गुरु, शनि,	पंचमी, त्रायो,	प्रतिपदा, नवमी,	मिथुन, तुला, कुंभ	कर्क, वृश्चि, मीन
दक्षिण	सोम, भौम, बुध, शुक्र	प्रतिपद् नवमी	द्वितीया, दशमी	मकर, कन्या, वृष,	मिथुन, तुला, कुम्भ
उत्तर	सोम, शुक्र, शनि, रवि	षष्ठी, चतुर्द	पंचमी, त्रयोदशी	कक, वृश्चिक, मीन	मेष, सिंह, धनु

देखने की विधि:

शत्रु मित्र चक्रम्

सूर्य का चन्द्रमा, भौम और गुरु मित्र है, शुक्र, शनि, राहु शत्रु है, बुध सूर्य का न शत्रु न मित्र हैं।

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	बृहस्पति	शुक्र	शनि	राहु
मित्र	चन्द्र भौम गुरु	सूर्य बुध	सूर्य चन्द्र गुरु	सूर्य शुक्र राहु	सूर्य चन्द्र भौम	बुध शुक्र राहु	बुध शुक्र राहु	बुध शुक्र शनि
शत्रु	शुक्र शनि राहु	राहु	बुध राहु	चन्द्र	बुध शुक्र	सूर्य	सूर्य चन्द्र भौम	सूर्य चन्द्र भौम
सम	बुध	भौम शुक्र गुरु, शनि	शुक्र शनि	भौम गुरु शनि	शनि राहु	भौम गुरु	गुरु	गुरु

जन्म राशि की प्रधानता

विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रह गोचरे। जन्म राशेः प्रधानत्वं नाम राशि न चिन्तयेत्।। विवाहादि समस्त मंगल कार्य, यात्रा ग्रह दशा इत्यादि में जन्म राशि की ही प्रधानता है नाम राशि की नहीं। इस कारण जन्म राशि को ही देखना चाहिये।

ॐ

पाठ प्रकरण

इस पाठ प्रकरण में मैंने संस्कृत श्लोकों का इस प्रकार सन्धिछेद किया है जो व्याकरण के अनुसार अशुद्ध है परन्तु यह पाठ प्रकरण उन महानुभावों के लिए है जो संस्कृत अच्छी प्रकार से पढ़ नहीं सकते हैं यह जनता जर्नादन की मांग है तथा समय की आवश्यकता है इस लिये किसी प्रकार की आलोचना की जरूरत नहीं है

सम्पादक

नित्य नियम विधि

प्रातः काल ब्राह्मी मुहूर्त में नीन्द से उठते ही, दोनों हाथों की हथेलियों को देखते हुये पढ़ें:-

कराग्रे वसते लक्ष्मीः कर मध्ये सरस्वती । करमूले स्थितो ब्रह्मा प्रभाते कर दर्शनम्।।

अर्थः- हाथ के अग्रभाग में लक्ष्मी, हाथ के मध्य भाग में सरस्वती और हाथ के मूलभाग में ब्रह्माजी निवास करते हैं।

विस्तरे से उठने पर यह श्लोक पढ़ें:-

समुद्र वसने देवि पर्वतस्तनं मण्डिते । विष्णु पत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।।

अर्थः- समुद्ररूपी वस्त्रों को धरण करने वाली, पर्वत रूपस्तनों से शोभायमान भगवान् विष्णु की पत्नी पृथ्वी देवी! आप मेरे पाद-स्पर्श को क्षमा करें।

शौच आदि से निवृत होकर बायां पैर धोते हुए पढ़ें:- **नमोस्त्वनन्ताय सहस्रमूर्तये सहस्रपादाक्षि-शिरोरु बाहवे। सहस्र-नाम्ने पुरुषाय शाश्वते, सहस्रकोटी-युगधारिणे नमः।**

दायां पैर धोते हुए पढ़ें:- **ॐ नमः कमलनाभाय-नमस्ते जल शायिने। नमस्ते केशवानन्त-वासुदेव नमोस्तुते।**

मुंह धोते हुए पढ़ें:- **गंगा, प्रयाग, गयनै मिष पुष्करादि-तीर्थानि, यानि भुवि सन्ति-हरिप्रसादात् आयान्तु तानि करपद्मपुटे मदीये प्रक्षालयन्तु वदनस्य निशाकलंकम्। तीर्थे स्नेयं तीर्थमेव समानानां भवति मा नः शंस्यो अरुरुषो धूर्ति प्राणङ् मर्त्यस्य रक्षाणो ब्रह्मणस्पते।**

मुंह धोकर यज्ञोपवीत धोते हुए तीन बार पढ़ें:- ॐ गायत्र्यै नमः। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्-वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

यज्ञोपवीत गले में फिर से धरण करते हुए पढ़ें:- यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्-आयुष्यम्-अग्र्यं प्रतिमुंच शुभ्रं, यज्ञोपवीतं बलम्-अस्तु तेजः। यज्ञोपवीतम्-असि यज्ञस्यत्वा-उपवीतेन- उपनह्यामि।।

स्नान इत्यादि करके पूर्व दिशा की ओर मुंह करके धूप, दीप जला कर शुद्ध आसन पर बैठ कर आदि देव-भगवान् गणेश का ध्यान करते हुए पढ़ें:-

प्रातः-स्मरामि-गणनाथम्-अनाथ बन्धुं, सिन्दूर-पूरपरि-शोभित-गण्ड-युग्मम्।
उद्दण्ड-विघ्न-परि-खण्डन-चण्ड-दण्डम्, आखण्ड-लादि-सुरनायक-वृन्द-वन्द्यम्।।

अर्थः- अनाथों के बन्धु, सिन्दूर से शोभायमान दोनों गण्ड-मुकट वाले, प्रबल विध्न का नाश करने में समर्थ एवं इन्द्रादि देवों से नमस्कार किये हुये श्री गणेश का मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

प्रातः-स्मरामि-भवभीति-महार्ति-नाशं, नारायणं-गरुड-वाहनम्-अब्जनाभम्।
ग्राहाभिभूत-वर-वारण-मुक्ति-हेतुं, चक्रायुधं-तरुण-वारिज-पत्र-नेत्रम्।।

अर्थः- संसार के भयरूपी महान् दुःख को नष्ट करने वाले, मगरमच्छ से गजराज को मुक्त करने वाले, चक्रधारी एवं कमलदल के समान नेत्र वाले, पद्मनाभ गरुडवाहन् भगवान् श्री विष्णु का मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

प्रातः स्मरामि भव-भीतिहरं-सुरेशं, गङ्गाधारं वृषभ-वाहनम्-अम्बिकेशम्।
खट्वाङ्ग-शूल-वरदा-भय-हस्तम्-ईशं, संसार-रोगहरम्-औषधम्-अद्वितीयम्।।

अर्थः- संसार के भय को नष्ट करने वाले, सुरेश गङ्गाधर, वृषभवाहन, पार्वतीपति हाथ में खट्वाङ्ग एवं त्रिशूल लिये हुये और संसार के रोगों का नाश करने के लिये अद्वितीय औषध-स्वरूप अभय एवं वरद मुद्रा युक्त हस्त वाले भगवान् शिव का मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

ब्रह्मा-मुरारिः-त्रिपुरान्तकारी, भानुः-शशी-भूमिसुतो-बुधश्च।
गुरुश्च-शुक्रः-शनि-राहु-केतवः, कुर्वन्तु-सर्वे-मम-सु प्रभातम्।।

अर्थः- ब्रह्मा, विष्णु, शिव, सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु ये सभी मेरे प्रातः काल को मंगलमय करे।

भृगुः वसिष्ठः क्रतुः, अङ्गिगराश्च, मनुः पुलस्त्यः पुलहश्च गौतमः।
रैभ्यो मरीचिः-च्यवनश्च दक्षः, कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

अर्थः-भृगु, वसिष्ठ, क्रतु, अगिरा, मनु, पुलस्त्य, पुलह, गौतम, रैभ्य, मरीचि, च्यवन और दक्ष-ये सभी मुनिगण मेरे प्रातः काल को मंगलमय करें।

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतु-र्भुजम्, प्रसन्न वदनं ध्याये, सर्वविघ्नोप-शान्तये।
अभिप्रीतार्थ-सिद्ध्यर्थं पूजितो यः सुरैर्-अपि, सर्वविघ्नच्छिदे तस्मै, गणा-धिपतये नमः।

बिभ्रत्-दक्षिण-हस्तपद्म-युगले, दन्ताक्षसूत्रे शुभे,
वामे मोदक-पूर्णपात्र, परशु नागो-पवीति त्रिदृक्।
श्रीमान्-सिंहयुगासनः श्रुतियुगे, शंखौ वहन् मौलिमान्,
दिश्यात्-ईश्वरपुत्र-ईश भगवान् लम्बोदरः-शर्म-नः।।

सिन्दूर-कुंकुम-हुताशन-विद्रुमार्क, रक्ताब्ज-दाडिम-निभाय-चतु-र्भुजाय।
हेरम्ब-भैरव गणेश्वर-नायकाय, सर्वार्थसिद्धि-फलदाय गणेश्वराय।।

मुख्यं द्वादश-नामानि गणेशस्य महात्मनः। यः पठेत्-तु शिवोक्तानि स लभेत्-सिद्धिम्-उत्तमाम्। प्रथमं वक्रतुण्डं तु, चैकदन्तं द्वितीयकम्, तृतीयं कृष्णपिंगं तु, चतुर्थं च कपर्दिनम्, लम्बोदरं पंचमं तु, षष्ठं विकटम्-एव च, सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं, धूम्रवर्णं तथाष्टमं। नवमं भालचन्द्रं तु, दशमं तु विनायकम्, एकादशं गणपतिं, द्वादशं मन्त्र-नायकम्। पठते शृणुते यस्तु, गणेश-स्तवम्-उत्तमं, भार्यार्थी लभते भार्या, धनार्थी विपुलं धनम्। पुत्रार्थी लभते पुत्रम्, मोक्षार्थी परमं पदम्, इच्छाकामं तु कामार्थी, धर्मार्थी धर्मम्-अक्षयम्।। सुमुखैश्चैक-दन्तश्च, कपिलो गजकर्णकः, लम्बोदरश्च विकटो, विघ्नराजो गणाधिपः। धूम्र-केतु-गणाध्यक्षो, भालचन्द्रो गजाननः, द्वादशै-स्तानि-नामानि, गणेशस्य महात्मनः, य पठेत्-शृणुयात्-वापि स लभेत् सिद्धिम्-उत्तमाम्। विद्यारम्भे, विवाहे च, प्रवेशे निर्गमे तथा संग्रामे संकटे चैव, विघ्नस्तस्य न जायते।।

गणपति स्तोत्रम्

जेतुं यस्त्रिपुरं हरेण हरिणा व्याजाद्बलिं बध्नता
स्रष्टुं वारिभवोद्भवेन भुवनं शेषेण धर्तुं धराम्।
पार्वत्या महिषासुर प्रमथने सिद्धाधिपैः सिद्धये।
ध्यातः पंचशरेण विश्वजितये पायात्स नागाननः।।

अर्थः त्रिपुरासुर को जीतने के लिये शिव ने, बलि को छल से बाँधते समय विष्णु ने, जगत् को रचने के लिये ब्रह्मा ने, पृथ्वी धारण करने के लिए शेषनाग ने, महिषासुर को मारने के समय पार्वती ने, सिद्धि पाने के लिए सिद्धों के अधिपतियों (सपकादि ऋषियों) ने और सब संसार को जीतने के लिये कामदेव ने जिन गणेश जी का ध्यान किया है, वे हम लोगों को पालन करें।

विघ्न ध्वान्त निवारणै कतरणिर्विघ्नाट वीह व्यवाड्
विघ्न व्यालकुलाभिमान गरुडो विघ्नेभ पंचाननः।
विघ्नोतुङ्ग गिरि प्रभेदनम विर्विघ्नाम्बु धेर्वाडवो
विघ्नाघौघ घनप्रचण्ड, पवनो विघ्नेश्वरः पातु नः।।

अर्थः विघ्नरूप अन्धकार का नाश करने वाले एकमात्र सूर्य, विघ्नरूप वन के जलाने वाले अग्नि, विघ्नरूप सर्पकुल का दर्प नष्ट करने के लिये गरुड, निघ्नरूप हाथी को मारने वाले सिंह, विघ्नरूप ऊँचे पहाड़ के तोड़ने वाले वज्र, विघ्नरूप महासागर के वडवानल, विघ्नरूपी मेघ-समूह को उड़ा देने वाले प्रचण्ड वायुसदृश गणेश जी हम लोगों का

पालन करें।

खर्वं स्थूलतनुं गजेन्द्रवदनं लम्बोदरं सुन्दरं, प्रस्यन्दन-मदगन्धलुब्ध-मधुप-व्यालोल-गण्डस्थलम्।
दन्ताघात विदारितारि रुधिरैः सिन्दूर शोभाकरं, वन्दे शैलसुतासुतं गणपतिं सिद्धिप्रदं कामदम्।।

अर्थः जो नाटे और मोटे शरीर वाले हैं, जिनका गजराज के सम्मान मुँह और लंबा उदर है, जो सुन्दर हैं तथा बहते हुए मद की सुगंन्ध के लोभी भौंरों के चाटने से जिनका गण्डस्थल चपल हो रहा है, दाँतों की चोट से विदीर्ण हुए शत्रुओं के खून से जो सिन्दूर की सी शोभा धारण करते हैं, कामनाओं के दाता और सिद्धि देने वाले उन पार्वती के पुत्र, गणेश जी की मैं वन्दना करता हूँ।

श्वेताङ्ग श्वेतवस्त्रं सितकुसुमगणैः पूजितं श्वेतगन्धैः, क्षीराब्धौ रत्नदीपैः सुरनरतिलकं रत्नसिंहासनस्थम्।
दोर्भिः पाशाङ्कुशब्जा भयवरमनसं चन्द्रमौलिं त्रिनेत्रं, ध्ययायत्-शान्त्यर्थमीशं गणपतिम्-अमलं श्रीसमेतं प्रसन्नम्।।

अर्थः जिनका शरीर श्वेत है, कपड़े श्वेत हैं, श्वेत फूल, चन्दन और रत्नदीपों से क्षीर समुद्र के तट पर जिनकी पूजा हुई हैं, देवता और मनुष्य जिनको अपना प्रधान पूज्य समझते हैं, जो रत्न के सिंहासन पर बैठे हैं, जिनके हाथों में पाश (एक प्रकार की डोरी), अंकुश और कमल के फूल हैं, जो अभयदान और वरदान देने वाले हैं, जिनके सिर में चन्द्रमा रहते हैं और जिनके तीन नेत्र हैं, निर्मल लक्ष्मी के साथ रहने वाले उन प्रसन्न प्रभु गणेश जी का, अपनी शान्ति के लिये ध्यान करें।

आवाहये तं गणराजदेवं रक्तोत्पलाभासम् अशेषवन्द्यम्।,
विघ्नान्तकं विघ्नहरं गणेशं भजामि रौद्रं सहितं च सिद्ध्या।।

अर्थः जो देवताओं के गण के राजा हैं, लाल कमल के समान जिनके देह की शोभा है, जो सबके वन्दनीय हैं, विघ्न के काल हैं, विघ्न के हरने वाले हैं, शिवजी के पुत्र हैं, उन गणेश जी का मैं सिद्धि के साथ आवाहन और भजन करता हूँ।

यं ब्रह्म वेदान्तविदो वदन्ति परं प्रधानं पुरुषं तथान्ये।
विश्वोद्गतेः कारणमीश्वरं वा तस्मै नमो विघ्नविनाशनाय।।

अर्थः जिनको वेदान्ती लोग ब्रह्म कहते हैं और दूसरे लोग परम प्रधान पुरुष अथवा संसार की सृष्टि के कारण या ईश्वर कहते हैं, उन विघ्नविनाशक गणेश जी को नमस्कार है।

विघ्नेश वीर्याणि विचित्रकाणि वन्दीजनैमार्गधकैः स्मृतानि।
श्रुत्वा समुत्तिष्ठ गजानन त्वं ब्राह्मे जगन्मङ्गलकं कुरुष्व।।

अर्थः हे विन्घेश! हे गजानन ! मागध और वन्दीजनों के मुख से गाये जाते हुए अपने विचित्र पराक्रमों को सुनकर, ब्राह्ममुहूर्त में उठो और जगत् का कल्याण करो।

गणेश हेरम्ब गजाननेति महोदर स्वानुभवप्रकाशिन्।
वरिष्ठ सिद्धिप्रिय बुद्धिनाथ वदन्त एवं त्यजत प्रभीतीः।।

अर्थः हे गणेश! हे हेरम्ब ! हे गजानन ! हे लम्बोदर! हे अपने अनुभव से प्रकाशित होने वाले। हे श्रेष्ठ ! हे सिद्धि के प्रियतम ! हे बुद्धिनाथ! ऐसा कहते हुए, हे मनुष्यो ! अपना भय छोड़ दो।

अनेकविघ्नान्तक वक्रतुण्ड स्वसंज्ञवासिंश्च चतुर्भुजेति।
कवीश देवान्तक नाशकारिन् वदन्त एवं त्यजत प्रभीतीः।।

अर्थः 'हे अनेक विघ्नों का नाश करने वाले! हे वक्रतुण्ड ! हे गणेश आदि अपने नाम वालों में भी निवास करने वाले! हे चतुर्भुज! हे कवियों के नाथ! हे दैत्यों का नाश करने वाले!' ऐसा कहते हुए, हे मनुष्यों! अपने भय को भगा दो।

अनन्तचित्-रूपमयं गणेशं ह्यभेदभेदादि विहीनम्-आद्यम्।
हृदि प्रकाशस्य धरं स्वधीस्थं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः।।

अर्थः जो गणेश अनन्त हैं, चेतनरूप हैं, अभेद और भेद आदि से रहित और सृष्टि के आदि कारण हैं, अपने हृदय में जो सदा प्रकाश धरण करते हैं तथा अपनी ही बुद्धि में स्थित रहते हैं, उन एकदन्त गणेश जी की शरण में हम जाते हैं।

विश्वादिभूतं हृदि योगिनां वै प्रत्यक्षरूपेण विभान्तमेकम्।
सदा निरालम्ब समाधिगम्य तमेकदन्तं शरणं व्रजामः।।

अर्थः जो संसार के आदि कारण हैं, योगियों के हृदय में अद्वितीय रूप से साक्षात् प्रकाशित होते हैं और निरालम्ब समाधि के द्वारा ही जानने योंग्य हैं, उन एकदन्त गणेश की शरण में हम जाते हैं।

यदीयवीर्येण समर्थभूता माया तया संरचितं च विश्वम्।
नागात्मकं ह्यात्मतया प्रतीतं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः।।

अर्थः जिनके बल से माया समर्थ हुई है और उसके द्वारा यह संसार रचा गया है, उन नागस्वरूप तथा आत्मरूप से प्रतीत होने वाल एकदन्त गणेश जी की शरण में हम जाते हैं।

सर्वान्तरे संस्थितम्-एक मूढं यदाज्ञया सर्वमिदं विभाति।
अनन्तरूपं हृदि बोधकं वै तमेकदन्तं शरणं व्रजामः।।

अर्थः जो सब लोगों के अन्तःकरण में अकेले गूढ़भाव से स्थित रहते हैं, जिनकी आज्ञा से यह जगत् विराजमान है, जो अनन्तरूप हैं और हृदय में ज्ञान देने वाले हैं, उन एकदन्त गणेश की शरण में हम जाते हैं।

यं योगिनो योगबलेन साध्यं कुर्वन्ति तं कः स्तवनेन नौति।
अतः प्रणामेन सुसिद्धिदोऽस्तु तमेकदन्तं शरणं व्रजामः।।

अर्थः जिनको योगीजन योगबल से साध्य करते (जान पाते) हैं, स्तुति से उनका वर्णन कौन कर सकता है? इसलिये हम उनको केवल प्रणाम करते हैं कि हमें सिद्धि दें, उन प्रसिद्ध एकदन्त की शरण में हम जाते हैं।

देवेन्द्र मौलिमन्दार मकरन्द कणारुणाः, विघ्नान् हरन्तु हेरम्ब चरणाम्बु जरेणवः।।

अर्थः जो इन्द्र के मुकुट में गुँथे हुए मन्दार कुसुमों के मकरन्द कणों से लाल हो रही है, वह गणेश जी के चरण-कमलों की रज विघ्नों का हरण करे।

एकदन्तं महाकायं लम्बोदर गजाननम्।, विघ्ननाशकरं देवं हेरम्बं प्रणमाम्यहम्।।

अर्थः एक दाँत वाले, बड़े शरीर स्थूल उदर वाले, हाथी के समान मुख वाले और विघ्नों का नाश करने वाले गणेश देव को मैं प्रणाम करता हूँ।

यदक्षरं पदं भ्रष्टं मात्राहीनं च यद्भवेत्।, तत्सर्वं क्षम्यतां देव प्रसीद परमेश्वर।।

अर्थः हे देव! जो अक्षर, पद अथवा मात्रा छूट गयी हो, उसके लिये क्षमा करो और हे परमेश्वर! प्रसन्न होओ।

गणेश स्तुतिः

आयसय शरण करतम क्षमा, ओं श्री गणेशाये नमः।
गणपत गणेश्वर हे प्रभो, कलिराज़ राज़न हुन्द विभो।।

पज़ि लोलु पादन तल नमः, ओं श्री गणेशाये नमः।
गुडनी च्यय छुय आधिकार, कलिकालकुय चुय ताजदार।

पजि़ लोल पादन तल प्यमा, ओं श्री गणेशाये नमः।
मूषक च़्य वाहन शूभवुन, त्रन लूकनय मंज फेरवुन,
सहायक म्य रोज़तम हर दमः, ओं श्री गणेशाये नमः।
यज्ञस ज़पस व्यवहारसय, गुड्ड छिय सुरान प्रथकारसय,
कारस अनान छुख चय जमः, ओं श्री गणेशाये नमः।
सुन्दर लम्बोदर एक दन्त, स्मरन चाञ वंतिन म्ये अन्द।
रति वेल, सुन्दर छुम समः, ओं श्री गणेशाये नमः।
स्मरन यि चोनी यिम करान, भवुसागरस अपोर तरान,
रट्अ सानि नावे चुय नमा, ओं श्री गणेशाये नमः।
स्मरन यि चानी भक्ति जन, पूरण गछान तम्यसुन्द छु प्रन,
चरणोदकुक अमृत चमा, ओं श्री गणेशाये नमः।

ज़गतुक महेश्वर च्य पिता, सति रूप सीति धर्मुच सत्ता,
माता च़्य गौरी श्री वुमा, ओं श्री गणेशाये नमः।
बाह नाव सुन्दर शूभुवुञ, स्वर्गस गछान तिम बोलुवुञ,
पूरण करुम पूरण तमा, ओं श्री गणेशाये नमः।
आमुत भक्त च़्येय छुय शरण, प्योमुत खोरन तल छुय परण,
वर दिय कास्तम चुय गमा, ओं श्री गणेशाये नमः।
सुबह प्यठ भखत, छिय लारान, प्रेम पोश ह्यय छिय प्रारान,
छुयख च्यानि पूजि लागनुक तमा, ओं श्री गणेशाये नमः।
गणिशबल प्यठ आख चलिथय, अंग अंग स्यंदरा मलिथय,
गोअड़ बोअज म्यन प्रार्थना, ओं श्री गणेशाये नमः।

आरती गणेश जी

जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा। माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।
एक दंत दयावंत, चार भुजा धारी। मस्तक पर सन्दूर सोहे, मूसे की सवारी।।
जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा। माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।

अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया। बांझन को पुत्र देत निर्धन को माया।
जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा। माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।
हार चढ़े, फूल चढ़े और चढ़े मेवा। लड्डुअन का भोग लगे, संत करे सेवा।।
जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा। माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।

गणेश स्तुति

हेमजा सुतं भजे गणेशं ईश नन्दनम्। एकदन्त वक्र तुण्ड नाग यज्ञ सूत्रकम्।।
रक्त गात्र धूम्र नेत्र शुक्ल वस्त्र मण्डितम्। कल्पवृक्ष भक्त रक्ष नमोस्तुते गजाननम्।।
पाशपाणि चक्रपाणि मूषकाधि रोहिणम्। अग्निकोटि सूर्य ज्योति वज्रकोटि पर्वतम्।।
चित्रमाल भक्तिज़ाल भालचन्द्र शोभितम्। कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।।
विश्ववीर्य विश्वसूर्य विश्वकर्म निर्मलम्। विश्वहर्ता विश्वकर्ता यत्र तत्र पूजितम्।।
चतुर्मुखं चतुर्भुजं सेवितं चतुर्युगम्। कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।।
भूत भव्य हव्य कव्य भर्गो भार्गव वन्दितम्। देव वह्नि काल जाल लोकपाल वन्दितम्।।
पूर्ण ब्रह्म सूर्यवर्ण पुरुषं पुरान्तकम्। कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।।

ऋद्धि बुद्धि अष्टसिद्धि नव निधान दायकम्। यज्ञकर्म सर्वधर्म सर्व वर्ण अर्चितम्।। भूतधूत दुष्ट मुष्ट दान्वै सर्दार्चितम्। कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।। हर्ष रूप वर्ष रूप पुरुष रूप वन्दितम्। शोर्प कर्ण रक्त वर्ण रक्त चन्दन लेपितम्।। योग इष्ट योग सृष्ट योग दृष्टि दायकम्। कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।।

शंकर पूजन

भगवान् शंकर पर जल चढ़ाते हुए पढ़ें:- असंख्याताः सहस्राणि ये रुद्रा अधि-भूम्याम्। तेषां सहस्रयोजनेव धन्वानि तन्मसि ।1। यो रुद्रो अग्नौ य अप्सु य औषधीषु यो वनस्पतिषु। यो रुद्रो विश्वा भुवना विवेश तस्मै रुद्राय नमो अस्तु देवाः ।2। भवायदेवाय शर्वायदेवाय रुद्रायदेवाय पशुपतयेदेवाय उग्रायदेवाय महादेवाय भीमायदेवाय ईशानायदेवाय पार्वती-सहिताय परमेश्वराय जलं समर्पयामि नमः।

नेत्र स्पर्श करते हुए पढ़ें:- तेजोरूप ! महेशान ! सोमसूर्याग्निलोचन प्रकाशय परंतेजो नेत्रस्पर्शेन शंकर ! भवायदेवाय उमा-सहिताय शिवाय पार्वती-सहिताय परमेश्वराय नेत्रस्पर्शं परिगृहणामि नमः।

तिलक लगाते हुये पढ़ें:- **सर्वेश्वर जगद्वन्द्य दिव्यासनसुसंस्थित। गन्धं गृहाण देवेश दिव्यगन्धोपशोभितम्। भवाय देवाय उमा-सहिताय शिवाय पार्वती-सहिताय परमेश्वराय समालभनं गन्धो नमः।**

फूल चढ़ाते हुए पढ़ें:- **सदाशिव शिवानन्द प्रधान करणेश्वर। पुष्पाणि बिल्वपत्राणि विचित्राणि गृहाण मे। भवाय देवाय उमा सहिताय शिवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय पुष्प समर्पयामि नमः।**

रत्नदीप कपूर चढ़ाते हुए पढ़ें:- **हिरण्यबाहो सेनानीः औषधीनां पते शिव। दीपं गृहाण कर्पूर कपिलाज्य त्रिवर्तिकम्। भवाय देवाय उमा-सहिताय शिवाय पार्वती-सहिताय परमेश्वराय रत्नदीपं कर्पूरं परिकल्पयामि नमः।**

दोनों हाथों में पुष्पांजलि पकड़ते हुए निम्नलिखित तीन श्लोक पढ़कर फूल चढ़ावें-

आत्मा त्वं गिरिजामतिः सहचराः प्राणः शरीरं गृहं,
पूजा ते विषयोपभोगरचना निद्रा समाधि स्थितिः।
संचारः पदयोः प्रदक्षिणविधि स्तोत्राणि सर्वा गिरो,
यत् यत् कर्म करोमि तत्तदखिलं शम्भो तवाराधनम् ।।1।।

अर्थः *हे शम्भो ! मेरी आत्मा तुम ही हो, मेरी बुद्धि तुम्हारी शक्तिरूपिणी पार्वती है, मेरे प्राण (अपान समान आदि) तुम्हारे साथी है, मेरा शरीर तुम्हारा घर या मन्दिर है, विषय भोग के लिये जो मेरे व्यापार होते हैं वही तुम्हारी पूजा है, मेरी जो निद्रा है वही तुम्हारी समाधि की स्थिति है, मेरे पाँवों का चलना तुम्हारी प्रदक्षिणा है, मैं जो कुछ बोलता हूँ सब तुम्हारा स्तोत्र है, सारांश यह है कि मैं कोई कर्म करता हूँ सभी तुम्हारी आराधना है।*

पुष्पाणि सन्तु तव देव ममेन्द्रियाणि, धूपो गुरु र्वपुरिदं हृदयं प्रदीपः।
प्राणान् हविषि करणानि नवाक्षतानि, पूजाफलं व्रजतु साम्प्रतमेष जीवः ।।2।।

अर्थः- हे शम्भो ! मेरे सभी ज्ञानेन्द्रिय आपके पूजा के फूल बनें, यह मेरा शरीर धूप का काम दे, मेरा हृदय तुम्हारी पूजा में दीप का स्थान ले, मेरे प्राण तुम्हारे पूजा रूपी यज्ञ में आहुति का काम दें, मेरे कर्मन्द्रिय अक्षत (पूजा के लिये बिना किसी जखम के चावल) का काम दें, हे भगवन् ! मेरा यह जीवात्मा अभी उत्तम पूजा के फल को प्राप्त हो।

जन्मानि सन्तु मम देव शताधिकानि, माया च मे विशतु चित्तमऽबोध हेतु।
किन्तु क्षणार्धमपि त्वच्चरणारबिन्दात्, मा पैतु मे हृदयमीश नमो नमस्ते ।।3।।

अर्थः इस स्तुति में भक्त भगवान् शंकर से पूजा का फल यह नहीं माँगता है कि मेरा आवामगन छूट जाये, अपितु बार-बार जन्म लेने की मुझे परवाह नहीं, मेरे सैकड़ों जन्म होने दीजिये, मैं यह नहीं माँगता हूँ तेरे चित्त से अज्ञान के कारण बना हुआ माया का पर्दा छिन्न-भिन्न हो जाये, बल्कि वह माया बिना किसी रोक-टोक के मेरे चित्त में प्रवेश करे, केवल आपसे प्रार्थना है आपके चरण कमल आधे क्षण के लिये भी मेरे चित्त से न निकले, हे भगवान् शंकर ! आपको बार-बार नमस्कार हो।

अभिनवगुप्त कृत शिवस्तुतिः

ॐ व्याप्त-चराचर-भाव-विशेषं, चिन्मयम्-एकम्-अनन्तम्-अनादिम्।
भैर-व-नाथम्-अनाथ-शरण्यम्- तन्मय-चित्ततया-हृदि वन्दे ।।1।।

अर्थः- मैं अभिनवगुप्त मन की एकाग्रता से उस शंकर की हृदय में वन्दना करता हूँ जो शंकर अखिल चराचर सृष्टि से ओत प्रोत है। जो ज्ञान रूप है, अनन्त है भैरवों का स्वामी है और अनाथों को शरण देने वाला है।

त्वन्मयम्-एतत्-अशेषम्-इदानीं, भाति मम त्वत्-अनुग्रह शक्त्या,
त्वं च महेश सदैव ममात्मा, स्वात्ममयं मम तेन समस्तम् ।।2।।

अर्थः- यह चराचर सृष्टि आप का ही रूप है, ऐसा मुझे आप की अनुग्रहशक्ति से प्रतीत होता है, परन्तु हे शंकर मेरी आत्मा ही आप हैं, अतः यह सारा जगत् मेरा ही रूप है, ऐसा भी मैं अनुभव करता हूँ।

स्वात्मनि-विश्वगते त्वयि नाथे, तेन न संसृति-भीतेः कथास्ति।
सत्-स्वपि दुर्धर-दुःख विमोह, त्रास-विधायिषु कर्म-गणेषु ।।3।।

अर्थः- हे नाथ! भयंकर दुःख मोह उत्पन्न करने वाले कर्मों के जाल में फंसे हुये, आप के भक्त इस भावना से कि विश्व आप का ही रूप है अतः वे संसार के क्षणिक दुःखों से डरते नहीं हैं, क्योंकि डर अथवा भय तव होता है जब दूसरा हो, जब आप के विना कोई दूसरा है ही नहीं तो डर कहाँ "भयं द्वितीयात्"।

अन्तक मां प्रति मा दृशम्-एनां, क्रोध-कराल-तमां विदधीहि।
शंकर-सेवन-चिन्तन-धीरो, भीषण-भैरव-शक्ति-मयोस्मि।।4।।

अर्थः- हे यमराज! क्रोध से कराल भयंकर दृष्टि से मेरी ओर न देख, जबकि मैं हर समय शंकर सेवन के चिन्तन में लगा रहता हूँ जिस सेवा चिन्तन से मैं भैरवशक्ति का पुंज बना हूँ अतः आप की यह कराल क्रोधभरी दृष्टि मेरा कुछ बिगाड़ नहीं सकती है।

इत्थम्-उपोढ-भवन्मय-संवित्, दीधिति-दारित-भूरि-तमिस्रः।
मृत्यु-यमान्तक कर्म-पिशाचैः, नाथ ! नमोस्तु न जातु बिभेमि ।।5।।

अर्थः- हे शंकर सब कुछ आप का ही रूप है ऐसी संवित् के जागृत होने से मेरा अज्ञानरूपी अन्धकार नष्ट हो चुका है, अतः मैं यमराज के परिवार भूत पिशाच आदि से डरता नहीं हूँ, हे नाथ मेरा आप को बार-बार नमस्कार हो।

प्रोदित-सत्य-विबोध-मरीचि, प्रोक्षित-विश्व-पदार्थ-सतत्वः।
भाव-परामृत-निर्भरपूर्णे, त्वय्यहम्-आत्मनि निर्वृतिम्-एमि ।।6।।

अर्थः- हे शंकर! आप के सत्यज्ञानरूप किरणों से विश्व के पदार्थ तथा सभी तत्वे सिंचित अथवा हरकत में है। ऐसे ही इस ज्ञान के प्रकट होने पर मैं श्रद्धा के अमृत से परिपूर्ण आप के ही स्वरूप भूत अपने ही आत्मा में परमानन्द का अनुभव करने लगता हूँ।

मानस-गोचरम्-एति-यदैव, क्लेश-तनु-ताप-विधात्री।
नाथ ! तदैव मम-त्वत्-अभेद, स्तोत्र-परामृत-वृष्टिर्-उदेति ।।7।।

अर्थः- शरीर के ताप को उत्पन्न करने वाली कष्ट की दशा को जब मैं मन से महसूस करने लगता हूँ, उसी समय मेरे अन्दर आप के अनुग्रह से प्राप्त अभेद वृष्टि का उदय होता है, जिस के प्रभाव से मैं किसी प्रकार का कष्ट अनुभव नहीं करता हूँ।

शंकर ! सत्यम्-इदं व्रत-दान, स्नान-तपो-भव-ताप-विनाशि।
तावक-शास्त्र-परामृत-चिन्ता, सिध्यति चेतसि-निर्वृति-धारा।।8।।

अर्थः- हे शंकर ! यद्यपि व्रत-दान-तप से संसार के दुःखों का नाश होता है, शैवशास्त्र के चिन्तनमात्र से ही मन में अमृत की धारायें प्रवाहित होने लगती हैं।

नृत्यति गायति हृष्यति गाढं, संवित्-इयं मम भैरवनाथ।
त्वां प्रियं आप्य सुदर्शनम्-एकं, दुर्लभम्-अन्यजनैः समयज्ञम्।।9।।

अर्थः- हे मेरे भैरवनाथ ! मेरी दृढ़ संवित् यज्ञादिकों से अप्राप्य आप के अलौकिक दर्शन प्राप्त करके कभी नाचती है, कभी गायन करती है, कभी हर्ष का अभिनय करती है।

वसु-रस-पौषे कृष्ण-दशम्यां, अभिनव-गुप्तः स्तवम्-इमम्-अकरोत्।
येन विभु-भव-मरु-सन्तापं, शमयति झटिति जनस्य दयालुः ।।10।।

अर्थः- भक्तों पर दयालु आध्यात्मिक बलवाले अभिनवगुप्त ने सम्वत् 68 पौष कृष्ण दशमी को यह शंकर स्तुति की है जिस के उच्चारण, श्रवण, मनन से क्षणमात्र में दयालु शंकर संसार रूपी मरुस्थल के दुःखों का नाश करता है।

शिव संकल्प (यजुर्वेद से)

यत्-जाग्रतो-दूरम्-उदेति दैवं, तदु सुप्तस्य तथैव्-ऐति।
दूरं-गमं ज्योतिषां ज्योतिर्-एकं, तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु ।।1।।

अर्थः- जो मन जागते हुये मनुष्य का दूर चला जाता है, और सोते हुये का निकट आ जाता है, जो परमात्मा के साक्षात्कार का एकमात्र साधन है, जो ज्ञानेन्द्रियों का प्रकाशक और प्रवर्तक है, मेरा वह मन शिव, (कल्याणकारी) संकल्प वाला हो।

येन कर्मा-ण्यपसो मनीषिणो, यज्ञे कृण्वन्ति वितथेषु धीराः।
यत्-अपूर्वं यक्षम्-अन्तः प्रजानां, तन्मे मनः शिव संकल्पम्-अस्तु ।।2।।

अर्थः- कर्मयोगी विद्वान् जिस मन के द्वारा हर कर्म को यज्ञ के ढाँचे में डालते हैं, जो इन्द्रियों का अध्यक्ष है, जो समस्त प्रजा के हृदय में निवास करता है, वह मेरा मन शिव संकल्प वाला हो।

यत्-प्रज्ञानम्-उत चेतो धृतिश्च, यत्-ज्योतिर्-अन्तर्-अमृतं प्रजासु।
यस्मात्-न ऋते किंचन कर्म क्रियते, तन्मे मनः शिवसंकल्पम्-अस्तु ।।3।।

अर्थः- जो मन ज्ञान का कारण है जो धैर्यरूप है, जो समस्त प्रजा के हृदय में रह कर उन की इन्द्रियों को प्रकाशित करता है, जो मृत्यु होने पर भी अमर रहता है, जिस के बिना कोई भी कर्म किया नहीं जाता है वह मेरा मन शिवसंकल्प वाला हो।

येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत्, परिगृहीतम्-अमृतेन सर्वम्।
येन यज्ञस्तायते सप्तहोता, तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु ।।4।।

अर्थः- जिस अमृतरूप मन के द्वारा भूत-भविष्य वर्तमान की सभी वस्तुयें जानी जाती हैं जिस के द्वारा सात होता वाला शरीर रूपी यज्ञ सम्पन्न होता है मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो (सात होताः- पांच ज्ञानेन्द्रिय मन और बुद्धि)।

यस्मिन्-ऋचः साम यजूँषि यस्मिन्, प्रतिष्ठिता-रथनाभौ-इवाराः।
यस्मिन्-चितं सर्वम्-ओतं प्रजानां, तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु ।।5।।

अर्थः- जिस मन में रथचक्र की नाभि में अरियों के समान वेद प्रतिष्ठित है, जिस में सब पदार्थों से सम्बन्ध रखने वाला सम्पूर्ण ज्ञान ओत प्रोत है, मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो।

सुषा-रथिर्-अश्वान्-इव, यन्मनुष्यान्, नेनीयते-अभीशुभिर्-वाजिनः इव।
हृत्प्रतिष्ठं यत्-अजिरं जविष्ठं, तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु ।।6।।

अर्थः- योग्य सारथि जैसे घोड़ों का संचालन करता है और लगाम के द्वारा घोड़ों का नियन्त्रण करता है, वैसे ही प्राणियों का संचालन तथा नियन्त्रण करने वाला हृदय में रहने वाला कभी बूढा-न होने वाला, अधिक तेज भागने वाला मेरा मन शिव संकल्प वाला हो।

शिवाष्टकम्

शीतांशु-शुभ्र कलया कलितो-त्तमाङ्गं, ध्यान स्थितं धरणिभृत्-तनयार्चितं तम्।
काला-नलोप-महला हल-कृष्ण कण्ठं, श्री शंकरं कलिमलापहरं नमामि।।

अर्थः- सुन्दर चन्द्रमा की शुभ्रकला से आप का शिरो भाग शोभित है, पर्वतराज हिमालय की कन्या पार्वती जी स्वयं ही आप की पूजा अर्चा करती है, संसार को जलन से बचाने के लिये कालानल के समान महा भीषण हलाल पी जाने से आप का कण्ठ काला हो गया है, इस कलिकाल का मल दूर करने में आप अपना सानी नहीं रखते, ऐसे ध्यान में मग्न आप शंकर को मेरा प्रणाम्।

गायन्ति यस्य चरितानि महात्-भुतानि, पद्मोद्-भवोद्-भवमुखाः सततं मुनीन्द्राः।
ध्यायन्ति यं यमिनम्-इन्दु-कलावतं सं, सन्तः समाधि-निरतास्तम् अहं नमामि।।

अर्थः- आप के अत्यन्त अद्भुत चरितों का गान ऐसे-वैसे नहीं, नारदादि बड़े-बड़े महामुनि तक किया करते हैं, साधु शिरोमणि योगीश्वर भी समाधि लगा कर आप ही का ध्यान करते रहते हैं ऐसे आप शंकर को पुनरपि मेरा प्रणाम्।

त्रैलोक्यम्-एतत्-अखिलं ससुरासुरंच, भस्मीभवेत्-यदि न यो दययार्द्र देहः।
पीत्वाऽहरद्गरलम्-आशु भयं तदुत्थं, विश्वा-वनैक-निरताय-नमोस्तु-तस्मै।।

अर्थः- हे शंकर! आप बड़े ही दयालु हैं, आप की दया सीमा रहित है, जब समुद्र मन्थन से हलाहल निकलने पर उस की आग असह्य हो गई, तव उस कालकूट का पान स्वयं करके तीनों लोकों को जल जाने से बचा लिया, संसार की रक्षा का इतना ख्याल रखने वाले आप के चरणों में मैं अपना सिर रखता हूँ।

नो शक्यम्-उग्र तपसापि युगान्तरेण, प्राप्तुं यद्-अन्य सुर पुङ्गवतस्तदेव।
भक्त्या सकृत्प्रणम्-अनेन-सदा-ददाति, यो नौमि नम्रशिरसा च तमाशुतोषम्।।

अर्थः- युग-युगान्त-पर्यन्त तपस्या करने पर भी जो फल प्राप्ति भक्तों को अन्य सुर पुङ्गवों से भी नहीं हो सकती, वही आप को भक्ति भावपर्वूक प्रणाम मात्र करने से आप के सच्चे भक्तों को सुलभ हो जाती है, क्योंकि आप आशुतोष हैं (अर्थात् थोड़ी सेवा से प्रसन्न होने वाले) मैं आप के सामने अपना सिर झुकाता हूँ।

भूति प्रियोऽपि वितरत्यनिशं विभूतिं, भक्ताय यः फणिगणानपि धारयन् सन्।
हन्ति प्रचण्ड भव भीम भुजङ्ग भीतिं, तस्मै नमोस्तु सततं मम शंकराय।।

अर्थः- आप स्वयं ही विभूति-प्रिय हैं, वह प्यारी वस्तु विभूति अपने भक्तों को रोज ही लुटाया करते है, स्वयं आप महा भंयकर नागों के कण्ठे और मालायें आदि धारण करते है उधर आप ही जन्म-मरण रूपी भीम भुजङ्ग के भय से अपने सेवकों की रक्षा करते हैं हे मेरे शंकर! आप को मेरा नमस्कार।

येषां भयेन विबुधा रजनी चराणां, नो तत्यजुर्हिम-महीध्र-गुहा गृहाणि।
हत्वा ददौ गिरिश तानपि शैव धाम, त्वत्तः परोऽस्ति परमेश्वर को दयालुः।।

अर्थः- हे शंकर! जरा उन राक्षसों का स्मरण कर जो इतने पराक्रमी हो गये थे कि वह देवों का तरह-तरह से उत्पीड़न करने लगे थे यहां तक कि देवता उन के भय से हिमालय की गुफाओं में छिपे रहते थे। ऐसे अत्याचारी और पापी राक्षसों को भी मार कर आप ने पुण्य लोक भेज दिया, क्या आप से कोई अधिक दयालु देवता कहीं है? आप यथार्थ में परमेश्वर हैं।

पाप प्रसाधनरता दितिजा अपीन्द्रं, सद्यो विजित्य सुरधाम-धराधिपत्यम्।
यस्य प्रसादलवलेश-वशादवाप्ताः, तस्मै ममास्तु विनतिः परमेश्वराय।।

अर्थः- लंकेश्वरादि राक्षस पुण्यात्मा नहीं थे वे महा उत्पातकारी और पापिष्ठ थे परन्तु आप का सच्चा सेवक होने के कारण महेन्द्र को जीतकर देव लोक के अधीश्वर बन बैठे, आप से बढकर मुझे कोई परम ऐश्वर्यशाली और कोई देवता दिख नहीं पड़ता, मेरी विनती स्वीकार कर।

अर्चा कृता न तव नाम हर स्मृतन्न, नो भक्तवत्सल कृतं तव किंचिदन्यत्।
वीक्ष्य स्वपादकमलोपनतं तथापि, माम् पाहि कारुणिक-मौलिमणे महेश।।

अर्थः- मैं पापी आप से किस मुंह से कुछ याचना करूं, मैंने कभी भूल कर भी आप की अर्चना नहीं की है, कभी भूल से भी आप का नाम नहीं लिया है, कभी भूल कर भी आप की कोई सेवा नहीं की है, फिर भी यह देख कर कि मैं आप के चरणों पर पड़ा हूँ और नाक रगड़ रहा हूँ आशा है आप मुझ पर भी कृपा करेंगे, क्योंकि आप आशुतोष होकर परम भक्त वत्सल भी हैं।

शंकर प्रार्थना

प्रणतोस्मि महादेव, प्रपन्नोस्मि सदाशिव, निवारय महामृत्युं, मृत्युंजय नमोस्तुते।
मृत्युंजय महादेव, पाहि मां शरणागतम्, जन्ममृत्यु-जरारोगैः, पीडितं भवबन्धनात्।।
कर्पूर-गौरं करुणावतारं, संसार-सारं भुजगेन्द्र-हारम्।
सदा रमन्तं हृदयारबिन्दं, भवं भवानी सहितं नमामि।।
हर शम्भो महादेव, विश्वेशामरवल्लभ। शिव शंकर सर्वात्मन्, नीलकण्ठ नमोस्तुते।
तव तत्त्वं न जानामि, कीदृशोसि महेश्वर, यादृशोसि महादेव, तादृशाय नमो नमः।।
आधीनाम्-अगदं दिव्यं, व्याधीनां मूलकृन्तनम्, उपद्रवाणां दलनं, महादेवम्-उपास्महे।
आत्मा त्वं गिरजा मतिः, परिजनाः प्राणाः शरीरं गृहं ।
पूजा ते विषयो-पभोगरचना निद्रा समाधि स्थितिः।

संचारोऽपि परिक्रमः पशुपते, स्तोत्राणि सर्वा गिरो।

यत्यत् कर्म करोमि देव भगवन् तत् तत् तवाराधनम्।।

लिंगाष्टकम्

ब्रह्मा मुरारिः सुरार्चित लिंगं, निर्मल-भासित-शोभित-लिंगम्।

जन्मज-दुःख-विनाशक-लिंगं, तत्प्रणमामि सदा शिव-लिंगम् ।।1।।

देव-मुनि-प्रवरा-र्चितलिंगं, कामदहं करुणाकर-लिंगम्।

रावण-दर्प-विनाशित-लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिवलिंगम् ।।2।।

सर्व-सुगन्धि सुलेपित-लिंगं, बुद्धिविवर्धन-कारण-लिंगम्।

सिद्ध-सुरासर-वंदित-लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिव-लिंगम् ।।3।।

कनक-महामणि-भूषित-लिंगं, फणिपति-वेष्टित-शोभित-लिंगम्।

दक्ष-सुयज्ञ-विनाशक लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिव-लिंगम् ।।4।।

कुंकम-चंदन-लेपितलिंगं, पंकज-हार-सुशोभित-लिंगम्।

संचित-पाप-विनाशन-लिंगं, तत्प्रणमामि-सदाशिव लिंगम् ।।5।।

देव-गणार्चित सेवित लिंगम्, भावैर्भक्तिभिरेव च लिंगम्।
दिन-कर-कोटि-प्रभा-कर लिंगम्, तत्प्रणमामि सदाशिव लिंगम् ।।6।।
अष्ट-दलोपरि वेष्टित-लिंगं, सर्व-समुद्-भव-कारण-लिंगम्।
अष्ट-दरिद्र-विनाशित-लिंगम्, तत्प्रणमामि सदाशिवलिंगम् ।।7।।
सुरगुरु-सुरवर-पूजित-लिंगम्, सुरवन-पुष्प-सदा-र्चित-लिंगम्।
परात्परं-परमात्मक-लिंगम्, तत्प्रणमामि सदाशिव-लिंगम् ।।8।।

शिवोऽहं शिवोऽहं शिवोऽहं शिवोऽहं

मनो बुद्धय-हंकार-चित्तानि नाहं, न च श्रोत्र-जिह्वे न च घ्राण-नेत्रे।
न च व्योम-भूमि-र्न तेजो न वायुः, चिदानन्द-रूपः शिवोऽहं शिवोऽहं।
नच प्राण-संज्ञो न वै पंचवायुः, न-वा सप्त-धतु-र्न वा पंचकोशः।
न वाक्-पाणिपादं न चोपस्थ-पायुः, चिदानन्द-रूपः शिवोऽहं शिवोऽहम्।
नमे द्वेषरागौ न मे लोभ मोहौ, मदो नैव मे नैव मात्सर्य-भावः।

न धर्मो न चार्थो न कामो न मोक्षः, चिदानन्द रूपः शिवोऽहं शिवोहम्।
न पुण्यं न पापं न सौख्यं न दुःखं, न मन्त्रो न तीर्थं न वेदा न यज्ञः।
अहं भोजनं नैव भोज्यं न भोक्ता, चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम्।
न मृत्यु-र्न शंका न मे जातिभेदः, पिता नैव मे नैव माता च जन्म।
न बन्धु-र्न मित्रं गुरु-नैव शिष्यः चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम्।
अहं निर्विकल्पी निराकाररूपो, लघुत्वात्-च सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणाम्।
न चा संगतं नैव मुक्ति-र्न मेयः, चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम्

शिवपञ्चाक्षरस्तोत्रम्

नागेन्द्र हाराय त्रिलोचनाय, भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।
नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय, तस्मै 'न'काराय नमः शिवाय।1।

अर्थः जिस के गले में सांपों का हार है, जिस के तीन नेत्र है, भस्म ही जिस का अनुलेपन है, दिशायें जिस के वस्त्र हैं (अर्थात् जो नग्न है) उस शुद्ध 'न' कार स्वरूप शिव को नमस्कार हो।

मन्दाकिनी-सलिल-चन्दन-चर्चिताय, नन्दीश्वर-प्रमथनाथ-महेश्वराय।
मन्दारपुष्प-बहुपुष्प-सुपूजिताय, तस्मै 'म'काराय नमः शिवाय।2।

अर्थः गंगा जल और चन्दन से जिस की पूजा हुई है, मन्दार पुष्प तथा नाना प्रकार के फूलों से जिस की पूजा हुई है उन नन्दी के अधिपति, शिव के गणों के स्वामी 'मकर' स्वरूप शिव को नमस्कार हो।

शिवाय-गौरी-वन्दनाब्ज-वृन्द, सूर्याय-दक्षाऽध्वर-नाशकाय।
श्रीनीकलण्ठाय वृषध्वजाय, तस्मै 'शि'काराय नमः शिवाय।3।

अर्थः पार्वती जी के मुख कमल को प्रसन्न करने के लिये जो सूर्य स्वरूप है जो दक्ष के यज्ञ का नाश करने वाले हैं जिन की ध्वजा में बैल का चिन्ह है उस 'शि'कार स्वरूप शिव को नमस्कार हो।

वसिष्ठ-कुम्भोद्भव-गौतमार्य, मुनीन्द्र-देवाऽर्चित-शेखराय।
चन्द्रार्क-वैश्वानर-लोचनाय, तस्मै 'व'काराय नमः शिवाय।4।

अर्थः वसिष्ठ, अगस्त्य और गौतम आदि श्रेष्ठ मुनियों तथा इन्द्रादि देवताओं ने जिन की मस्तक की पूजा की है चन्द्रमा, सूर्य और अग्नि जिन के नेत्र हैं उन 'व' कार स्वरूप शिव को नमस्कार है।

यक्षस्वरूपाय जटाधराय, पिनाकहस्ताय सनातनाय।
दिव्याय देवाय दिगम्बराय, तस्मै 'य'काराय नमः शिवाय।5।

अर्थः जिन्होंने यक्षरूप धारण किया है, जो जटाधारी हैं जिन के हाथ में पिनाक हैं जो दिव्य सनातन पुरुष हैं उस 'य' कार स्वरूप शिव को नमस्कार है।

पंचाक्षरम्-इदिं पुण्यं यः पठेत्-शिव-सन्निधौ।
शिवलोकम्-अवाप्नोति-शिवेन-सह-मोदते।।

शिव षडक्षरस्तोत्रम्

ॐकारं बिन्दुसंयुक्त नित्यं ध्यायन्ति योगिनः। कामदं मोक्षदं चैव ॐकाराय नमो नमः।1।
नमन्ति ऋषयो देवा, नमन्ति-अप्सरसां गणाः। नरा नमन्ति देवेश 'न'काराय नमो नमः।2।
महादेवं महात्मानं महाध्यानं परायणम्। महापापहरं देवं 'म'काराय नमो नमः।3।
शिवं-शान्तं-जगन्नाथं, लोका-नुग्रह-कारकम्। शिवमेकपदं नित्यं 'शि'काराय नमो नमः।4।
वाहनं वृषभो यस्य वासुकिः कण्ठभूषणम्। वामे शक्तिधरं देवं 'व'काराय नमो नमः।5।
यत्र यत्र स्थितो देवः सर्वव्यापी महेश्वरः। यो गुरुः सर्वदेवानां 'य'काराय नमो नमः।6।
षड्-अक्षरं-इदं-स्तोत्रं-यः-पठेत्-शिव-सन्निधौ। शिव-लोकं-अवाप्नोति, शिवेन-सह-मोदते।7।

श्री रुद्राष्टकम्

नमामि-ईशं-ईशान-निर्वाण-रूपं, विभुं-व्यापकं-ब्रह्म-वेद-स्वरूपम्।
अजं-निर्गुणं-निर्विकल्पं-निरीहं, चिदा-कारम्-आकाशवासं-भजेऽहम्।1।

निराकारं-ओंकार-मूलं-तुरीयं, गिरा-ज्ञान-गोतीतं-ईशं-गिरीशम्।
करालं-महाकाल-कालं-कृपालं, गुणा-गार-संसार-पारं-नतोऽहम्।।
तुषाराद्रि-सङ्काश-गौरं-गभीरं, मनो-भूत-कोटि-प्रभाश्री-शरीरम्।
स्फुरन्-मौलि-कल्लोलिनी-चारु-गङ्गा, लसत्-भाल-बालेन्दु-कण्ठे-भुजङ्गा।।
चलत्-कुण्डलं-भुसुनेत्रं-विशालं-प्रसन्नाननं-नीलकण्ठं-दयालम्।
मृगाधीश-चर्माम्बर-मुण्डमालं, प्रियं-शङ्करं-सर्वनाथं-भजामि।।
प्रचण्डं-प्रकृष्टं-प्रगल्भं-परेशं, अखण्डं-अजं-भानु-कोटि-प्रकाशम्।
त्रयः-शूल-निर्मूलनं-शूल-पाणिं, भजेऽहं-भवानीपतिं-भाव-गम्यम्।।
कलातीत-कल्याण-कल्पान्त-कारी, सदा-सज्जना-नन्ददाता-पुरारिः।
चिदानन्द-सन्दोह-मोहाप-हारी, प्रसीद-प्रसीद-प्रभो-मन्मथारिः।।
न-यावत्-उमानाथ-पादार-विन्दं, भजन्तीह-लोके-परे-वा-नराणाम्।
न-तावत्-सुखं-शान्ति-सन्ताप-नाशं, प्रसीद-प्रभो-सर्व-भूताधिवासं।।
न जानामि-योगं-जपं-नैव-पूजां, नतोऽहं-सदा-सर्वदा-देव-तुभ्यम्।

जरा-जन्म दुखौघ तातप्यमानं, प्रभो-पाहि-शापात्-नमामीश-शम्भो।।
रुद्राष्टकं-इदं प्रोक्तं, विप्रेण हर तुष्टये।
ये पठन्ति नरा-भक्त्या, तेषां शम्भुः प्रसीदति।।

शिव स्तुतिः

असित गिरि सम स्यात् कज्जलं सिन्धुपात्रे,
सुरतरुवर-शाखा-लेखिनी-पत्रम्-ऊर्वी।
लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्व कालं,
तदपि तव गुणानाम् ईश पारं न याति।। ।।1।।
वन्दे देवम् उमापतिं सुरगुरुं, वन्दे जगत् कारणम्,
वन्दे पन्नगभूषणं मृगधरं, वन्दे पशूनाम् पतिम्।
वन्दे सूर्य्यशशांक-वह्नि नयनम्-वन्दे मुकुन्द-प्रियम्।
वन्दे भक्तजनाश्रयं च वरदं वन्दे शिवं शंकरम्।।2।।

शान्तं पद्मासनस्थं शशधर-मुकुटं, च वक्त्रं त्रिनेत्रं,
शूलं वज्रं च खड्गपरशुमभयदं, दक्षिणाङ्गे वहन्तम्।
नागं पाशं च घण्टां डमरुक सहितं, सां कुशं वामभागे,
नानालंकार युक्तं स्फटिक-मणिनिभं, पार्वतीशं नमामि। ।।3।।
श्मशानेष्वा क्रीडा स्मरहर पिशाचाः सहचराः,
चिताभस्मालेपः स्रगपि नृकरोटी परिकरः।
अमङ्गल्यं शीलं तव भवतु नामैवम् अखिलम्,
तथापि स्मर्तृणां वरद परमं मङ्गलमसि। ।।4।।
पापोऽहं पाप कर्माहं पापात्मा पाप सम्भवः,
त्राहि मां पार्वती नाथ सर्व पाप हरो भव। ।।5।।

शिव-चामर-स्तुतिः

ॐ अतिभीषण कटुभाषण यमकिङ्कर पटली, कृत-ताडन-परिपीडन-मरणागम-समये।
उमया सह मम चेतसि यमशासन निवसन्, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर से हर दुरितम्।।1।।

अतिदुर्नय चटुलेन्द्रिय रिपु-सञ्चय दलिते, पविकर्कश कटुजल्पित खलगर्हण-चलिते।
शिवया सह ममचेतसि शशिशेखर निवसन्, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर में हर दुरितम्।।2।।
भव भञ्जन सुर-रञ्जन खलवञ्चन पुरहन्, दनुजान्तक मदनान्तक रतिजान्तक भगवन्।
गिरिजावर करुणाकर परमेश्वर भयहन्, शिवशङ्कर शिव शङ्कर हर में हर दुरितम्।।3।।
शक्रशासन कृतशासन चतुराश्रम विषये, कलिविग्रह भवदुर्ग्रह रिपुदुर्बल समये।
द्विज-क्षत्रिय-वनिता शिशुदर कम्पित हृदये, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर में हर दुरितम्।।4।।
भवसम्भव विविधामय परिपी-डितवपुषं, दयितात्मज ममताभर-कलुषी-कृत-हृदयम्।
करु मां निजचरणार्चन निरतं भव सततं, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर में हर दुरितम्।।5।।

आरती शंकर जी

जय शिव ओंकारा, भज जय शिव ओंकारा।
ब्रह्मा विष्णु सदाशिव, अर्द्धंगी धारा, ओ३म् हर हर महादेव।।
एकानन चतुरानन पंचानन राजे, स्वामी पंचानन राजे।
हंसानन गरुड़ासन वृषवाहन साजे, ओ३म् हर हर महादेव।।

दो भुज चारु चतुर्भुज दश भुज अति सोहे, स्वामी दस भुज अति सोहे।
तीनों रूप निखरत, त्रिभुवन-जन मोहे, ओ३म् हर हर महादेव।।

अक्षमाला वनमाला मुण्डमाला धारी, स्वामी मुण्डमाला धारी।
त्रिपुरारी कंसारी करमाला धारी, ओ३म् हर हर महादेव।।

श्वेताम्बर पीताम्बर बाघाम्बर अंगे, स्वामी बाघाम्बर अंगे।
सनकादिक गरुड़ादिक भूतादिक संगे, ओ३म् हर हर महादेव।।

कर मध्ये सुकमण्डलु चक्र त्रिशूल धारी, स्वामी चक्र त्रिशूल धारी।
सुखकारी दुखहारी जग-पालन कारी, ओ3म् हर हर महादेव।।

ब्रह्मा विष्णु सदाशिव जानत अविवेका, स्वामी जानत अविवेका।
प्रणवाक्षर में शोभित ये तीनों एका, ओ३म् हर हर महादेव।।

त्रिगुण स्वामी की आरती जो कोई नर गावे, स्वामी जो कोई नर गावे।
कहत शिवानन्द स्वामी मनवांछित फल पावे, ओ३म् हर हर महादेव।।

शिवाय नमः ओं नमः शिवाय

आधार ज़गतुक कुनुय छु मन्त्र, शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।
त्रिपंच नयनो ही आदि दीवो, जटा मुकट छुय गंडिथ च्य़ दीवो।
चन्द्र-अर्द्ध शेखर, त्रिलोचनाय, शिवाय नमः ओं, नमः शिवाय।।
च्य़ नील कंठो जटन छय-गंगा, च मोक्षदायक गुसोञ्य नंगा।
अलक्ष अगोचर छ्यपन गुफाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।
बिहिथ छय गौरी च्य़ सूत्य नालय, वलिथ छुय सर्पन हुंदुय दुशालै।
सहस्र सूर्यि तीज च्य मंज़ जटाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।
अथस च्य़ डाबर चू बीन वायान, कपाल-माल त्रिशूल धारान।
भक्तयन अभय छुख दिवान यछ़ाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।
रटिथ चू अंकुश खडगधारिथ, धनुर धनन मंज पिनाक चारिथ।
वुदनि बू डंड्वथ करय हा माये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।

भवाय दीवो शर्वाय दीवो, भस्माय दीवो सुरान च्य जीवो।
च्य जीव पूजान छिय भावनाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।
संसार सुदरस, म्य तार तारुम, अमर बनावुम शिव मार्ग हावुम।
वोलुस कुकर्मव कुवासनाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।
अनाथ बन्धो दयायि सागर, संसार की दुःख म्य यिम छि, तिम च़ठ।
ज़गतस दया कर च ह्यथ ओमाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।

भवसर कुस तरि

आदि प्रभातन युस दय नाव स्वरि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
भावनाइ सान सुस तस पूजा करि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।।
सुलि प्रभातन श्रान ध्यान करि, गरि गरि हर हर परि लो लो।।
द्वख त संकट तस पान भगवान् हरि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।।
गृहस्थ आश्रम कुय युस व्रत दरि, लूक सीवाई प्यठ मरि लो लो।।

निष्काम कर्मन लोला युस बरि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।।
सन्तोष व्रच प्यठ मन युस थ्यर करि, हर सात सुय व्रत दरि लो लो।
सुख त शान्ती हुंद युस हलमा बरि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।
श्वास उश्वासस दय नाव युस स्वरि, दय सुन्द ध्याना दरि लो लो।
लय रोजि तथ मंज कारुबारा करि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।।
पऽछय सीवाय प्यठ पान अर्पण करि, बेलूस बऽग रावि घरि लो लो।
ड्यक मुचरिथ युस दान धर्मा करि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।।
हु त ब्ह मशरावि सारिनीय लोल भरि, लोलुक सोदा करि लो लो।
जीव जाचन सूत लो लुच माय बरि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।।
काम क्रूध लूभ मोह अहंकार यस खरि, सत-असत वार सर करि लो लो।
अपजिस दुय करि पजरस लोल बरि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।।
तरवुन करनोव आलव दिवान तरि, कंसि मा छु तरुन घर लो लो।
आलुस त्राविथ उद्यूग युस करि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।।
प्रथ शायि मंज़ जानुन कुस वास करि, सोरुय कस मंज! स्वरि लो लो।
बेबस जानिथ देह अद त्याग करि, सुयहा यमि भवसर तरि लो लो।।

तेरे पूजन को भगवान्

तेरे पूजन को भगवान, बना मन मन्दिर आलीशान।
किसने जानी तेरी माया, किसने भेद तुम्हारा पाया।।
हारे ऋषि-मुनि कर ध्यान, बना मन मन्दिर आलीशान।
तू ही जल में तू ही थल में, तू ही मन में तू ही वन में।
तेरा रूप अनूप महान, बना मन मन्दिर आलीशान।
तू हर गुल में, तु बुलबुल में, तू हर डाल के पातन में।
तू हर दिल में है मुर्तिमान, बना मन मन्दिर आलीशान।
तूने राजा रंक बनाये, तूने भिक्षुक राज बिठाये।।
तेरी लीला ऐसी महान, बना मन मन्दिर आलीशान।
झूठे जग की झूठी माया, मूर्ख इस में क्यों भरमाया।।
कर कुछ जीवन का कल्याण, बना मन मन्दिर आलीशान।।

शिवजी की आरती

शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं सर्व विश्व का जो परमात्मा है,
सभी प्राणियों की वही आत्मा है। वही आत्मा सच्चिदानन्द में हूँ,
शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं जिसे शस्त्र कोटे न अग्नि जलावे
न पानी गलावे न मृत्यु मिटावे। वही आत्मा सच्चिदानन्द में हूँ
शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं अजर और अमर जिस को वेदों ने गाया
यही ज्ञान अजुर्नन को हरि ने सुनाया।
अमर आत्मा है मरण शील काया, सभी प्राणियों के जो घट में समाया।
वही आत्मा सच्चिदानन्द में हूँ, शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं
है तारी से तारों में प्रकाश जिस का, है चन्द्र व सूर्य में है वास जिस का
वही आत्मा सच्चिदानन्द में हूँ, शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं।
शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं, शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं।।

ब्राह्मी-विद्या

ॐ ॐ ॐ त्रिगुणपुरुष क्षेत्रचर, मोहं भिन्धि, रजस्तमसी भिन्धि, प्राकृत-पाशजालं-सावरणं परिहर, सत्वं ग्रहाण-पुरुषोत्तमोसि, सोम-सूर्यानल, प्रवर, परमधामन् ब्रह्म विष्णुमहेश्वरस्वरूप,, सृष्टिस्थिति-संहारकारक, भ्रू-मध्य-निलय, तेजोसि-धामासि-अमृतात्मन् ॐ तत्सत् हँसः, शुचिषत्, वसुरन्त-होता वेदिषत् अतिथि-दुरोणसत्, नृषत्-वरसत्-ऋतसत्-व्योमसत्, अब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं, परंब्रह्म-स्वरूप, सर्वगत सर्वशक्ते, सर्वेश्वर, सर्वेन्द्रिय-ग्रन्थि भेदं कुरु, परमं-पदं परामर्शय परमार्ग ब्रह्म-द्वारं सर, कुमार्ग-जहि-षट्-कोशिकं शरीरं-त्यज, शुद्धोसि बुद्धोसि विमलोसि क्षमस्व स्वपदम्-आस्वादय स्वाहा।

ब्राह्मी विद्या

*ॐ ॐ ॐ = तीन प्रकार के दुःखों का निवारण करने के लिए मंगलरूप में तीन बार आरम्भ में 'ॐ' का उच्चारण किया गया है, **त्रिगुण पुरुष** = तुम त्रिगुण पुरुष हो अर्थात् तीन गुणों में तेरा ही निवास है, **क्षेत्र चर** = शरीर रूपी क्षेत्र में फिरने से तुम ही क्षेत्रचर हो, **मोहं** = मोह रूपी ग्रन्थि को, **भिन्धि**= काटो, **रजस्तमसी** = रजो गुण, तमो गुण रूपी ग्रथियों को काटो, **प्राकृत**= बनावटी, **पाशजालं** = बन्धनों का जाल, **सावरणं** = आवरण सहित, **परिहर** = फैंक दो, **सत्वं ग्रहाण** = तत्व को जान, **पुरुषोत्तमोसि** = तुम स्वयं ही पुरुषोत्तम हो, **सोम** = चन्द्रमा, **सूर्य** = सूरज, **अनल** = अग्नि, **प्रवर** = तेजोमय*

रूप, **परमधामन्** = उत्तम स्थान वाले, ब्रह्म, विष्णु, महेश्वर, **स्वरूप** = तुम ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश रूप हो, **सृष्टि स्थिति** = तुम ही सृष्टि को वनाने वाले हो, **संहार कारक** = नाश करने वाले हो, **भ्रू-मध्य-निलय** = भ्रुवों के मध्य में ध्यान टिकाने से तुम जाने जाते हो, **तेजोसि** = तुम तेज रूप हो, **धामासि** = तुम उत्तम धाम वाले हो, **अमृतात्मन्** = तुम अमृत रूप हो, **ॐ तत्सत्** = तुम सत् रूप हो, **हंस** = तुम स्वयं प्रकाश हो, **शुचिषत्** = तुम निर्मल स्थान पर रहने वाले हो, **वसुरन्त-रिक्षसत्** = तुम आकाश में रहने वाले वस नाम के देवता हो, **होता** = तुम ही अग्नि में आहुति डालने वाले हो, **वेदिषत्** = तुम ही यज्ञ की वेदी पर ठहरे हुये अग्नि हो, **अतिथिर्दराणसत्** = तुम ही गृहस्थों में अतिथि रूप देवता हो, **नृषत्** = तुम मनुषयों में रहने वाले हो, **वरसत** = तुम देवताओं में रहने वाले हो, **ऋत ऋत्** = तुम सत्य में रहने वाले हो, **व्योम सत्** = तुम आकाश में ओत प्रोत हो, **अब्जः** = तुम जल में उत्पन्न होने वाले रत्न शंक आदि हो, **गोजा** = तुम पर्वतों तथा पृथ्वी से प्रकट होने वाले अन्न औषधि रूप हो, **अद्रिजा** = तुम पर्वतों से प्रकट होने वाले नदी-नाले रूप हो, **ऋतुजा** = तुम सब से महान् और परम सत्य हो, **परम-ब्रह्म-स्वरूप** = तुम परम ब्रह्म स्वरूप हो, **सर्वगत** = तुम सब मे गए हो, **सर्व शक्ते** = तुम सर्व शक्तिमान् हो, **सर्वेश्वर** = तुम सबों के स्वामी हो, **सर्वेन्द्रिय** = सब इन्द्रियों से, **ग्रन्थि भेदं कुरु** = आसक्ति छोड़ो, **परमं-पदं** = उस परमपद का, **पर-मार्ग** = उस उत्तम मार्ग का, **परामर्शय** = विचार कर, **ब्रह्म-द्वारं सर** = ब्रह्मद्वार की ओर चल अर्थात् अपने स्वरूप को जान, **कुमार्ग जहि** = अज्ञान के मार्ग को छोड़, **षट-कौशिकं शरीरं** = इस षट् कोशिक शरीर अर्थात् रोम, रक्त, मांस, मज्जा, हड्डियों और वीर्य से बने हुये शरीर को, **त्यज** = छोड़ो, **शुद्धोसि** = तुम शुद्ध रूप हो, **बुद्धोसि** = तुम बुद्धि रूप हो, **विमलोसि** = तुम निर्मल हो, **स्वपदम्-आस्वादय स्वाहा** = अपने स्वरूप का अनुभव कर इस ज्ञान को तू अच्छी प्रकार स्वीकार कर।

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।

विष्णु प्रार्थना

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं। विश्वाधारं गगनसदृश्यं मेघवर्णं शुभाङ्गम्।
लक्ष्मी कान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यान गम्यं। वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम् ।1।
यस्य हस्ते गदा चक्रं गुरुडो यस्य वाहनं। शंखः करतले यस्य स मे विष्णुः प्रसीदतु ।2।
यद्बल्ये यश्च कौमारे यत् यौवने कृतं मया, वयः परिणतौ यश्च यक्ष्च जन्मात्तरेषुच।
कर्मणा मनसा वाचा यापापं समुवर्जितं तन्नारायण गोविन्द क्षमस्व गुरुडध्वज।3।
त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखस्त्वमेव
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव ।4।
तत्रैव गंगा यमुना चवेणी, गोदावरी सिंधु सरस्वती च,
सर्वाणि तीर्थानि वसन्ति तत्र, यत्रेच्युतोदार कथा प्रसंगा।5।
नमामि नारायण पादपंकजं करोमि नारायण पूजनं सदा।
वदामि नारायण नाम निर्मलं, स्मरामि नारायण तत्वम् अव्ययम।6।
गो कोटिदानं ग्रहणेषु, काशी, प्रयागं गंगाऽयुतकल्पवासः।
यज्ञायतं मेरु सुवर्णदानं, गोविंदनाम्ना न कदापि तुल्यम्।।

ध्येयः सदा सवितृमण्डल मध्यवर्ती नारायणः सरसिजासन-सन्निविष्ठः।
केयूरवान-कनक-कुण्डलवान्-किरीटी हारी हिरण्य-वपुर्धृत शङ्खचक्रः।8।
करार बिन्देन पदारबिन्दं मुखारबिन्दं विनिवेश्ययन्तं।
अश्वत्थपत्रस्य पुटेशन, बालं मुकन्दं मनसा स्मारामि।9।
गोविन्द गोविन्द हरे मुरारे, गोविन्द गोविन्द रथांगपाणे।
गोविन्द गोविन्द मुकुंद कृष्ण, गोविन्द गोविन्द नमो नमस्ते।10।

विष्णु स्तुतिः

जय नारायण, जय पुरुषोत्तम, जय वामन कंसारे।
उद्धर मामसुरेशविनाशिन् पतितोहं संसारे।।
घोरं हर मम नरक रिपो, केशव कल्मषभारं।
माम्-अनुकम्पय दीनम्-अनाथं, कुरु भव-सागरपारम्।। घोरं हर मम०।।1।।
जय जय देव जया-सुरसूदन, जय केशव जय विष्णो।
जय लक्ष्मीमुख-कमल-मधुव्रत, जय दशकन्धर जिष्णो। घोरं हर मम० ।।2।।
यद्यपि सकलम्-अहं कलयामि हरे, नहि किम्-अपि स सत्वम्।तत्-अपि न मुञ्चति

माम्-इदम्-अच्युत, पुत्रकलत्र-ममत्वं। घोरं हर मम० ।।3।।

पुनर्-अपि जननं पुनर्-अपि मरणं, पुनर्-अपि गर्भ-निवासम्।

सोढुम्-अलं-पुनर्-अस्मिन्-माधव, माम्-उद्धर निजदासम्। घोरं हर मम० ।।4।।

त्वं जननी जनकः प्रभुर्-अच्युत, त्वं सुहृत्-कुलमित्रम्।

त्वं शरणं शरणा-गतवत्सल, त्वं भव-जलधि-वहित्रं घोरं हर मम० ।।5।।

जनक-सुता-पति-चरण-परायण, शंकर-मुनिवर-गीतं।

धारय मनसि कृष्ण-पुरुषोतम, वारय संसृति-भीतिम्।। घोरं हर मम० ।।6।।

कृष्णं वन्देजगत्-गुरुम्

भगवत् गीता के आरम्भ में भगवान् कृष्ण ने यद्यपि कोई मंगल श्लोक कहा नहीं है परन्तु निम्नलिखित 9 श्लोक किसी कृष्ण भक्त ने बनाए हैं। किसी-किसी भगवद्गीता में यह 9 श्लोक छपे हुए मिलते हैं परन्तु कश्मीरी पण्डित परम्परा से प्रायः यह श्लोक गीता के आरम्भ में पढ़ते हैं इसी कारण हमने यह श्लोक अर्थ सहित इस पाठ प्रकरण में जोड़े हैं।

ॐ पार्थाय प्रतिबोधितां भगवता नारायणेन स्वयं,

व्यासेन ग्रथितां पुराण-मुनिना मध्ये महाभारतम्।

अद्वैतामृत-वर्षिणीं भगवतीम्-अष्टादशा-ध्यायिनीम्,
अम्बत्वाम्-अनुसन्दधामि भगवत्-गीते भव-द्वेषिणीम्।।1।।

अर्थ: भगवान् कृष्ण से अर्जुन को समझाई गई, वेदव्यास से महाभारत में ग्रथित की गई, अद्वैत-अमृत की वर्षा करने वाली, अठारह अध्याय वाली, ऐसी ही माता भगवद्गीते, तुम्हारा मैं मन से ध्यान करता हूँ।

नमोस्तु ते व्यास विशालबुद्धे फुल्लारविंदा-यतपत्र-नेत्र।
येन त्वया भारत-तैल-पूर्णः प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः।।2।।

अर्थ: हे विशाल बुद्धि वाले, हे प्रफुल्लित कमल नेत्र वाले वेदव्यास जी! आप ने महाभारत रूप तैल से पूर्ण ज्ञानमय दीपक जलाया, ऐसे आपको नमस्कार हो।

प्रपन्न-पारिजाताय तोत्र-वेत्रैक-पाणये।
ज्ञानमुद्राय कृष्णाय गीतामृत-दुहे नमः।।3।।

अर्थ: शरणागत के कल्पवृक्ष, हाथ में चाबुक लिए हुए, ज्ञान मुद्रा युक्त (ज्ञानरूप) गीता अमृत के दुहने वाले भगवान् कृष्ण को नमस्कार हो।

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्।।4।।

अर्थ: सभी उपनिषद् मानिए गौ हैं, इस उपनिषद रूपी गौवों को दुहने वाला गोपाल नन्दन भगवान् कृष्ण हैं, अर्जुन बछड़ा है, जो स्वयं दूध गाय के स्तनों से पीकर अपना पेट भरता है और दूसरों के लिए भी निकलवाता है। जिन गौओं से दूध निकलवाता है वही गीता अमृत है, जिस अमृत को पीने वाले बुद्धिमान पुरुष हैं।

वसुदेव सुतं देवं कंसचाणूर-मर्दनम्।
देवकी परमानन्दं कृष्णं वन्दे जगत्-गुरुम्।।5।।

अर्थः वसुदेव के पुत्र, कंस और चाणूर को मारने वाले, देवकी को परमानन्द देने वाले जगत् गुरु भगवान् कृष्ण को मैं प्रणाम करता हूँ।

भीष्मद्रोणतटा जयत्रथ-जला गान्धर-नीलोत्पला,
शल्य-ग्राहवती कृपेण वहनी कर्णेन वेलाकुला।
अश्वत्थाम-विकर्ण-घोर-मकरा दुर्योधना-वर्तिनी,
सोत्तीर्णा खलुपाण्डवैः रणनदी कैवर्तके केशवः।।6।।

अर्थः जिस युद्धरूपी नदी के भीष्म और द्रोण दोनों तट हैं, जिसमें जयत् रथ जल हैं, गान्धार नील कमल हैं, शल्य ग्रह (ग्रसने वाला) जलचर है, कृप प्रवाह है, कर्ण लहरे हैं, अश्वत्थामा और विकर्ण घोरमकर हैं, दुर्योधन भंवर है, ऐसी युद्धरूपी नदी निश्चय करके पाण्डवों से मल्लाह भगवान् कृष्ण द्वारा उत्तीर्ण की गई है।

पाराशर्यवचः सरोजं-अमलं, गीतार्थ-गन्धोत्कटं
नानाख्यानक-केशरं-हरिकथा, सम्बोधना बोधितम्।
लोके सज्जन-षट्पदैर्-अहर्-अहः पेपीयमानं मुदा,
भूयात्-भारत-पंकजं, कलिमल-प्रध्वंसिनः श्रेयसे।।7।।

अर्थः पाराशर्य (वेदव्यास) के वचनरूपी सर में उत्पन्न हुए निर्मल गीता-अर्थ रूप उत्कट गन्धवाला, नाना प्रकार के प्रसंगरूप सुगन्धित फूलवाला, हरिकथा (ज्ञान की कथाओं) से जो प्रफुल्लित है, संसार में सत्यपुरुष भ्रमरों से आनन्दपूर्वक प्रतिदिन पिया जाने वाला, कलियुग के पापों का नाश करने वाला ऐसा यह महाभारत रूप कमल हमारा कल्याण करे।

मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिं।

यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्द-माधवम्।।8।।

अर्थः मैं उस परमानन्द लक्ष्मीपति को नमस्कार करता हूँ, जिनकी कृपा गूंगे को वाचाल और लंगडे को पर्वत उलंघन करने वाला बना देता है।

यं ब्रह्मा वरुणेन्द्र रुद्रमरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवै-

वेदैः साँगपद-क्रमोप-निषदै-र्गायन्ति यं सामगाः।

ध्यानावस्थित-तद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो,

यस्यान्तं न विदुः सुरा-सुर-गणा देवाय तस्मै नमः।।

अर्थः जिनका ब्रह्मा, वरुण, इन्द्र और मरुद्गण दिव्य स्तोत्रों द्वारा स्तुति करते हैं, सामवेद के गाने वाले अंग, पद, क्रम और उपनिषदों के सहित वेदों द्वारा जिनका गान करते हैं, योगीजन ध्यान में स्थित तद्गत हुए मनसे जिनका दर्शन करते हैं, देवता और असुरगण (कोई भी) जिनके अन्त को नहीं जानते, उन (परमपुरुष नारायण) देव के लिए मेरा नमस्कार हो।

अष्टादश श्लोकी गीता

निमित्तानि च पश्यामि-विपरीतानि केशव,

न च श्रेयो-नुपश्यामि हत्वा स्वजनम्-आहवे।।1।।

अर्थः अर्जुन भगवान् से कहता है, कि अब मुझे सब लक्षण उल्टे दिखाई देते हैं, ऐंसे मुझे प्रतीत नहीं होता है कि अपने

सम्बन्धियों को युद्ध में मारकर कुछ कल्याण हो सकेगा।

योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय।

सिद्ध्य-सिद्ध्-योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।2।।

अर्थः फल की आशा छोड़ कर सिद्धि हो या न हो फिर भी अपने मन की वृत्ति समान रखनी चाहियें, इस प्रकार की चित्त की समवृत्ति को योग कहते हैं, इस योग से युक्त होकर मनुष्य अपने सब कर्म करे।

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्,

इद्रियार्थान्-विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते।।3।।

अर्थः जो हठ से कर्मेन्द्रियों को रोकता है परन्तु अन्दर ही अन्दर मन से विषयों का चिन्तन करता है उस मूर्ख को मिथ्याचारी कहते हैं।

श्रद्धावान्-लभते ज्ञानं तत्-परः संयतेन्द्रियः,

ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिम्-अचिरेणाधिगच्छति।।4।।

अर्थः ईश्वर गुरु और धर्म शास्त्रों में श्रद्धा रखने वाला मनुष्य ज्ञान को प्राप्त करता है और ज्ञान होने पर उसको शान्ति प्राप्त होती है।

यतेन्द्रिय मनो बुद्धि-र्मुनि-मोक्ष-परायणः,

विगतेच्छा-भय क्रोधो-यः सदा मुक्त एव सः।।5।।

अर्थः जो मनुष्य इन्द्रियो, मन और बुद्धि को वश में रखता है और केवल ब्रह्मशन्ति प्राप्त करने में लगा रहता है वह सदा मुक्त है।

युक्ताहार-विहारस्य युक्त-चेष्टस्य कुर्मसु,

युक्त-स्वप्ना-व बोधस्य योगो भवति दुःखहा।।6।।

अर्थः यथायोग्य आहार विहार करने वाला कर्मों को यथा योग्य ढंग से करने वाला यथायोग्य निंद्रा करने और योग्य समय पर उठने वाले साधक का योग दुःख को दूर करने वाला होता है।

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया,
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायाम्-एतां-तरन्ति-ते।।7।।

अर्थः परमात्मा की सत्वरज तमोगुणमयी माया को पार करना कठिन है जो मुझ ईश्वर को प्राप्त करते हैं वह इस माया से पार हो जाते हैं।

अग्निर्-ज्योतिर्-अहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम्,
तत्रो प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः।।8।।

अर्थः उत्तरायण काल के छः मास के शुक्ल पक्ष में दिन के प्रकाश में प्रदीप्त अग्नि के समय जो ब्रह्मज्ञानी इस शरीर को छोड़कर चले जाते हैं वे ब्रह्म को प्राप्त होते हैं।

अपि चेत्-सुदुराचारो भजते माम्-अनन्यभाक्,
साधुर्-एव स मन्तव्यः सम्यक्-व्यव-सितोहि-सः।

अर्थः बड़े से बड़ा दुराचारी यदि अनन्यभाव से मेरा भजन करेगा तो यह समझ लेना चाहिये कि वह साधु हो जायेगा।

यो माम्-अजम्-अनादिम्-च वेत्ति-लोक महेश्वरम्,
असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते।।

अर्थः जो मुझे जन्म रहित, आदि रहित सब लोकों का स्वामी समझता है वह संसार में अज्ञान से छूटकर ज्ञानी बनकर सब पापों से मुक्त होता है।

मत्कर्म कृत्-मत्परमो मत्-भक्तः संघ-वर्जितः,
निर्वैरः, सर्व-भूतेषु यः स मामेति पाण्डव।।

अर्थः हे अर्जुन ! जो मेरे लिये कर्म करता है, जो मुझे परमश्रेष्ठ मानता है जो भोगों का संग छोड़ता है और सब प्राणियों के विषय में वैर रहित होता है मेरा वही भक्त मुझे प्राप्त करता है।

श्रेयो हि ज्ञानम्-अभ्यासात्, ज्ञानात्-ध्यानं विशिष्यते,
ध्यानात्-कर्म-पलत्याग, स्त्यागात्-शान्तिर्-अनन्तरम्।।

अर्थः अभ्यास योग से ज्ञान श्रेष्ठ है, ज्ञान योग से ध्यान योग की विशेषता अधिक है, ध्यान योग से कर्मफल का त्याग उत्तम है, कर्मफल का त्याग करने से शीघ्र ही शान्ति मिलती है।

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्व-क्षेत्रेषु भारत,
क्षेत्र-क्षेत्र ज्ञयोर्ज्ञानं-तत्-यत्-ज्ञानं मतं मम।।

अर्थः हे भारत ! सब क्षेत्र में रहने वाले मुझे तू क्षेत्रज्ञ समझ जो क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का ज्ञान है वही मेरा ज्ञान है।

मां च यो-व्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते,
स गुणान्-सम्-अतीत्य-तान्-ब्रह्म्-भूयाय कल्पते।।

अर्थः जो एक निष्ठ भक्ति भाव से मेरी सेवा करता है वह इन गुणों को लांघ कर ब्रह्म के महत्व को प्राप्त करने योग्य बन जाता है।

निर्मान-मोहा जितसंग-दोषा अध्यात्म-नित्या विनि-वृत्तकामाः,

द्वन्द्वै-र्विमुक्ता सुख दुःख संज्ञैर्गच्छन्त्य मूढाः पदम्-अव्ययं तत्।।

अर्थः जो अभिमान रहित, मोह रहित, अनासक्त आत्मनिष्ठ भोगवासना रहित, द्वन्द्वभाव से दूर और ज्ञानी है, वह उस अविनाशी परम पद को प्राप्त होते हैं।

यः शास्त्र-विधिम्-उत्सृज्य वर्तते काम-कारतः।

न स सिद्धिम्-अवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्।।

अर्थः जो शास्त्र विधि को त्याग कर मनमाना आचरण करता है उसे न सिद्धि मिलती है न सुख मिलता है और न श्रेष्ठ गति ही प्राप्त होती है।

मनः प्रसादः सौम्यत्वं मौनम्-आत्म-विनिग्रहः,

भाव-संशुद्धिर्-इत्येतत्-तपो मानसम् उच्यते।।

अर्थः मन को प्रसन्न रखना, शान्ति का अवलम्बन करना, मौन धारण करना, संयम करना और आत्मशुद्धि करना मानसिक तप है।

सर्व-धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज,

अहं त्वा सर्व-पापेभ्यो मोक्ष-यिष्यामि मा-शुचः।।

अर्थः सब धर्मों को छोड़कर मुझ अकेले (ईश्वर) की शरण आये मैं तुम्हें सब पापों से मुक्त करूँगा, तू शोक मत कर।

सप्तश्लोकी गीता

ॐ इत्येकाक्षरं ब्रह्म, व्याहरन्-माम्-अनुस्मरन्,
यः प्रयाति त्यजन् देहं, स याति परमां गतिम्।

अर्थः योग धारण में स्थित ओंकार रूपी एकाक्षर ब्रह्म का उच्चारण करता हुआ और मेरा (परमेश्वर) का चिन्तन करता हुआ जो साधक देह त्यागता है वह निःसन्देह श्रेष्ठगति को प्राप्त होता है।

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या। जगत्-प्रहृष्य-त्यनुरज्यते च।।
रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति। सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघाः।।1-2।।

अर्थः हे हृषीकेश यह ठीक है आपका कीर्तन करने से जगत् प्रसन्न होता है और उसमें उसकी प्रीति होती है, राक्षस तुम से डर कर दिशाओं में भाग जाते हैं और सभी पुरुषों के समुदाय आपको प्रणाम करते हैं।

सर्वतः पाणिपादं तत्-सर्वतोक्षि-शिरोमुखम्,
सर्वतः श्रुतिमत्-लोके सर्वम्-आवृत्य-तिष्ठाति।।3।।

अर्थः इस लोक में उसके सर्वत्र हाथ, पांव सब ओर आँख, सिर, मुख और सब ओर कान हैं वह सर्वत्र व्यापत कर रह रहा है।

कविं पुराणम्-अनुशासितारम्। अणोरणीयांसम्-अनु-स्मरेत्-यः।।
सर्वस्य धातारम्-अचिन्त्यरूपम्। आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्।।4।।

अर्थः जो अन्तकाल में सर्वज्ञ पुरातन नियन्ता अणु से भी सूक्ष्म, सब के धारण कर्ता अचिन्त्य स्वरूप अन्धकार से परे रहने वाले सूर्य के समान तेजस्वी ईश्वर का स्मरण करता है- वह उसी दिव्य परमात्मा को प्राप्त होता है।

उर्ध्वमूलम्-अधः-शाखम्-अश्व-त्थं प्राहुर्-अव्ययम्।
छन्दांसि-यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित्।।5।।

अर्थः संसार का वृक्ष अनादि चारों ओर फैला है, इसके ज्ञान रूपी पत्ते सबको शीतल छाया देने वाले हैं, शाखायें ऊपर नीचे फैली है, इनमें तत्व-रज तुम गुणों का रस भरपूर भरा है, शब्द स्पर्श रूप रस गंध विषयों के सुखदायी कोमल अंकुर लगे हैं और इनकी कर्मों से सम्बन्ध जोड़ने वाली जड़े चारों ओर फैली हुई है।

सर्वस्य चाहं हृदि संनिविष्टो मत्तः स्मृतिर्-ज्ञानम्-अपोहनं च।
वेदैश्च सर्वैर्-अहमेव वेद्यो वेदान्त-कृत्-वेद विदेव-चाहम्।।6।।

अर्थः मैं ईश्वर सबके हृदयों में रहता हूँ, मुझसे ही सब को स्मरण, ज्ञान विस्मरण और अज्ञान होता है मैं ही सब वेदों के द्वारा जानने योग्य हूँ और मैं ही वेदान्त शास्त्र का निर्माण करने वाला और वेद का ज्ञाता हूँ।

मन्मना-भव-मत्-भक्तो मत्-याजी मां नमस्कुरु।
मामे-वैष्यसि युक्त्वैवम्-आत्मानं मत्-परायणः।। 7।।

अर्थः मुझ में मन लगा, मेरा भक्त बन, मेरे निमित्त भजन कर, मुझे नमस्कार कर, इस तरह मुझमें परायण होकर मेरे साथ आत्मा का योग करने से तू मुझे प्राप्त कर लेगा।

वन्दे महापुरुष ते चरणारबिन्दम्

ध्येयं सदा परिभवघ्नं-अभीष्टदोहं, तीर्थास्पदं शिव-विरिञ्चि-नुतं शरण्यम्।
भृत्यार्तिहं प्रणतपाल ! भवाब्धिपोतं, वन्दे-महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।।1।।

अर्थः *हे महापुरुष- हे प्रणतपाल भगवान् कृष्ण ! मैं आपके उस चरण कमल को प्रणाम करता हूँ, जो चरण कमल ध्यान करने योग्य है, जो दुःखों का नाश करने वाला है, जो इच्छित पदार्थों का देने वाला है, जिस में सभी तीर्थ टिके हुये हैं, शंकर और ब्रह्मा जिस को झुकते है, जो रक्षा करने वाला है, जो भक्तों के दुःख का नाश करने वाला है, जो भवसागर से पार करने के लिए जहाज है।*

त्यक्त्वा सुदुस्त्यज-सुरेप्सित-राज्यलक्ष्मीं, धर्मिष्ठ-आर्य-वचसा यत्-अगात्-अरण्यम्।
मायामृगं दयित-येप्सितं-अनुधावत्, वन्दे महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।।2।।

अर्थः *धर्मात्मा राजा दशरथ के कहने से (ऐसी राज्य लक्ष्मी) ऐसा राजपाठ जिस का त्याग करना बहुत ही कठिन है, जिस को देवता चाहते हैं-ऐसे राज्य पाठ को छोड़कर (ठुकराकर) जो चरणार-बिन्द जंगल में गया, सीता से चाहे हुये, माया शरीरधारी मृग के पीछे जो चरण कमल दौड़ पड़ा, ऐसे ही प्रशंसनीय कार्य रामावतार में जिस चरण कमल ने किया था उसको मैं नमस्कार करता हूँ।*

श्रीमत्-सरोरुह-यवाँकुश-चक्रचाप, मत्स्या-ङ्कितं नव-विल्लोहित-पल्लवाभम्।।
लक्ष्म्यालयं परममंगलं-आत्मरूपं, वन्दे महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।।3।।

अर्थः *मैं आप के उस चरण कमल को प्रणाम करता हूँ, जो शोभायुक्त है, जो चरणारबिन्द कमल, जव, अंकुश, चक्र, धनु, मछली*

इन सामुद्रिक राज योग वाले चिन्हों से युक्त हैं जो लाल वालपत्र की जैसा शोभावाला है जो लक्ष्मी का घर है, जो परमात्मा का ही प्रत्यक्षरूप हैं।

वृन्दावनान्तरं-अगात्-अनुगोकुलानां, संचार्य सर्वपशुभिः स्वविवृद्ध-कामी।
संचिन्तयत्-अगगुरो-मृगपक्षिणां यत्, वन्दे महापुरुष ! ते चरणार बिन्दम्।।4।।

अर्थः जो भगवान् कृष्ण अपने कुल की वृद्धि का इच्छुक था, गोकुल के सभी पशुओं के साथ दौड़-धूप करके जो चरण कमल वृन्दावन में गया, जिस चरणारबिन्द ने सभी मृगपक्षी गाओं को गोवर्धन पर्वत के नीचे एकत्रित किया था, हे महापुरुष भगवान् आप के उसी चरणारबिन्द को मैं प्रणाम करता हूँ।

यत्-गोपिका-विरह-जाग्नि परीतदेहाः, तप्तस्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम्।
रासे तदीय कुच-कुँकम-पङ्कलिप्तं, वन्दे महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।।5।।

अर्थः रामलीला में गोपिकाओं के स्तनों के केसरलेप से लिप्त जिस चरणारबिन्द को (आलिंगन) स्पर्श करके, विरह की अग्नि से घेरे हुये गोपिकाओं के जलन से पीड़ित स्तनों का ताप दूर हुआ था हे महापुरुष कृष्ण! मैं उस चरणारबिन्द को प्रणाम करता हूँ।

कालीय-मस्तक-विघटन-दक्षम्-अस्य, मोक्षेप्सुभि-र्विरहदीन-मुखाभिर्-आरात्।
तत्-पत्निभिः स्तुतम्-शेष-निकामरूपं, वन्दे महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।।6।।

अर्थः पति के विरह से दुःखित, पति के मुक्ति की इच्छावाली, कालीनाग की स्त्रियों ने, कालीनाग के समीप बैठकर जिस चरणारबिन्द की अनन्य भक्ति से स्तुनि की थी, जो चरणारबिन्द कालीनाग के मस्तक फोड़ने में (नष्ट करने में) निपुण था, हे महापुरुष, मैं आप के उस चरणारबिन्द को नमस्कार करता हूँ।

ज्ञानालयं श्रुतिविमृग्यं-अनादिम्-अर्च्यम्, ब्रह्मादिभि हृदि-विचन्त्यं-अगाध-बोधैः।
संसार-कूप-पतितो-त्तरणाव-लम्बम्, वन्दे महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।।7।।

अर्थः जो ज्ञान का घर है, वेद जिस को ढूँढते हैं, जो आद्यन्त रहित है, जो पूजा के योग्य है, जो ज्ञान का भण्डार हैं। ब्रह्मादि देवता हृदय में जिस का चिन्तन करते हैं, संसाररूपी कुएँ में गिरे हुओं को पार करने में जो सहारा बना है- हे महापुरुष कृष्ण मैं आपके उस चरणारबिन्द को नमस्कार करता हूँ।

येनाङ्क-बालवपुषः स्तनपान-बुद्धेः, त्वत्-अँघ्रिणा-हृतमऽनो विपरीत चक्रम्।
विध्वस्त-भाण्डम्-अपतत् भुवि गोपमूर्ते, वन्दे महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।।7।।

अर्थः गोद में उठाने योग्य छोटे शरीर वाले, दूध पीने के इच्छुक श्री कृष्ण के पाँवों से लात मारा हुआ, तोड़े हुये दूध के बर्तनों से भरा हुआ उल्टा दिया हुआ छकडा नन्दगोप के आँगन में जिस चरणारबिन्द ने गिराया उस आपके चरण कमल को हे महापुरुष मैं नमस्कार करता हूँ।

इत्यष्टकं पठति यः परमस्य पुंसो, नारायणस्य निरयार्णव-तारणस्य।
सर्वाप्तिमाशु-हृदये कुरुते मनुष्यः, संप्राप्य-देहविलयं लभते च मोक्षम्।।8।।

अर्थः सृष्टि के बनाने तथा लय करने वाले, कष्टों से भरे सागर से पार करने वाले, भगवान् कृष्ण के यह आठ श्लोक जो मनुष्य हृदय में धारण करता है, भक्ति से पढ़ता है, वह मनुष्य सभी ऐश्वर्य प्राप्त करके, आवागमन के चक्र से मुक्त हो जाता है।

प्रातः स्मरण मंगलस्तोत्रम्

उत्तिष्ठो-त्तिष्ठ गोविन्द, उत्तिष्ठ गरुड़-ध्वज, उत्तिष्ठ-कमलाकान्त, त्रैलोक्ये मंगलं कुरु ।।1।।
मंगलं भगवान् विष्णुः, मंगलं गरुड-ध्वजः, मंगलं पुण्डरीकाक्षः मंगलायतनं हरिः ।।2।।

मूकं करोति वाचालं पंगुं लंघयते गिरिम्, यत् कृपा तम्-अहं वन्दे, परमानन्द-माधवम् ।।3।।
नमो ब्रह्मण्य-देवाय, ग्रोब्रह्मण-हिताय च, जगत्-हिताय कृष्णाय, गोविन्दाय नमोनमः ।।4।।
कृष्णाय वासुदेवाय, देवकी-नन्दनाय च, नन्द गोपकुमाराय, गोविन्दाय नमो नमः ।।5।।
त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वम्-एव,
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव ।।6।।

अच्युताष्टकम्

अच्युतं केशवं रामनारायणं, कृष्णदामोदरं वासुदेवं हरिम्।
श्रीधरं माधवं गोपिका वल्लभं, जानकी नायकं रामचन्द्रं भजे।।
अच्युतं केशवं सत्य-भा-माधवं, माधवं, श्रीधरं राधिकाऽराधितम्।
इन्दिरा मन्दिरं चेतसा सुन्दरं, देवकी नन्दनं नन्दनं सन्दधे।।
विष्णवे जिष्णवे शंखिने चक्रिणे, रुक्मिणी रागिणे जानकी जानये।
वल्लवी-वल्लभा-याऽर्चिता-यात्मने, कंस-विध्वंसिने-वंशिने-ते-नमः।।

कृष्ण गोविन्द हे राम नारायण, श्रीपते वासुदेवाजित श्रीनिधे।
अच्युतानन्त हे माध्वाधोक्षज, द्वारका नायक द्रौपदी रक्षक।।
राक्षस-क्षोभितः-सीतया-शोभितो, दण्डकारण्य-भू-पुण्यता-कारणः।
लक्ष्मणेनाऽन्वितो-वानरैः-सेवितो-गस्त्य-सम्पूजितो-राघवः-पातु-माम्।।
धेनुकारिष्टको-ऽनिष्टकृत्-द्वेषिणां, केशिहा-कंसहृत्-वंशिका-वादिकः।
पूतना कोपकः सूरजा खेलनो, बाल गोपालकः पातु मां सर्वदा।।
विद्युत-द्योतवान्-प्रस्फुरत्-वाससं, प्रावृडम्-भोदवत्-प्रोल्लसत्-विग्रहम्।
वन्यया मालया शोभितोरः स्थल, लोहितांघ्रिद्वयं वारिजाक्षं भजे।।
कुञ्चितैः-कुन्तलैः-भाजमा-नानं, रत्न-मौलिं-लसत्-कुण्डले-गण्डयोः।
हारकेयूरकं-कंकण-प्रोज्जवलं, किंकिणीं-अंजुलं-श्यामलं-तं-भजे।।
अच्युतस्याष्टकं-यः-पठेत्-इष्टदं, प्रेमतः-प्रत्यहं-पूरुषः-सस्पृहम्।
वृत्ततः सुन्दरं कर्तृ विश्वम्भरं तस्य वश्यो हरिर्जायते सत्त्वरम्।।

भज गोविन्दं भज गोविन्दं

दिनमपि रजनी सायं प्रातः शिशिरवसन्तौ पुनर् आयातः।
कालः क्रीडति गच्छति-आयु-तदपि न मुञ्चति-आशावायुः।।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।
प्राप्ते सन्निहिते मरणे नहि नहि रक्षति डुकृञ-करणे।
अग्रे वह्निः पृष्ठे भानू रात्रौ चिबुक-समर्पित जानुः
करतल भिक्षा तरु तल वासः, तदपि न मुञ्चति-आशा-पाशः।।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।
यावत्-वित्तोपार्जन-सक्तः तावत् निज-परिवारो रक्तः।
पश्चात्-धावति-जर्जर-देहे वार्ता पृच्छति कोऽपि न गेहे।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।
जटिलो मुण्डी लुञ्चित-केशः, काषायाम्बर-बहु कृत वेषः।
पश्यन्नपि च न पश्यति मूढ, उदर-निमितं-बहु कृत वेषः।

भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।
भगवत्-गीता-किञ्चित्-अधीता, गङ्गा-जल-लव-कणिका पीता।
सकृदपि यस्य मुरारि-समर्चा, तस्य यमः किं कुरुते चर्चा।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।
अङ्गं गलितं पलितं मुण्ड्ं, दशनविहिनं-जातं-तुण्डम्।
वृद्धो याति गृहीत्वा दण्डं, तदपि न मुञ्चति-आशा-पिण्डम्।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।
बालः-तावत्-क्रीडा-सक्तः, तरुणःतावत्-तरुणी-रक्तः।
वृद्धः-तावत्-चिन्ता-मग्नः, परमे-ब्रह्मणि-कोऽपि-न-लग्नः।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।
पुनरपि-जननं-पुनरपि-मरणं, पुनरपि-जननी-जठरे-शयनम्।
इह संसारे-खलु-दुस्तारे, कृपयाऽ पारे-पाहि-मुरारे।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।
पुनरपि-रजनी-पुनरपि-दिवसः, पुनरपि-पक्षः-पुनरपि-मासः।

पुनरपि-अयनं-पुनरपि-वर्षं, तदपि-न-मुञ्चति-आशा-मर्षम्।

भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

वयसि-गते-कः-कामविकारः, शुष्के-नीरे-कः-कासारः।
नष्टे-द्रव्ये-कः-परिवारो, ज्ञाते-तत्वे-कः-संसारः।

भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

नारीस्तन भर-नाभि निवेशं, मिथ्या-माया-मोहा-वेशम्।
एतत्-मांस-वसादि-विकारं, मनसि-विचारय-बारम्-बारम्।

भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

कः-त्वं-कोऽहं-कुत-आयातः, का-मे-जननी-को-मे-तातः।
इति-परि-भावय-सर्वम्-असारं, विश्वं-त्यक्त्वा-स्वप्न-विचारम्।

भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

गेयं-गीता-नाम-सहस्रं, ध्येयं-श्री-पति-रूपं-अजस्रम्।
नेयं-सज्जन-सङ्गे-चितं, देयं-दीन-जनाय-च-वित्तम्।

भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।
यावत्-जीवो-निवसति-देहे, कुशलं-तावत्-पृच्छति-गेहे।
गत-वति-वायौ-देहापाये, भार्या-बिभ्यति-तस्मिन्-काये।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।
सुखतः-क्रियते-रामा-भोगः, पश्चात्-हन्त-शरीरे-रोगः।
यद्यपि-लोके-मरणं-शरणं, तदपि-न-मुञ्चति-पापा-चरणम्
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।
कुरुते-गङ्गा-सागर- गमनं, व्रत-परि-पालनम्-अथवा-दानम्।
ज्ञान-विहीनः-सर्व मतेन, मुक्तिः-न-भवति-जन्मशतेन
भज गोविन्दं भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

श्रीराम स्तुतिः

श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि, सुग्रीवमित्रं परमं पवित्रं, सीताकलत्रं नवमेघ-गात्रम्।
कारुण्य-पात्रं शतपत्र-नेत्रं, श्रीराम-चन्द्रं सततं नमामि।।1।।

अर्थः- सुग्रीव के मित्र, परमपावन, सीता के पति नवीन मेघ के समान शरीर वाले, करुणा के सिन्धु, कमल के समान नेत्रवाले श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

संसार-सारं निगम-प्रचारं-धर्मावतारं हृतभूमि-भारम्।

सदाविकारं सुखसिन्धु-सारं-श्रीराम-चन्द्रं सततंनमामि।।2।।

अर्थः- असार संसार का सारवस्तु, वेदों का प्रचार करने वाले, धर्म के अवतार, भू-भार हरण करने वाले, सदा विकार रहित, आनन्द सिन्धु के सारभूत, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

लक्ष्मो-विलासं जगतां निवासं-लंकाविनाशं भुवन-प्रकाशम्।

भू-देव-वासं शरत्-इन्दुहासं-श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।3।।

अर्थः- लक्ष्मी से विलास करने वाला, जगत् का निवास, लांकनाश करने वाला, भुवनों को प्रकाशित करने वाला, ब्राह्मणों को शरण देने वाला, शरत् चन्द्र हास्यवाला, श्रीरामचन्द्र का मैं निरन्तर नमन करता हूँ।

मन्दार-मालं-वचने रसालं-गुणैर्विशालं हत-सप्त-तालम्

क्रव्याद-कालं सुर-लोकपालं-श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।4।।

अर्थः- मन्दारपुष्प माला वाले, रसीले वचन बोलने वाले, गुणों में महान, साततााल वृक्ष भेदने वाले, राक्षसों के काल, देवलोक पालक, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

वेदान्त-गानं सकलैः समानं - हतारि-मानं-त्रिदश-प्रधानम्।

गजेन्द्र-यानं विगतावसानं-श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।5।।

अर्थः- वेदान्त द्वारा गेय, सवके साथ एक जैसा, शत्रुओं का नाम मर्दन करने वाला, देवताओं में गजेन्द्र सवारी करने वाले, अन्त-रहित-श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

श्यामाभि-रामं नयना-भिरामं, गुणाभिरामं, वचनाभिरामम्।

विश्व-प्रणामं कृतभक्तकामं, श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।6।।

अर्थः- श्याम सुन्दर, नेत्रों को आनन्द देने वाला, गुणों से मनोहर, मधुर वचन बोलने वाले विश्व वन्दनीय, भक्तजनों की कामनायें पूर्ण करने वाले, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दरना करता हूँ।

लीलाशरीरं रणरंगधीरं, विश्वैकसारं रघुवंश-हारम्।

गम्भीरनादं जितसर्व-वादं, श्रीरामचन्द्र सततं नमामि।।7।।

अर्थः- लीला के लियं शरीर धारण करने वाले रणस्थली में धीर, रघुवंश में श्रेष्ठ, गम्भीरवाणी बोलने वाले, समस्तवादों को जीतने वाले, श्रीरामचन्द्र को मैं प्रतिक्षण प्रणाम करता हूँ।

खले कृतान्तं स्वजने विनीतं-सामोपगीतं मनसाऽप्रीततम्।

रोगणगीतं वचनात्-अतीतं-श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।।8।।

अर्थः- दुष्टों के लिये मृत्युरूप, अपने भक्तों के लिये नम्रभाव वाले, सामवेद के द्वारा स्तुत, मन के अगोचर प्रेम से गान करने वाले योग्य, वचनों से अग्राहय, श्रीरामचन्द्र को मैं सर्वदा नमस्कार करता हूँ।

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।

बच्चियों में बाल काटने की आदत न डाले। यह हमारी संस्कृति का अपमान है।

मस छुय वस

श्री हनूमते नमः

श्री हनुमान चालीसा

दोहा

श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुरू सुधारि।
बरनऊँ रघुबर बिमल जसु, जो दायकु फल चारि।।
बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार।
बल बुद्धि बिद्या देहु मोहिं, हरहु कलेस बिकार।।

चौपाई

जय हनुमान ज्ञान गुन सागर।
जय कपीस तिहुँ लोक उजागर।।
राम दूत अतुलित बल धामा।
अंजनि - पुत्र पवन सुत नामा।।
महाबीर बिक्रम बजरंगी ।
कुमति निवार सुमति के संगी ।।
कंचन बरन बिराज सुबेसा ।
कानन कुण्डल कुंचित केसा ।।
हाथ बज्र और ध्वजा बिराजै ।
काँधे मूँज जनेऊ साजै ।।
संकर सुवन केसरी नन्दन ।
तेज प्रताप महा जग बन्दन ।।
बिद्यावान गुनी अति चातुर ।
राज काज करिबे को आतुर ।।
प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया ।
राम लखन सीता मन बसिया ।।
सूक्ष्म रूप धरि सियहिं दिखावा ।
बिकट रूप धरि लंक जरावा ।।

भीम रूप धरि असुर सँहारे ।
रामचन्द्र के काज सँवारे ।।
लाय सजीवन लखन जियाये ।
श्री रघुबीर हरषि उर लाये ।।
रघुपति कीन्ही बहुत बड़ाई ।
तुम मम प्रिय भरतहि सम भाई ।।
सहस बदन तुम्हरो जस गावैं ।
अस कहि श्रीपति कंठ लगावैं ।।
सनकादिक ब्रह्मादि मुनीसा ।
अर्थः- जो सदा पूर्ण शंकर की प्राण प्रिया पार्वती है वह अन्न पूर्णा है उससे मैं ज्ञान वैरागय और शुभ कामनाओं के सिद्धि के लिये अन्नरूपी भिक्षा मांगता हूँ।

पुरुष-सूक्तम्

पुरुषमेधाः पुरुषस्य नारायणस्यार्षम्।
ॐ सहस्रशीर्षा, पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
सभूमिं विश्वतो वृत्वा त्यतिष्ठत् दशाङ्गुलम्।।
पुरुष एवेदं सर्वं यत् भूतं चत् च भव्यम्।
उत्तामृत त्वस्ये शानो, यत् अन्नेनाति रोहति।।
एतावानस्य महिमातो ज्यायान-च, पुरुषः।
पादोस्य, विश्वा भूतानि त्रिपाद् अस्या मृतं दिवि।।
त्रिपात् ऊर्ध्वं उदैत्पुरुषः पादोऽस्येहा भवत् पुनः।
ततो विश्वं व्याक्रामत् साशना नशने अभि।।
तस्मात् विराड् अजायत विराजो अधिपुरुषः।
स जातो अत्यरिच्यत, पश्चात् भूमिम्-अथो पुरः।।
यत् पुरुषेण हबिषा देवा यज्ञम्-अतन्वत।
वसन्तो अस्यासीत्-आज्यं ग्रीष्म इध्मः शरत् हविः।।
तं यज्ञं बर्हिषि प्रोक्षन् पुरुषं जातम्-अग्रतः।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये।।
तस्मात् यज्ञात् सर्वहुतः सम्भृतं पृषत् आज्यम्।
पशून् तान् चक्रे वायव्यान् आरण्यान् ग्राम्यांश्चये।।
तस्मात् यज्ञात् सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात् यजु तस्मात् अजायत।।
तस्मात्-अश्वा-अजायन्त ये के चोभयादतः।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात् तस्मात् जाता अजावयः।।
यत् पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्य कौ बाहू का उरू पादा उच्यते।।
ब्रह्माणोस्य मुखं-आसीत्-बाहू राजन्यः कृतः।

ऊरू तदस्य यत् वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत।।
चन्द्रमः मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।
मुखात् इन्द्रश्चाग्निश्च प्राणात् वायुः अजायत।।
नाभ्या आसीत् अन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत।
पद्भ्यां भूमि दिंशः श्रोत्रात् तथा लोकान्-अकल्पयन्।।
सप्तास्या सन् परिधयः त्रिः सप्त समिधः कृताः।
देवा यत् यज्ञं तन्वाना आबध्नन् पुरुषं पशुम्।।
यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमा न्यासन्
ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्या सन्ति
देवाः।।

सूर्याष्टकम्

आदिदेव नमस्तुभ्यं प्रसीद मम भास्कर।
दिवाकर नमस्तुभ्यं प्रभाकर नमोऽस्तु ते।।

सप्ताश्वरथमारूढं प्रचण्डं कश्यपात्मजम्।
श्वेतपद्मधरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
लोहितं रथमारूढं सर्वलोकपितामहम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
त्रैगुण्यं च महाशूरं ब्रह्मविष्णुमहेश्वरम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
बृंहितं तेजःपुञ्जं च वायुमाकाशमेव च।
प्रभुं च सर्वलोकानां तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
बन्धूकपुष्पसङ्काशं हारकुण्डलभूषितम्।
एकचक्रधरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
तं सूर्यं जगत्कर्तारं महातेजःप्रदीपनम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।

संस्कृत पढ़ें

शांतिपाठ

भद्रंकर्णेभिः शृणुयाम देवाः, भद्रं पंश्येमाक्षिभिर्यजत्राः। स्थिरैरंगैः तष्टुवांसस्तनूभि व्यर्शेम देवहित यदायुः, स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः
स्वस्तिनः ताक्ष्यों अरिष्टनेमीः स्वस्ति नो बृहस्पतिः दधातु।।1।।
स्वस्तिप्रजाभ्यः परिपालयन्तां, न्यायेन मार्गेण महीं महीपाः।
गोब्राह्मणेभ्यः शुभमस्तु नित्यं, लोकाः समस्तः सुखिनो भवन्तु।।2।।
काले वर्षतु पर्जन्यः पृथिवी सस्यशालिनी। देशोयं क्षोभरहितो ब्राह्मणाः सन्तु निर्भयाः ।।3।।
दुर्जनः सज्जनो भूयात् सज्जनः शान्तिम् आप्नुयात्। शान्तिम् उच्येत बन्धेभ्यो मुक्तश्चान्यान् विमोचयेत्।।4।।
सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।।5।।
राजस्वस्ति प्रजास्वस्ति देशस्वस्ति तथैव च। यजमान गृहे स्वस्ति, स्वस्ति गोब्राह्मणेषु च ।।6।।
विधेहि देवि कल्याणं विधेहि परमां श्रियं रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।7।।
शन्नो मित्रः, शं वरुणः, शन्नो भवत्वर्यमा, शन्नो इन्द्रो बृहस्पतिः, शन्नो विष्णुरुरुक्रमः, नमो ब्रह्मणे, नमो वायवे, नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि, ऋतं वदिष्यामि, सत्यं वदिष्यामि, तन्मामवतु, तद्वक्तारमवतु, अवतु मामवतु वक्तारं, शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।8।।
सह नौ अवतु, सह नौ भुनक्तु, सहवीर्य करवावहै,
तेजस्विनाम् अधीतमस्तु माद्विषावहै शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।9।।

गायत्री मन्त्र का महत्व

गायत्री की महिमा सभी वेदों तथा पुराणशास्त्रों में सविस्तार दर्ज है—अथर्व-वेद में स्वयं वेद्भगवान का कहना है-
"स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्, आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसम्"।

अर्थः— मेरे द्वारा स्तुति की गई द्विजों को पवित्र करने वाली वेदमाता गायत्री आयु प्राण सन्तति पशु कीर्ति धन ब्रह्मतेज देने वाली है।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्-सवितुर् वरेण्यं, भर्गो-देवस्य धीमहि, धियो यो-नः प्रचोदयात्।

*अर्थः— मैं उस शक्ति का चिन्तन करता हूँ जो शक्ति ॐ ब्रह्मरूप हैं, **भूर्भुवः स्वः** जो शक्ति तीनों लोकों में व्याप्त है, **तत्**-जिस को वेदों ने तत् नाम से पुकारा है **सविता**-जो शक्ति इस सृष्टि को बनाती है, पालन करती है, नाश करती है, "**वरेण्यम्**" जो वरण करने के योग्य है, **भर्गः**- जो तेजो रूप है, **देवः** जो द्योतनशील है, अथवा ऐश्वर्य वाली है, ऐसी उस महान् शक्ति का **धीमहि**-चिन्तन करता हूँ, वह शक्ति '**धियः**' मेरी बुद्धि को, **प्रचोदयात्**- सत् कर्मों में प्रेरित करे।*

गायत्री मन्त्र का महत्व क्यों? *शब्द नित्य है (शब्द ब्रह्म) वर्तमान विज्ञान भी यही मानता है, आज जो बातें हम करते हैं, अथवा हमारे मन की लहरें आकाश में अथवा सृष्टि के अन्तराल में किसी न किसी रूप में विद्यमान रहती है, सृष्टि के आरम्भ से ही ऋषि मुनि साधक गायत्री मन्त्र के अनुष्ठान करते आये हैं, उन ऋषियों मुनियों साधकों की साधनायें भावनायें तपश्चर्यायें इस छोटे से गायत्री मन्त्र के पीछे तेजोपुंज के रूप में एकत्रित है, जो व्यक्ति इस गायत्री मन्त्र का उच्चारण अथवा जप करता है उस साधक की सफलता में वह तेजोपुंज*

अवश्य सहायक बनता है, साधक ज्यों ही इस मन्त्रराज का जप अथवा उच्चारण करने लगता है तो उसी क्षण मंत्र के प्रभाव का अनुभव करने लगता है, यही है इस गायत्री मन्त्र के महत्व का रहस्य।

गायत्री जप विधि:

शुद्ध आसन पर पद्मासन में पूर्व की ओर मुख कर के पानी का एक लौटा और एक थाली तर्पण के लिये रख कर नमस्कार करते हुए पढ़े (यदि नदी के तट पर करना हो तो थाली की आवश्यकता नहीं):-

प्रणवस्य ऋषि र्ब्रह्मा गायत्रं छन्द एवच, देवोग्नि-र्व्याहृतिषु च विनियोगः प्रकीर्तितः, प्रजापते-र्व्याहृतयः पूर्वस्य परमेष्ठिनः। व्यस्ताश्चैव समस्ताश्च ब्राह्मम्-अक्षरम्- ओम्-इति। व्याहृतीनां समस्तानां दैवतं तु प्रजापतिः, व्यस्तानाम्-अयम्-अग्निश्च वायुः सूर्यश्च-देवताः। छन्दश्च व्यहृतीनाम्-एकाक्षराणाम्-उक्ताख्यम्-द्वयक्षराणाम्- अत्युक्-ताख्यम् विश्वामित्रा-ऋषि-श्छन्दो, गायत्रं सविता तथा, देवतो-पनये जप्ये गायत्र्यै योग उच्यते आवाहयामि गायत्रीं, सर्व-पाप-प्रणाशि-नीम्। न गायत्र्याः परं जप्यं, नव्याहृति-समं हुतम्, आगच्छ वरदे देवि, जप्ये मे सन्निधौ भव। गायन्तं त्रायसे यस्मात्-गायत्री त्वं ततःस्मृता, अग्नि- र्वायुश्च सूर्यश्च बृहस्पत्याप-एव-च, इन्द्रश्च-विश्वे-देवाश्च देवताः सम्-उदाहृताः। एवम्-आर्ष-छन्दो दैवतं विनियोगं चानुस्मृत्य। गायत्र्या शिखाम्-अवद्ध्य गायत्र्यैव समन्ततः, आत्मन-श्चापः वरिक्षिप्य, प्राणायामं कुर्यात्, ओजोसीति गायत्रीम्-आवह्य देवानाम्-आर्षम् (अपने आप को पानी छिड़कें अंजलि धारण करते हुये पढ़े:- ओजोसी सहोसि बलम्-असि भ्राजोसि देवानां धाम

नामासि, विश्वम्-असि-विश्वायुः सर्वम्-असि-सर्वायुः, अभि-भूः-अंगन्यास-कीजिये दोनों हाथों की ऊँगलियों से स्पर्श करते हुये पढ़ें: "अ" नाभौ (नाभिको) "उ" हृदि (हृदय को) "म" शिरसि (सिरको)।। ॐ "भू"-अंगुष्ठाभ्यां नमः (दोनों अंगूठों को) भुवः तर्जनीभ्यां नमः (अंगूठे के साथ वाली ऊँगलियों को), "स्वः" मध्यमाभ्यां नमः (बीच वाली ऊँगलियों को) "महः" अनामिकाभ्यां नमः, (सब से छोटी की साथ वाली ऊँगलियों को "जनः" कनिष्ठकाभ्यां नमः (छोटी ऊँगलियों को "तपः सत्य" करतल पृष्ठाभ्यां नमः (दोनों हाथ के तलवों को आपस में स्पर्श करें। "भू" पादयोः (पावों को) "भुवः" जान्वोः (गुठनों को) "स्वः" गुह्ये (गुह्यस्थान को) "महः नाभौ" (नाभि को) "जनः" हृदि (हृदय को) "तपः" कण्ठे (गले को) "सत्यं" शिरसि (सिर को), ॐ "भूः" हृदयाय नमः "भुवः" शिरसि स्वाहा, "स्वः" शिखायै वौषट् (चोटी को) महः कवचाय हूँ, (वस्त्रों को) जनः नेत्राभ्यां वौषट् (नेत्रों को) "तपः" सत्यम्-अस्त्राय "फट्" चुटकी मारे।। "तत्-सवितुर्" अंगुष्ठाभ्यां नमः, "वरेण्यं" तर्जनीभ्यां नमः, "भर्गो-देवस्य मध्यमाभ्यां नमः", "धीमहि" अनामिकाभ्यां नमः, "धियो योनः" कनिष्ठकाभ्यां नमः, "प्रचोदयात्" करतल करपृष्ठाभ्यां नमः तत् "पादयोः सवितुर्" जान्वोः (गुठनों को) "वरेण्यं" कट्यां कमर को, भर्गो नाभौ "देवस्य" हृदये "धीमहि" कण्ठे "धियोः" नासिकायां "यो" चक्षुषोः (नेत्रों को) "नः ललाटे" (माथे को) "प्रचोदयात्" शिरसि,। "तत् सवितुर्" हृदयाय नमः, "वरेण्यं" शिर-से स्वाहा, "भर्गो देवः" शिखायै वौषट् 'धीमहि' कवचाय हूँ (वस्त्रों को "धियो योनः "नेत्राभ्यां वौषट् "प्रचोदयात् अस्त्राय फट्" (चुटकी मारिये) "आपः" स्तनयोः (स्तनों को) "ज्योतिः" नेत्रयोः,

"रसो" मुखे "अमृतं" ललाटे "ब्रह्म-भूभूर्वः स्वरों (शिसि) प्राणायाम करके तर्पण कीजियेः-
"ॐ अस्य गायत्री शापविमोचन-मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषि गायत्री छन्दः वरुणो देवता ब्रह्मशाप-विमोचने विनियोगः।

शाप विमोचन

ओ३म्-यत्-ब्रह्मेति ब्रह्मविदो विदुः-त्वां पश्यन्ति धीराः।
सुमनसो-वा गायत्री त्वं ब्रह्मशापात्-विमुक्ता भव ।।1।।
ओ३म्-अर्क-ज्योतिर् अहं ब्रह्मा ब्रह्म ज्योतिर्-अहं शिवः।
शिव-ज्योतिर्ःअहं विष्णुः शिव-ज्योतिः शिवः परम् ।।2।।
गायत्री त्वं वशिष्ठ शापात्-विमुक्ता भव।
ॐ अहो देवि महादेवि दिव्ये सन्ध्ये सरस्वति।
अजरे अमरे चैव ब्रह्मयोनि नमोस्तुते।
गायत्री त्वं विश्वामित्रा-शपात्-विमुक्ता भव ।।3।।

गायत्री का ध्यान करते हुये पढ़ेः-
मुक्ता-विद्रुम-हेम-नील-धवल, छाये-र्मुखैः-त्रीक्षणैः

युक्ताम्-इन्दु-निबद्ध-रत्न-मुकटां, तत्त्वात्म-वर्णत्मिकाम्
गायत्रीं वरदा-भया-ङ्कुश-करां शूलं कपालं गुणं
शंखं चक्रम्-अथार-बिन्दु-युगलं हस्ते-र्वहन्तीं भजे ।।1।।
आगच्छ वरदे देवि त्र्यक्षरे ब्रह्मवादिनि।
गायत्री छन्दसां-मात-र्ब्रह्म-योने नमोस्तुते ।।2।।

यह मन्त्र तीन बार पढ़ कर गायत्री मन्त्र का जप करें।

"ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्-वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॐ

यदि माला से जप करना है तो जप समाप्त करके माला सिर पर रख कर प्राणायाम करके तर्पण करते हुये पढ़ेः-

देवा-गातु-श्रोत्रियाः देवा गातुविदो, गातुं वित्वा-गातु-मित मनसस्-पत-इमं देवयज्ञं स्वाहा, वाचे स्वाहा वातेघाः नमोः धर्मनिधनाय नमः सुकृत-साक्षिणे। नमः प्रत्यक्षदेवाय भास्कराय नमो नमः।

जप करने का स्थानः घर के उस कमरे में जप करें जहां आप की एकाग्रता में किसी प्रकार का विध्न न पड़े, नदी के तट करना अधिक लाभदायक रहता है।

क्या महिलाओं को गायत्री साधना जप अनुष्ठान आदि करने का अधिकार हैं?

वेदों शास्त्रों पुराणों के स्वाध्याय से यह स्पष्ट होता है कि पुरुष हो या स्त्री उपासना के अधिकारी हैं, प्राचीनकाल में गार्गी, मैत्रोयी देवयानी, लोपामुद्रा आदि महिलाओं ने गायत्री शक्ति की उपासना से ही आत्मा को समुन्नत बनाया था सावित्री ने एक वर्ष तक गायत्री मंत्रा की साधना की थी जिस साधना से ही वह अपने पति को

यमराज से लौटा सकी। स्त्री और पुरुष दोनों ही गायत्री माता की सन्तान है, स्त्री सधवा हो या विधवा अपने जीवन को सफल बनाने के लिये गायत्री मन्त्र का जप किया करें।

कन्याओं को भी यज्ञोपवीत संस्कार का अधिकार है (धर्मशास्त्र)

शास्त्रों में दरज है कि वैदिक संस्कृति में कन्याओं को यज्ञोपवीत ग्रहण करने का वैसी ही अधिकार है जैसा बालकों को, वैदिक काल में स्त्रियां वेद-शास्त्र पढ़ा करती थी। गोभिलीय गृह्य सूत्र में लिखा है:-

प्रावृतां यज्ञोपवीतिनीम अभ्युदानयन् जपेत् सोमोऽददत् गन्धर्वाय इति

अर्थातः- कन्या को कपड़ा पहने हुये, यज्ञोपवीत धारण किये हुये पति के निकट लाये तथा यह मन्त्र पढें। इस मन्त्र से स्पष्ट है कि कन्या यज्ञोपवीत किये हुये हो। यह श्लोक भी इसकी पुष्टि करता है।

पुराकल्पे हि नारीणां मौञ्जीबन्धन मिष्यते। अध्यापनं च वेदानां सावित्री वाचनं तथा।।

अर्थातः- प्राचीन काल में स्त्रियों का मौञ्जीबन्धन-संस्कार होता था, वे वेदादि शास्त्रों का अध्ययन भी करती थी। हारीत संहिता तथा पराशर संहिता में कहा है।

"द्विविधा स्त्रियां ब्रह्मावादिन्यः, सद्योवध्वश्च। तत्र ब्रह्मवादिनीनाम् उपनयनम्, अग्निबन्धनम्, वेदाध्ययनम् स्व-गृहे भिक्षा इति, वधूनाम तु उपस्थिते विवाह कथंचित उपनयनं कृत्वा विवाहः कार्यः"।

अर्थात्:- दो प्रकार की स्त्रियां होती हैं एक 'ब्रह्मवादिनी' जिन का उपनयन होता है, जो अग्निहोत्र करती है, वेदाध्ययन करती है अपने परिवार में ही भिक्षावृति से रहती है और दूसरी वे जिन का उपनयन संस्कार करके विवाह होता है। इसकी पुष्टी 'निर्णय सिन्धुकार' ने भी अपने पुस्तक के पृष्ट 414 पर की है।

वेद मन्त्रों के अर्थों को स्पष्ट करने वालों को 'ऋषि' कहा जाता है "ऋषयो मन्त्र द्रष्टारः' कई वेद मन्त्रों के अर्थ खोलने वाली 'ऋषिकायें' भी हुई है ऋग्वेद में इस प्रकार की लगभग 30 ऋषिकाओं के नाम आते हैं जैसे गार्गी, मैत्रेयी, मदालसा, अनुसूय्या, देवयानी, अहिल्या, कुन्ती, द्रोपदी इत्यादि गायत्री की उपासक रही है।

इसके अतिरिक्त मनु महाराज प्रत्येक धर्म कार्य में स्त्री-पुरुष का समान अधिकार मानते है। मनु ने घर में अग्निहोत्र आदि धर्मकार्यों के आयोजन की मुख्य जिम्मेदारी स्त्री को ही सौंपी है और यह आदेश दिया है कि पुरुष को प्रत्येक धर्म कार्य स्त्री को साथ लेकर करना चाहिये जैसे "शोचे धर्म अन्नपक्त्यां" अर्थात् घर की शुद्धि, धर्मकार्यों का आयोजन और भोजन बनाना आदि स्त्री को सौंपा है मनु ने संस्कारों को सभी के लिये समान रूप दिया है वहां पर स्त्री-पुरुष का कोई भेद नहीं है सभी संस्कार मन्त्रपूर्ववती करने चाहिये वह स्त्री का हो या पुरुष का संस्कार ब्रह्मण वर्ग के लिये जरूरी है चाहे वह स्त्री हो अथवा पुरुष।

काश्मीरी पण्डित लौगाक्ष के 24 संस्कारों को ही मानते हैं हम लड़की के केवल 9 संस्कार करते है। और लड़के के 24 संस्कार। मनु स्मृति में लिखा है 'जन्मना जायते शूद्रः संस्कारात् द्विज उच्चते' अर्थात् संस्कार करने पर ही हम अपने आप को ब्रह्मण कहला सकते हैं। शास्त्रों में लिखा है कि लड़की माता-पिता का क्रिया कर्म कर सकती है तथा लड़की अपने माता-पिता का दाह संस्कार भी कर सकती है परन्तु धर्म शास्त्र में यह भी लिखा है कि यज्ञोपवीत के बिना हम कोई भी धार्मिक कार्य अथवा क्रिया कर्म नहीं कर सकते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वैदिक काल में कन्याओं का यज्ञोपवीत संस्कार होता था। यह बात भी है कि जब हम अपने लड़के का विवाह करते हैं तो लग्न के समय लड़के को छः धागों वाला यज्ञोपवीत पहनाते है और लड़के से कहता है कि पहले आप को तीन धागों वाला यज्ञोपवीत था अब छः धागों वाला यज्ञोपवीत है इसमें से तीन धागे आप को अपनी स्त्री के हैं अर्थात् आप को आज से अपनी स्त्री के धार्मिक कार्यों का चार्ज भी लेना है क्योंकि उसको गृहस्थ का पूरा कार्य है तथा बच्चों की देखभाल करनी है इस से स्पष्ट होता है कि लड़की को भी यज्ञोपवती धारण करने का अधिकार था परन्तु समय बीतने के साथ-साथ यह संस्कार केवल लड़कों तक ही सीमित रहा है जैसे कर्ण वेध का संस्कार पहले पहले दोनों

लड़कों तथा लड़कियों को करते थे परन्तु समय बीत जाने के साथ-साथ यह संस्कार केवल लड़कियों तक ही सीमित रहा। आप किसी वृद्ध माता जी से भी पूछें कि पहले पहल स्त्रियां भी लंगोट तथा आटीपन लगाती थी, आटीपन को मेखला कहते है जो कि यज्ञोपवती संस्कार पर ही कमर में बांधा जाता है इससे भी स्पष्ट होता है कि पहले पहल लड़कियों को भी यज्ञोपवीत संस्कार किया जाता था। *सम्पादकः*

यज्ञोपवीत कब?

काश्मीरी पण्डित यज्ञोपवीत को विशेष महत्वपूर्ण स्थान देते आये हैं जबकि काश्मीरी पण्डितों का गायत्री मन्त्र सामूहिक गुरुमन्त्र है, यह संस्कार काश्मीरी पण्डितों की संस्कृति का अंग बन चुका है। धर्म शास्त्र की आज्ञा है यह संस्कार ब्राह्मण को 7वें वर्ष से 16 वर्ष तक करना चाहिये, प्राचीनकाल में यह संस्कार गुरुकुल में किया जाता था फिर तब से ब्रह्मचारी गुरुकुल में ही ठहरता था-चूँकि विद्यार्थी गुरुकुल में वेदों का पठन पाठन शास्त्र विद्या तथा शस्त्र विद्या यहां तक कि प्रत्येक प्रकार की विद्या को प्राप्त करता था तथा ब्रह्मचर्य का पालन 25 वर्ष तक करता था इसलिये उन विद्यार्थियों को ब्रह्मचारी कहते थे, जब ब्रह्मचारी गुरुकुल से विद्या सम्पूर्ण करके घर वापस आता था उसको समावर्तन कहते थे-गर्भ से लेकर यज्ञोपवती तक के 8 संस्कार बालक को घर में ही किये जाते थे। यज्ञोपवीत से लेकर 16 संस्कार काश्मीरी पण्डित ब्रह्मचारी को गुरुकुल में ही करते थे जो सभी संस्कार वेदों के पठन-पाठन से सम्बन्धित होते थे-"वेद" कहते हैं ज्ञान को, वह इंजीनरी हो या साईंस अथवा डाक्टरी आदि। समय बदलता है तो समय के साथ मनुष्य को भी बदनले पर विवश होना पड़ता है। अब हम यज्ञोपवीत संस्कार गुरुकुल के बदले घर में की करते हैं, केवल यज्ञोपवती ही नहीं बल्कि गर्भ से लेकर समावर्तन तक के सभी 24 संस्कार एक ही दिन में यज्ञोपवती के दिन ही करते हैं, मानिये अब यह संस्कार हम केवल अपनी प्राचीन संस्कृति को स्मारक रूप में जीवित रखने के लिये ही करते हैं।

आप के युग में गुरुकुलों का स्थान लिया है कॉलिजों और यूनिवर्सिटियों ने, वर्तमानकाल में जब तक एक विद्यार्थी वेदाभ्यास यानी ईंजीनरी, डाक्टरी व साईंस आदि कोई ट्रेनिंग कर रहा है वह विद्यार्थी तब तक ब्रह्मचारी ही कहलायेगा यदि दैवयोग से किसी कारण वश इस अवस्था तक विद्यार्थी का यज्ञोपवती न किया हो अवश्य कीजिये।

धर्मशास्त्र

धर्मिक रीति रिवाज संस्कृति के ही अंग माने ज़ाते हैं, परन्तु जब वे रीति रिवाज धर्मशास्त्र के आधार पर हों। कहीं-कहीं धर्मशास्त्रों में मतभेद पाया जाता है, ऐसी दशा में देशाचार की भी प्रामाण्यता होती है-इन बातों को ध्यान में रखकर ही धर्मशास्त्र की चन्द बातें समय-समय पर काम आने वाली निम्नलिखित हैं।

सगोत्रः- जिन का आपस में एक ही गोत्र हो सगोत्री कहलाते हैं- सगोत्रियों का आपस में विवाह करना निषेध हैं, मातृपक्ष से चार पीढी तक पितृपक्ष से पांच पीढी तक विवाह नहीं कर सकते हैं।

दत्तकः- (मंगत लाना) अपने खानदान से दत्तक लाना धर्मशास्त्र के अनुसार उत्तम माना जाता है, दूसरे वंश का भी दत्तक लाया जा सकता है, साला (पत्नी का भाई) दत्तक लाना धर्मशास्त्र से निषेध है।

मुण्डनः- माता अथवा पिता के मरने पर मुण्डन करना पुत्र के लिये आवश्यक है, यदि बड़ा लड़का घर में न हो अथवा किसी कारण से क्रिया कर्म दाह संस्कार आदि न कर सके तो कोई भी पुत्र कर सकता है।

क्रिया कर्म का अधिकारी पुत्र, दाह संस्कार पर घर में न होने पर बाहरवें दिन तक जिस दिन भी घर पहुँचे उस दिन से ही व्रतधारी रह कर क्रिया कर्म कर सकता है, परन्तु क्रिया कर्म आरम्भ करने से पहले मुण्डन करना आवश्यक है।

अशौचः- दो प्रकार का होता है, जन्म का अशौच जिसे सूतक कहते हैं और दूसरा मरने का अशौच, जिस

को मृतक कहते हैं, अशौच दस दिन तक रहता है, बिना विवाह के कन्या का पिता के घर में मृत्यु हो तो तीन दिन का अशौच होता है विवाहित लड़की को 10 दिन के अन्दर जिस दिन भी माता-पिता के मृत्यु का सन्देश मिले तो उस दिन से लड़की को तीन दिन का अशौच होता है।

दो अशौचः- एक साथ दो अशौच होने पर पहले अशौच के समाप्त होने पर ही दूसरे अशौच की भी शुद्धि होती है, उदाहरण के रूप में, किसी के पिता की मृत्यु होती है उस के दसवें दिन से पहले किसी दिन (पैतृव्य) चाचा की मृत्यु हो ऐसी दशा में जिस दिन पहला अशौच समाप्त होता है उसी दिन दूसरा अशौच भी समाप्त होता है, यदि जन्म के अशौच पर मरने का अशौच पड़े तो मरने का अशोच समाप्त होने पर ही शुद्धि होती है यदि दसवें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो दूसरा अशौच समाप्त होने पर ही शुद्धि होती है, ऐसी स्थिति में दूसरा अशौच समाप्त होने पर दो दिन के लिये अधिक अशौच रहता है, यदि 11वें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो अशौच समाप्त होने के बाद अधिक तीन दिन तक अशौच रहता है। सूतक का अशौच हो या मृतक का अशौच 11वां दिन करना आवश्यक है, 12वां दिन अशौच समाप्त होने के पश्चात् भी किया जाता है, षड्मासिक पर भी किया जा सकता है।

छलुनः- दसवें दिन तक छलुन आवश्यक है, यदि लड़की दसवें दिन तक छलुन का कार्य न करे तो उस को ग्याहरवें, बाहरवें दिन के क्रियाकर्म में सम्मिलित होने का अधिकार नहीं है, छलुन के लिये शुभवार होनी चाहिये, यह बात याद रखिये हिन्दू संस्कृति के अनुसार एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक वार होती है जिस समय छलुन हो शुभवार होनी चाहिये, शुभवार है सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और बृहस्पतिवार पंचक छलुन के लिये निषेध है।

अस्थि संचयः- अस्थियां मृत्यु के पश्चात् दस दिन के अन्दर ही गंगा में प्रवाहित करें यदि ऐसा न कर सके तो एक वर्ष के अन्दर किसी भी दिन प्रवाहित करें। यदि बच्चा मरा हुआ उत्पन्न हो अथवा उत्पन्न होते ही मरे उस बच्चे को लट्ठे में लपेट कर पृथ्वी को अर्पण करें, घर से गोद में उठाकर गड्ढा खोदने तथा पृथ्वी में अर्पण

करने के समय तक लगातार "ॐ नमः शिवाय" मन्त्र का बार-बार उच्चारण करें, दाँत निकलने तक जिस बच्चे का मृत्यु हो जाये उसका दाह संस्कार न करें अपितु उस को भी पृथ्वी अर्पण करें, दान्त निकलने के पश्चात् जो बच्चा मरे उस का दाह संस्कार करें, यज्ञोपवीत संस्कार के बिना कोई भी लड़का किसी भी आयु का हो उस की मृत्यु होने पर दाह संस्कार के पश्चात् दसवाँ दिन अवश्य करें, 11वां और बारहवां दिन न करें, उस बालक के निमित आने वाले किसी शुभवार पर बालकों को भी पूरी भोजनादि से तृप्त करें, उस मृतक बालक को जिन वस्तुओं पाठ्य पुस्तकों की ओर प्रवृति हो किसी निर्धन-विद्यार्थी को ऐसी वस्तुयें पुस्तकें वस्त्रादि दानरूप में दीजिये, या कोई आर्थिक सहायता कीजिये ताकि उसकी पढ़ाई आगे चल सके। "श्रद्धया-देयम्-अश्रद्धया-देयम्" देना ही शान्ति का मार्ग है।

श्राद्धः- श्राद्ध की जो तिथि हो, पंचांग में उस मास की वह तिथि देखें, यदि उस तिथि के साथ "दि" का चिन्ह हो तो श्राद्ध एक दिन पहले होता है, यदि "प्र" की निशानी हो तो श्राद्ध अपने ही दिन होगा, दिवा-प्रविष्ठ के आधार से पंचांग में, श्राद्ध और मध्याह्न" दर्ज है वहीं से देखिये। श्राद्ध के दिन अधिक भोजन न खायें, दिन को न सोये, ब्रह्मचर्य का पालन करें, दूसरे घर में खाना न खाइये, शराब अथवा किसी मादक द्रव्य का प्रयोग न कीजिये।

मासिक श्राद्ध (मासवार):- मासवार की जो तिथि हो उस तिथि का मध्याह्न देखना आवश्यक है मध्याह्न श्राद्ध किस दिन का कब होगा विजेयश्वर पंचांग में दर्ज है यदि श्राद्ध करने में आप असमर्थ हैं तो विधि अनुसार संकल्प करें। (श्राद्ध संकल्प विधि पंचांग में दर्ज है। तथा अपने गुरुदेव को भोजन दक्षिण आदि से तृप्त करें।

षठ् मासिक श्राद्धः- (षडमोस) मृतक के श्राद्ध की जो तिथि हो, मध्याह्न के आधार से उस तिथि का श्राद्ध कब होगा उस एक दिन पहले षठ्-मासिक श्राद्ध (षडमोस) करें और निश्चित मध्याह्न के दिन मासवार करें। जब किसी के षडमोस (षठ्-मासिक-श्राद्ध) में किसी प्रकार का विघ्न पड़े तो षडमोस वार्षिक श्राद्ध (वहरवर) तक

किसी भी निश्चित मासवार तिथि पर किया जा सकता है।

वार्षिक श्राद्धः- (वहरव्र) देखते समय इस बात का ख्याल रखें यदि आप हर श्राद्ध में मध्याह्न देखते हैं तो वार्षिक श्राद्ध की तिथि में भी मध्याह्न देखिये यदि आप मध्याह्न देखते नहीं हैं तो निश्चिंत श्राद्ध की तिथि को 'दि' 'प्र' के आधार से देखिये, मध्याह्न के आधार से अथवा 'दि' 'प्र' के आधार से जिस दिन निश्चित तिथि का श्राद्ध आयेगा उस दिन से एक दिन पहले मासवार होगी। जब किसी के वार्षिक श्राद्धः- (वहरवर) में किसी प्रकार का विध्न आ पडे अर्थात् वह निश्चित तिथि पर वार्षिक श्राद्ध कर न सके तो वार्षिक श्राद्ध पितृपक्ष में निश्चित तिथि पर कर सकता है अथवा अगले वर्ष में जब वार्षिक श्राद्ध होगा तो उसी दिन वहरवर भी कर सकता है।

जब किसी अविवाहित लड़की की मृत्यु हो तो क्या करें?:- अविवाहित लड़की के मृत्यु पर तीन दिन का आशौच होता है उस की आत्मा को शान्ति दिलाने के लिये इन तीन दिनों तक आपके घर में भगवत्-गीता अथवा राम गीता की गूंज रहनी चाहिये, तीसरे दिन इस के निमित गरीब बच्चों में पुस्तकें अथवा किसी अनाथालय में दान के रूप में कुछ दे सकते हैं, उस का दसवां दिन इत्यादि नहीं होता है।

श्राद्ध करने न करने के सम्बन्ध में:- विवाह यज्ञोपवीत आदि संस्कार के पश्चात् छः मास तक श्राद्ध न करें, परन्तु इस बात को भूलिये मत, वह धर्माशास्त्र की आज्ञा माता-पिता के श्राद्ध पर लागू नहीं है, बल्कि माता-पिता का श्राद्ध अवश्य करना चाहिये, यदि किसी पितर का श्राद्ध करना हो परन्तु तिथि मास का ज्ञान न हो तो ऐसी स्थिति में मार्ग कृष्ण पक्ष अमावसी के दिन श्राद्ध करें, यदि श्राद्ध करने में आप असमर्थ हैं तो विध्यनुसार संकल्प करें, किसी योग्य पात्र को भोजन दक्षिणा आदि से तृप्त करें और स्वयं व्रतधारी रहिये, एक समय शुद्ध भोजन खाइये, श्राद्ध के दिन मांस का प्रयोग न करें, भगवान् व्यास का कहना है "देवयज्ञे पितृश्राद्धे तथा मांगल्य कर्मणे, तस्यैव नरके वासो यो कुर्यात् जीवघातनम्" जो गृहस्थी पितृ श्राद्ध विवाहादि मंगल कर्म में जन्मोत्सव आदि में मांस का प्रयोग करता है, वह नर्क में जाता है।

ज्येष्ठ महीना:- यदि कन्या और वर दोनों की ज्येष्ठ अर्थात् प्रथम गर्भ के हूँ तो उन का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिये परन्तु दोनों में से यदि केवल एक ही ज्येष्ठ हो तो ज्येष्ठ मास में विवाह कर सकते हैं, यदि ज्येष्ठ मास में विवाह करना जरूरी हो तो ज्येष्ठ महीना में जब तक सूर्य कृतिका नक्षत्र में रहेगा कृतिका नक्षत्र में सूर्य कब तक रहेगा? (विजयेश्वर पंचांग में देखिये) तब तक विवाह करने में कोई दोष नहीं है। यज्ञोपवीत संस्कार के लिये ज्येष्ठ महीना तथा ज्येष्ठ लड़का होना निषेध नहीं है।

पंचक:- धनिष्ठा नक्षत्र के उत्तरार्ध से रेवती नक्षत्र के अन्त तक पांच नक्षत्र (धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, रेवती) पंचक कहलाता है। पंचक में कौन-कौन काम करना निषेध है? दाह संस्कार, छलुन, दक्षिण की ओर जाना, मिट्टी, तेल, मिट्टी के बरतन, लकड़ी काटनी अथवा घर लानी, छत ल्यण्टर आदि डालना तथा विवाह संस्कार में मस मूचरून निषेध है, शेष सभी कामों के लिये पंचक शुभ माना जाता है।

देव गौण:- देवगौण के लिये कोई मुहूर्त, वार, तिथि इत्यादि देखने की कोई जरूरत नहीं हैं, विवाह तथा यज्ञोपवीत का देवगौण सात दिन पहले भी हो सकता है। देवगौण करके विवाह अथवा यज्ञोपवीत संस्कार के दिन तक यदि जन्म का अशौच पडे तो अशौच का दोष नहीं होता है, यदि यज्ञोपवती अथवा विवाह संस्कार का दिन निश्चित किया हो और जन्म अशौच पड़े तो यज्ञोपवीत अथवा विवाह संस्कार का दिन बदल लेना चाहिये यदि ऐसी न हो सके तो संस्कार के समय "कूष्माण्ड" की ऋचाओं से अग्नि में घी की आहुतियां डालने से शुद्धि होती है परन्तु मृतक के अशौच पर धर्मशास्त्र की यह आज्ञा लागू नहीं है अर्थात् मृतक अशौच पड़ने पर यज्ञोपवीत तथा विवाह संस्कार न करें।

त्र्यह:- जब किसी तिथि का क्षय होता है अर्थात् जब तिथि गुम होती है उस दिन हम पंचांग में त्र्यह: लिखते है जैसे विक्रमी 2060 में चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी भौमवार 15 अप्रैल को हम ने त्र्यह: लिखा है उस दिन त्रयोदशी तिथि प्रात: 8 बजे 23 मिनट (त्रयोदशी 8-23) प्रात: तक ही है फिर चतुर्दशी तिथि आरम्भ हो कर

रात के 4 बजे 51 मिनट पर समाप्त होती है जैसे (चतु. प्र. 4-51) अर्थात् वह दूसरे दिन प्रातः सूर्य उदय से पहले ही समाप्त होती है उसी कारण इस प्रकार की तिथि को हम गुम होना मानते है यदि इस गुम तिथि (त्र्यहः) पर किसी का जन्म दिन होगा तो उसे अपना जन्म दिन (पहली तिथि) त्रयोदशी को ही मनाना चाहिये क्योंकि चतुर्दशी तिथि गुम है इसी प्रकार कभी-कभी शुक्ल पक्ष अष्टमी भी गुम होती है तो वह व्रत भी सप्तमी को ही रखना चाहिये इसी प्रकार यदि किसी का श्राद्ध इत्यादि हो वह भी पहली तिथि पर ही करना चाहिये।

त्रिस्पृकः- जिस दिन अधिक तिथि होती है हम उस दिन त्रिस्पृक् अथवा (दिन अधिक) पंचांग में लिखते हैं अर्थात् उस दिन एक ही तिथि दो दिन रहती है जैसे 2060 में वैशाख कृष्ण पक्ष नवमी 24 अप्रैल तथा 25 अप्रैल को है यदि इस प्रकार की तिथि पर आप का जन्म दिन अथवा कोई देवव्रत (अष्टमी इत्यादि) आये तो यह दूसरी तिथि पर (25 अप्रैल) पर मनाना चाहिये, यदि श्राद्ध अथवा कोई भी पितृ कार्य ऐसी तिथि पर आये तो वह पहली तिथि (24 अप्रैल) के दिन ही मनाना चाहिये।

नोटः यदि आप माता अथवा पिता का श्राद्ध करना चाहते है तथा आप को श्राद्ध कराने के लिये गुरुजी मिलता नहीं है तो आप 'विजयेश्वर पंचांग कार्यालय' द्वारा प्रकाशित श्राद्ध पुस्तक तथा कैस्ट से अपने माता-पिता का श्राद्ध कर सकते हैं।

श्राद्ध

श्राद्ध का क्या अर्थ हैं?

शास्त्रों में लिखा है:- 'श्रद्धया दीयते' इति श्राद्धः 'श्रद्धया क्रियते यस्मात् श्राद्धं तेन प्रकीर्तितम्'।
अर्थात्: श्रद्धा से किया जाने वाला वह कार्य जो पितरों के निमित किया जाता है अथवा पितरों के निमित श्रद्धा से जो कुछ भी दिया जाता

है श्राद्ध कहलाता है शास्त्रों में मनुष्य के लिये तीन ऋण बताये गये हैं देव ऋण, ऋषि ऋण, पितृ ऋण। इनमें से मनुष्य श्राद्ध के द्वारा पितृ ऋण चुका सकता है, विष्णु पुराण में कहा गया है कि श्राद्ध से तृप्त होकर पितृ गण समस्त कामनाओं को पूर्ण करता है। हमारे सनातन धर्म में एक वर्ष मे एक सम्पूर्ण पक्ष पूज्य पितरों के निमित शास्त्रीय कर्मादि द्वारा अपनी श्रद्धा प्रकट करने के लिये नियत है। अपने माता-पिता जिन से हमें शरीर प्राप्त हुआ है हमारा पालण पोषण हुआ है यदि हमं उन के नाम से विशेष सत्कार न करें उस से बढ कर कोई कृतघ्नता नहीं है, उन के नाम से दान करने पर उन की आत्मा तृप्त हो जाती हैं तथा शान्ति प्राप्त करती है पिण्ड दान से कष्ट मुक्ति होती है। चन्द्रमा मन का अधिष्ठाता है वह हमारे मन में संकल्प से की हुई क्रिया तथा मन द्वारा दिये हुये अन्न व जल को सूक्ष्म रूप से आकृष्ण करता है और पितरों तक पहुचाने में मदद करता है। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में सभी मृतक पितरों के श्राद्ध किये जाते हैं उन दिनों चन्द्रमा अन्य मासों की अपेक्षा पृथ्वी के निकटतर हो जाता है इस कारण उस की आकर्षण शक्ति का प्रभाव पृथ्वी तथा उसमें अधिष्ठित प्राणियों पर विशेष रूप से पडता है तथा तृप्त जितने भी जीव या पितर पितृ लोक में होते हैं उन के निमित दिया हुआ पिण्ड दान उन पितरों को तृप्त करता है। इस बात में कोई शंका नहीं है कि मृतक पिण्डदान को नहीं पाता है विज्ञान ने यह सिद्ध किया है कि तपर्ण के जल या श्राद्ध के अन्न को मृतक सूक्ष्म शरीर को प्राप्त करके आकाश में सूक्ष्मता से उस को खींच सकता है जैसे रेडियों में वह यन्त्र है जो इंग्लैण्ड, जर्मनी, रूस तथा दूर देशों के शब्दों को खींच सकता है इसी प्रकार मृतकों में पितृ लोक में जाने से उनके पास वह शक्ति सूक्ष्मता वश प्राप्त हो जाती है जो पिण्ड दान तर्पण इत्यादि प्राप्त कर सकती है।

श्राद्ध संकल्प विधि:

पितृ ऋण चुकाने के निमित्त श्राद्ध अवश्य करें, यदि आप श्राद्ध करने में असमर्थ है तो संकल्प करें, ऐसी धर्मशास्त्र की आज्ञा है। श्राद्ध संकल्प के लिये पहले सामग्री एकत्रित करें, एक थाली में चावल, थोड़ा सा नमक, फल दक्षिणा आदि रखें, थोड़ा सा तिल, धूप, दीप, फूल, अर्घ, पवित्र तिलक, केसर या चन्दन का तिलक जिस पितर का श्राद्ध हो उस का फोटो, तिलक, फूल की मालादि से सजा कर सामने रखें, यदि फोटो न हो तो

भगवान् विष्णु का अथवा भगवान् कृष्ण का फोटो रखें। पद्मासन में शुद्ध आसन पर पूर्व की ओर मुख करके बैठिये, संकल्प करने से पहले श्रीमद्भगवद्गीता का कम से कम एक अध्याय का पाठ करें, यदि ऐसा न हो सके, तो पंचांग के पाठ प्रकरण से अष्टादशश्लोकी गीता का पाठ अवश्य करें।

ॐ तत्-सत्-ब्रह्म, अद्य-तावत्-तिथौ-अद्य (मास पक्ष वार का नाम लेकर) जैसे वैशाख-मासस्य कृष्णपक्षस्य, (अथवा) शुक्लपक्षस्य तृतीयस्यां तिथौ-भौम-वासरा-न्वितायां-विष्णु-प्रीत्यर्थम्-दीप-धूप संकल्पात् सिद्धिर्-अस्तु-दीपो नमः धूपोनमः।

बायाँ यज्ञोपवीत रख कर तिल सहित जल से तर्पण करते हुये पढ़ेः- नमः पितृभ्यः-प्रेतेभ्यः, नमो धर्माय विष्णवे नमो यमाय रुद्राय कान्तार पतये नमः।

ॐ तत् सत्-ब्रह्म-अद्य-तावत्-तिथौ-अद्य (मास-पक्ष तिथि वार का नाम लेकर) पित्रो.... प्रपिताम-हाय। मात्रे पिता-मह्यै प्रपितामह्यै। माता महाय, प्रमाता-महाय, वृद्ध प्रमाता-महाय, प्रमातामह्यै वृद्ध-प्रमातामह्यै समस्तमाता-पितृभ्यो द्वादश-दैवतेभ्यः पितृभ्यः नित्यकर्म निमितं दीपः स्वधाः, धूपः, स्वधः, जिस पितर का श्राद्ध हो उसी का नाम गोत्रसहित लेकर संकल्प का पानी जो आपने हाथ में लिया होगा चावल आदि पर छिड़कते हुये पढ़े- ॐ तत्-सत्-ब्रह्म-अद्य तावत्-तिथौ-अद्य मास-पक्ष-तिथि-वार का नाम लेकर पढेः- सांवत्सरिके श्राद्धे (यदि काम्बर पक्ष (पितृपक्ष) का श्राद्ध हो) कन्र्याकगत आपरि-पाके श्राद्धे परलोके वैकुण्ठ पदवीप्राप्त्यर्थं आत्मनः पुण्य वृद्धयर्थं इदं-अन्नं दक्षिणा सहितं-फल- मूलवस्त्रादि-सहितं संकल्पयामि संकल्पयमि संकल्पयामि (दायाँ यज्ञोपवीत) रखकर फिर से तर्पण करते हुये पढ़ेः-

नमो-ब्रह्मणे-नमो-अस्तु-अग्नये-नमः पृथिव्यै-नमः औषधीभ्यः नमो वाचस्पतये-नमो-विष्णवे-बृहते कणोमि। इति-एतासाम्-एव-देवतानां-सारिष्टिं-सायुज्यं सलोकतां सामीप्यम्-आप्नोति य एवं विद्वान्-स्वाध्यायम्-अधीते ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

जन्म दिन पूजा

जन्म दिन पूजा आरम्भ करने से पहले कमरे में एक कम्बल अथवा कोई शुची तौलिया बिछायें फिर पूजा का सामग्री लायें:- रत्न दीप, धूप, नारीवन उस को सात गांठ लगायें, एक थाली, थोड़ा सा दूध, दही, फूल, जंग के लिये चावल उस पर थोड़ा सा नमक तथा कुछ पैसे रखें, अर्घ्य के लिये थोड़ा सा धोया हुआ चावल, यज्ञोपवीत पवित्र अथवा थोड़ा सा द्रमन घास या सोने की अंगूठी, छोटे बाल्टी में पानी उस में दूध तथा दही डालें, पानी छोड़ने के लिये एक कवली। पूजा आरम्भ करने से पहले यज्ञोपवीत धरण करें और पढें।

यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापर्तेयत् सहजं पुरस्तात् आयुष्यं अग्रयं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।।

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशि-वर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्याये सर्व-विघ्नोपशान्तये।
अभिप्रेतार्थ-सिद्धयर्थं पूजितो यः सुरैर्-अपि। सर्व-विघ्नच्छिदे तस्मै गणाधिपतये नमः।।1।।

हृदय और मुख को जल छिड़कते हुए पढें।

तीर्थे स्नेयं तीर्थ-मेव समानानां भवति। मा नः शंस्योर्-अरुरुषो धूतिः प्राणड् मर्त्यस्य रक्षा-णो ब्रह्मणस्पते।

अनामिका उंगली में पवित्र धारण करके अपने आप को तिलक, अर्ध, फूल लगाते हुये पढें।

परमात्मने पुरुषोत्तमाय पंचभूतात्मकाय विश्वात्मने मंत्रानाथाय आत्मने नारायणाय आधारशक्त्यै समालभनं गन्धो नमः अर्घो नमः पुष्पं नमः।।

रत्न दीप, धूप को तिलक, अर्घ, पुष्प अपर्ण करके सूर्य भगवान् को थाली में तिलक तथा अर्घ, पुष्प अर्पण करते हुये पढें:-

नमो धर्म-निधनाय नमः स्व तसाक्षिणे। नमः प्रत्यक्षदेवाय भास्कराय नमो नमः।।

खोसू से थाली में रखे हुये नारीवण के ऊपर अर्घ सहित जल की धारा डालते हुये पढें:-

यत्रास्ति-माता न पिता न बन्धु-र्भ्रातापि नो यत्र सुहृत्-जनश्च न ज्ञायते यत्र दिनं न रात्रि-स्तत्रात्मदीपं शरणं प्रपद्ये। आत्मने नारायणाय-आधरशक्त्यै धूपदीपस-ङ्कल्पात् सिद्धिर्-अस्तु धूपो नमः दीपो नमः।।

जल सहित खोसू में थोड़ा सा तिलक और तीन पुष्प डालते हुये पढें:-

सं वः सृजामि हृदयं संसृष्टं मनो अस्तु वः। संसृष्टास्तन्वः सन्तु वः संसृष्टः प्राणो अस्तु वः, संयावः प्रियास्तन्वः, सं प्रिया, हृदयानि वः। आत्मा वो अस्तु, सं प्रियः सं प्रियस्तन्वो मम।

इसी जल की धारा को नारीवण पर डालते हुये पढें:-

अश्विनोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव। मित्रा-वरुणयोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव। बृहस्पतेः प्राणः सं ते प्राणं ददातु तेन जीव, जन्मोत्सव-देताभ्यो जीवादानं परिकल्पयामि नमः।

चावल सहित दो दर्भ सीधे हाथ में लेकर तीन बार गायत्री मन्त्र पढ़ें:-

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्-वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि, धियो योनः प्रचोदयात् '3' जन्मोत्सव-देवतानां- अर्चाम्-अहं करिष्ये उों कुरुष्व।।

हाथ में पकड़ें हुये दो दर्भ निर्माल में डालकर फिर से दो दर्भ आसन के रूप में नारीवण के सामने डालते हुये पढ़ें:- सप्त-जन्मोत्सव देवतानां आसनं नमः। चावल सहित दो दर्भ हाथ में पकड कर केवल चावल को कन्धे से फैकते हुये पढ़ें:- सप्त-जन्मोत्सवदेताभ्यः युष्मान्-पूजयामि। उों-पूजय।। दो दर्भ इसी तरह पकड़ते हुये पढ़ें:- सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात्। सभूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठत्-दशांगुलम् जन्मोत्सवदेवता आवाहयिष्यामि। उों-आवाहय।।

पहले पकड़े हुये दो दर्भ निर्माल में ढाल कर तीन बार फूल नारीवण पर डालते हुए पढ़ें:-

भगवन् ! पुण्डरीकाक्ष ! भक्तानु-ग्रहकारक-अस्मत् दयानु-रोधेन सन्निधानं कुरु प्रभो ।।3।।

दोनों कन्धो के ऊपर चावल फैंक कर प्राणायाम करके खोसू में जल डालते हुये पढ़ें:-

पाद्यार्थम्-उदकं नमः। शन्नो देवीरभिष्टय-आपो भवन्तु पीतये। शंयोर्-अभिस्त्रवन्तु नः।

लाय, केसर, सर्वौषधि, दर्भ, जल, सब चीजें खोसू में डालकर नारीवण पर जल छोड़ते हुए पढ़ें।

अश्व-त्थामने, बलये, व्यासाय, हनुमते, कृपाचार्याय, मार्कण्डेयाय, परशुरामाय, सप्तचिरजीवेभ्यः पाद्यं नमः।।

पाद्य का बचा हुआ पानी निर्माल में डालकर फिर से खोसू में पानी डालते हुये पढ़ें:-

शन्नो देवीर्-अभीष्टये-आपो भवन्तु पीतये। शंयोर्-अभिस्रवन्तु नः।
जल, केसर, दर्भ, घी, चावल, जौ, सर्वोषधि, दूध ये आठ चीजें खोसू में डालकर नारीवण पर डालते हुये पढ़ें:- अश्वत्थामन्, बले, व्यास, हनुमन्, कृपाचार्य, मार्काण्डेय, परशुराम, सप्त-चिर, जीव इदं वो ऽर्घ्यं नमः। शुद्ध जल डालते हुये पढ़ें:- प्रजापति-जन्मोत्सवदेवताभ्यः आचमनीयं नमः। दूध वगैरह जल डालते हुये पढ़ें:- तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततं तद्विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णो-र्यत्परमं पदम्। प्रजापति जन्मोत्सवदेवताभ्यः स्नाने नमः। किसी कटोरी में फूलों का आसन बनाते हुये पढ़ें:-
आसनाय नमः गरुडासनाय नमः पद्मा-सनाय नमः शतदल-पद्मा-सनाय नमः, सहस्रदल-पद्मासनाय नमः। किमासनं ते गरुढासनाय, किं भूषणं कौस्तुभ-भूषणाय, लक्ष्मीकलत्राय, किम्-अस्ति, देयं-वागीश किं ते वचनीयम्-अस्ति।।
नारीवण को आसन पर बिठाते हुये पढ़ें:- उत्तिष्ठ भगवन् विष्णो उत्तिष्ठ कमलापते ! उत्तिष्ठ त्रिजगन्नाथ ! त्रैलोकी मंगलं कुरु।। नारीवण को सात तिलक लगाते हुये पढ़ें:-
अश्वत्थाम्ने, बलये, व्यासाय, हनुमते, कृपाचार्याय मार्काण्डेयाय परशुरामाय सप्तचिर-जीवेभ्यः समालभनं गन्धो नमः। इन्हीं सात नामों का उच्चारण करते हुये नारीवण पर अर्घ और पुष्प चढ़ाते हुये पढ़ें:-
अश्वत्थाम्ने, बलये व्यासाय, हनुमते, कृपाचार्याय, मृार्काण्डेयाय, परशुरामाय, सप्तचिर

जीवेभ्य अर्घो नमः पुष्पं नमः।। धूप रत्नीदीप, कपूर उठाकर घुमायें। यह मंत्र पढें:-

तेजोंसि शुक्रमसि ज्योतिर्सि धामासि, प्रियं देवानामंऽनादृष्टं देवयजनं देवाताभ्यस्त्वा देवताभ्यो गृहणामि, यज्ञेभ्यस्त्वा यज्ञिभ्यो, गृहणामि, जन्मोत्सवदेवताभ्यः धूपं रत्नदीपं कर्पूरं च परिकल्पयामि नमः।

नमस्कार करते हुये पढें:-

जय नारायण, जय पुरुषोत्तम, जय वामन कंसारे। उद्धर माम्ऽसुरेश-विनाशन्, पति-तोऽहं संसारे। घोरं हर मम नरकरिपो, केशव कल्मषाभारम्। माम्-अनुकम्पय दीनम्-अनाथं कुरु भवसागरपारम्। भगवते वासुदेवाय लक्ष्मीसहिताय नारायणाय। सप्त-जन्मोत्सव-देवताभ्यः चामरं छत्रं परिकल्पयामि नमः।

फूल चढ़ाते हुये पढें:-

ध्येयं सदा परिभवघ्नम्अभीष्टदोहं तीर्थास्पदं शिव-विरिंच-नुतं शरण्यम्।

भृत्यार्तिहं प्रणतपाल भवाब्धिपोतं वन्दे महापुरुष ते चरणार-बिन्दम्। नमस्कार करते हुये पढें:-

उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा वचसा च अष्टांग-नमस्कारं करोमि नमः।

कटोरी में थोड़ा दूध, शहद या क्षीर रख कर अर्पण करते हुये पढें:-

वासुदेवाय लक्ष्मीसहिताय नारायणाय प्रजापति-जन्मोत्सवदेवताभ्यः मात्रामधुपर्कं ॐ नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः।

दक्षिणा डालते हुये पढें:- जन्मोत्सव-देवाताभ्यः दक्षिणायै तिल-हिरण्य रजत निष्कर्ण ददानि। फिर से दक्षिणा अर्पण करते हुये पढें:- एता देवताः सदक्षिणान्नेन प्रीयन्तां प्रीताः सन्तु।।

फूल चढाते हुये पढें:-

उों तद्विष्णोः परम पदं सदापश्यन्ति-सूरयः दिवीव चक्षुर्-आततम्। तद्विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णोर्यत्परमं पदम्। अब नैवेद्य तहर या क्षीर थाली में लाकर एक पात्र में अलग चटू और पांच म्यचियाँ रखें, नैवेद्य के साथ ही मिश्री भी रखें। नैवेद्य की थाली को दोनों हाथों से पकड़कर सारा प्रोप्युन पढें। (प्रोप्युन विजयेश्वर पंचांग में अलग से लिखा है)

आज्ञा मांगते हुये पढें:-

आज्ञा मे दीयतां नाथ नैवेद्यस्यास्य भक्षणे। शरीर यात्रा सिद्धयर्थं भगवन् क्षन्तुम्-अर्हसि।।

पुष्प चढ़ाते हुये पढें:-

आपन्नोस्मि शरण्योस्मि सर्वावस्थासु सर्वदा। भगवंस्त्वां प्रपन्नोस्मि रक्ष मां शरणा-गतम्।

पवित्र निकालकर, हाथ में नारीवण बांधकर, चटू कहीं बाहर रखकर, निर्माल नदी में डालकर नैवेद्य के साथ शकर दायें हथेली में रखकर मुंह में डालते हु पढें:-

र्माकाडण्डेय नमस्तुभ्यं सप्तकल्पान्त जीवन, आयुर्-आरोग्यं सिद्धर्यथं प्रसीद भगवन्मुने। मार्काण्डेय महाभाग सप्तकल्पान्त-जीवन, चिरऽजीवी यथा त्वं तु मुनीनां प्रवरद्विज, कुरुष्व मुनिशार्दूल, तथा मां चिरजीविनम्।।

प्रेय्युन

एक थाली में नैवेद्य तथा दूसरी में चटू और पांच म्यचियां या टुकड़े रख कर गणेश जी का ध्यान करके शुद्ध पानी अपने आप पर छिडकते हुये पढें:-

तीर्थे स्नेयं तीर्थम्-एव, समानानां भवति, मानः शंसो अररुषो धूर्तिः प्राणड्-मर्त्यस्य रक्षाणो ब्रह्मणस्पते। अपने आप को तिलक लगाते हुये पढें:-

परमात्मने पुरुषोत्तमाय पंच-भूतात्मकाय विश्वात्मने मन्त्रनाथाय, आत्मने नारायणाय-आधर-शक्त्यै-समालभनं गन्धो नमः अर्घो नमः, पुष्पं नमः। दीप को तिलक लगाते हुये तथा पुष्प चढाते हुये पढें:-

स्वप्रकाशो महादीपः सर्वत-स्तिमि-रापहः प्रसीद मम गोविन्द दीपोयं परिकल्पितः।

धूप को तिलक लगाते हुये पढेः-

वनस्पति रसो दिव्यो गन्धाढ्यो गन्धवत्-तमः आधरः सर्वदेवानां धूपोयं परिकल्पितः।

सूर्य भगवान् का ध्यान करके थाली में तिलक पुष्प डालते हुये पढें:- नमो धर्म-निधानाय, नमः स्वकृत-साक्षिणे, नमः प्रत्यक्ष-देवाय भास्कराय नमो नमः।

कवली से थाल में जल डालते हुये पढें:- यत्रास्ति माता न पिता न बन्धुः, भ्रातापि नो यत्र सुहृत जनश्च, न ज्ञायते यत्र दिनं न रात्रिः तत्रात्म-दीपं शरणं प्रपद्ये। आत्मने नारायणाय-आधर-शक्तये, दीप-धूप-संकल्पात् सिद्धिर्-अस्तु, दीपो नमः, धूपो नमः।

(नैवेद्य को दोनों हाथों से पकड़ते हुये पढ़ें)

अमृतेश-मुद्रया-अमृती त्य अमृतम्-अस्तु अमृतायतां नैवेद्यम्। सावित्राणि सावित्रस्य देवस्यत्वा सवितुः प्रसवेऽशिवनो-र्बाहुभ्यां-पूष्णो हस्ताभ्याम्-आददे महागणपतये कुमाराय श्रियै सरस्वत्यै लक्ष्म्यै विश्वकर्मणे द्वार्देवताभ्यः प्रजापतये ब्रह्मणे कलश-देवताभ्यः ब्रह्मविष्णु महेश्वर-देवताभ्यः चतुर्वेदेश्वराय सानुचराय ऋतु-पतये नारायणाय दुर्गायै त्रयम्बकाय वरुणाय यज्ञपुरुषाय अग्नि-ष्वात्तादिभ्यः पितृ-गणदेवताभ्यः। भगवते वासुदेवाय संकर्षणाय प्रद्युम्नाय अनिरुद्धाय सत्याय-पुरुषाय अच्युताय माधवाय गोविन्दाय-सहस्रनाम्ने विष्णवे लक्ष्मीसिहताय नारायणाय भवायदेवाय-शर्वाय-देवाय-रुद्राय-देवाय पशुपतये देवाय उग्राय-देवाय भीमायदेवाय महा-देवाय ईशानाय-देवाय ईश्वराय-देवाय उमासहिताय शिवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय विनायकाय एकदन्ताय कृष्णपिंगलाय गजाननाय लम्बोदराय भालचन्द्राय हेरम्बाय आखुरथाय विघ्नेशाय विघ्नभक्षाय वल्लभा-सहिताय श्रीमहागणेशाय क्लीं कां कुमाराय षण्मुखाय मयूरवाहनाय सेनाधिपतये कुमाराय। भगवते ह्रां ह्री सः सूर्याय सप्ताश्वाय अनश्वाय एकाश्वाय नीलाश्वाय प्रत्यक्षदेवाय परमार्थ-साराय तेजोरूपाय प्रभासहिताय आदित्याय। भगवत्यै अमायै कामायै चार्वङ्ग्यै टंकधरिण्यै तारायै पार्वत्यै यक्षिण्यै श्री शारिका-भगवत्यै श्री शारदा-भगवत्यै श्री महाराज्ञीभगवत्यै श्री ज्वाला भगवत्यै, व्रीडाभगवत्यै वैखरीभगवत्यै वितस्ताभगवत्यै गंगाभगवत्यै

यमुनाभगवत्यै कालिकाभगवत्यै सिद्धलक्ष्म्यै महालक्ष्म्यै महात्रिपुरसुन्दर्यै सहस्रनाम्न्यै देव्यै भवान्यै अभयंकरीदेव्यै क्षेमंकरीभगवत्यै सर्वशत्रुघातिण्यै इहराष्ट्राधिपतये आनन्देश्वर भैरवाय इन्द्राय वज्रहस्ताय अग्नये शक्तिहस्ताय यमाय दण्डहस्ताय नैऋतये खड्ग-हस्ताय वरुणाय पाशहस्ताय वायवे ध्वजहस्ताय कुवेराय-गदा-हस्ताय विष्णवे-चक्रहस्ताय, अनन्तादिभ्योऽष्टाभ्यः कुलनागदेवताभ्यः अग्न्या-दित्याभ्यां वरुण-चन्द्रमोभ्यां कुमार-भौमाभ्यां विष्णु-बुधाभ्यां इन्द्रा-बृहस्पतिभ्यां सरस्वती-शुक्राभ्यां, प्रजापति-शनैश्चराभ्यां गणपति-राहुभ्यां, रुद्रकेतुभ्यां ब्रह्मध्रुवाभ्यां, अनन्ता-गस्त्याभ्यां ब्रह्मणे कूर्माय ध्रुवाय अनन्ताय हरये लक्ष्म्यै कमलायै शिखायादिभ्यः पंच-चत्वारिंशत्-वास्तोष्पति-याग- देवताभ्यः ब्राह्मादिभ्यो मातृभ्यः गौर्यादिभ्यो मातृभ्यः ललितादिभ्यो मातृभ्यः दुर्गा-क्षेत्रा-गणेश्वर-देवताभ्यः राकादेवताभ्यः त्रिका-देवताभ्यः सिनीवाली-देवताभ्यः यामी-देवताभ्यः रौद्री-देवताभ्यः वारुणी-देवताभ्यः बार्हस्पत्य-देवताभ्यः ॐ भू र्देवताभ्यः ॐ भुवो देवताभ्यः ॐ स्व र्देवताभ्यः ॐ भूर्भुवः स्व र्देवताभ्यः अखण्ड-ब्रह्माण्ड- यागदेवताभ्यः धूर्भ्यः उपधूर्भ्याः महागायत्र्यै सावित्र्यै-सरस्वत्यै हेरकादिभ्यो वदुकादिभ्यः, उत्पन्नम्-अमृतं दिव्यं प्राक्-क्षीरो-दधि-मन्थनात्-अन्नम्-अमृतरूपेण नैवेद्यं प्रति-गृह्यताम्।

ईष्ट देवता का ध्यान करते हुये पढेः- उो तत्सत्-ब्रह्म-अद्य तावत् तिथौ अद्य अमुक-मासस्य अमुक-पक्षस्य अमुक-तिथौ- आत्मनो वाङ्मनः कार्योपार्जित-पापनि-वारणार्थम्, उों नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः। "चुटू" को स्पर्श करते हुये पढेः- या काचित्-योगिनी-रौद्रा-सौम्या घोरतरा परा।

खेचरी भूचरी रामा तुष्टा भवन्तु मे सदा। चुटू को अंगूठे से तिलक लगाकर अर्घफूल डालते हुये पढें:- आकाश मातृभ्योऽन्नं नमः, आकाशमातृभ्यः समालभनं गन्धो नमः, अर्घो नमः पुष्पं नमः। चुटू के सात (7) म्यचियां अथवा सात छोटे प्रसाद के भाग रखे हुये होते हैं- पहली म्यची को स्पर्श करते हुये पढें:- भगवते वासुदेवाय अन्नं क्षीरं मोदकादीन् समर्पयामि नमः। (2) दूसरी को स्पर्श करते हुये पढें:- भगवते भवाय देवाय अन्नं समर्पयामि नमः (3) तीसरी को स्पर्श करते हुये पढ़ें:- भगवते विनायकाय अन्नंसमर्पयामि नमः चौथी को स्पर्श करते हुये पढ़े:- (4) ह्रां ह्रीं सूर्याय अन्नं समर्पयामि नमः। पांचवी को स्पर्श करते हुऐ पढ़ें: (5) इष्टदेवी भगवत्यै अन्नं मोदकान्-मिष्ठानं-क्षीरं समर्पयामि नमः। अंतिम दो भागों या दो म्यचियों पर अर्घ पानी डालते हुये पढें-यस्मिन्-निवसति क्षेत्रो क्षेत्रापालाः सकिंकराः। तस्मै नि-वेदयाम्यद्य बलिं पानीय सुयंतम्, क्षां-क्षेत्राधिपतये अन्नं नमः रां राष्ट्राधिपतये अन्नं नमः- सर्वाभय-वरप्रदो मयि पुष्टिं पुष्टिपति-दधातु। दोनों हाथ में फूल लेते हुये प्रणाम करते हुये पढें:- आपन्नोस्मि शरण्योस्मि सर्वावस्थासु सर्वदा। भगवन्-त्वां-प्रपन्नोस्मि रक्ष मां शरणागतम्। उभाम्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा वचसा चोरसा मनसा च नमस्कारं करोमि नमः।

तर्पणः- सीधा हाथ रखते हुये पढ़े:- नमो ब्रह्मणे, नमो अस्त्वग्नये, नमः पृथिव्यै, नमः औषिधिभ्यः, नमो वाचे नमो वाचस्पतये, नमो विष्णवे, बृहते, कृणोमि, इत्येतासाम्-एव-देवतानां-सा-रि-ष्टिं-सायुज्यं सलोकतां सामीप्यम्-आप्नोति-य एवं विद्वान्-स्वाध्यायम्-अधीते।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

प्राणायाम

श्वास प्रश्वास की गति को रोकना प्राणायाम कहलाता हैं। प्राणायाम के तीन भाग हैं:-
(1) पूरक, (2) कुम्भक तथा (3) रेचक।

पूरकः- पूरक का अर्थ है श्वास का आकर्षण। प्राणायाम द्वारा गायत्री मन्त्र से बोलते हुये शुद्ध वायु को बाहर से खींच कर फेफडों में फैकना 'पूरक' कहलाता है।

कुम्भकः- अन्दर लिये हुए वायु को कुछ क्षण के लिये रोका जाता है ताकि फेफडों की सम्पूर्ण ग्रन्थियों में यह वायु प्रवेश करे और फेफड़े बलवान हो जायें इस समय भी गायत्री मन्त्र का उच्चारण करना होता है।

रेचकः- रेचक का तात्पर्य है रुकी हुई वायु का निःसरण। रेचक विधि से फेफड़ों में रुकी हुई वायु को धीरे-धीरे गायत्री मन्त्र पढते हुये बाहर छोड़ते है। इस प्रकार अशुद्ध वायु बाहर आ जाती है और फेफड़ों को विश्राम मिलता है और व्यक्ति की मानसिक शक्ति बढती है और व्यक्ति से ओज व तेज प्रकट होता है, प्राणायाम करने से सभी प्रकार की चिन्ता, कष्ट इत्यादि मिट जाते हैं।

प्राणायाम मन्त्रः- ॐ भूः, ॐ भुवः, ॐ स्वः, ॐ महः, ॐ जनः, ॐ तपः, ॐ सत्यम्। ॐ तत्सवितुवरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि, धियो यो नः प्रचोदयात्। ॐ आपो ज्योति रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम्।
शास्त्रों में लिखा है:-

यथा पर्वतधातूनां दोषान् हरति पावकः एवम् अन्तर्गतं पापं प्राणायामेन दुह्यते।।

अर्थः-पर्वत से निकले धातुओं का मल जैसे अग्नि से जल जाता है वैसे प्राणायाम् से आन्तरिक पाप जल जाते हैं।

प्राणायम करने की विधिः-

पूरकः अगूंठे से नाक के दाहिने छिद्र को दबा कर बायें छिद्र से श्वास को धीरे-धीरे खींचे, तथा गायत्री मन्त्र भी अन्दर से पढते जाये।

कुम्भकः- जब श्वास खींचना रुक जाये तब अनामिका तथा कनिष्ठिका अंगुलि से नाक के बाये छिद्र को भी दबा दे और गायत्री मन्त्र पढते जायें।

रेचकः- अंगूठे को हटा कर दाहिने छिद्र से श्वास को धीरे-धीरे छोडें और गायत्री मन्त्र पढते जाये।

आचमनः- हमारे प्रत्येक धार्मिक कार्य में तथा दैनिक जीवन में आचमन का बहुत महत्त्व है, हथेली को मोड़ कर, कनिष्ठिका (सबसे छोटी अंगुली) और अंगूठे को अलग कर ले शेष अंगुलियों को सटा कर आचमन करें आचमन तीन मन्त्रों से तीन बार की जाती हैः-

1. ॐ केशवाय नमः, 2, ॐ नारायणाय नमः, 3, ॐ माधवाय नमः।

आचमन के विषय में शास्त्रों में लिखा हैः-

यः क्रियां कुरुते मोहाद् अनाचम्यैव नास्तिकः। भवन्ति हि वृथा तस्य क्रिया सर्वा न संशयः।।

अर्थः- आचमन न करने पर हमारे सब कार्य व्यर्थ हो जाते हैं।

वैज्ञानिक आधार से आचमन कण्ठ शोधन करने के लिये किया जाता है तथा आचमन करने से कफ के निःस्रित हो जाने के कारण श्वास-प्रश्वास क्रिया में और मन्त्रादि के शुद्ध उच्चारण में मदद मिलता है, तीन बार आचमन करने की क्रिया धर्म ग्रन्थों द्वारा निर्दिष्ट है, इस से कामिक, मानसिक, तथा वाचिक त्रिविधि पापों की निवृत्ति होती है।

भोजन खाने से पूर्व आचमन का मन्त्रः-

अन्तः चरसि भूतेषु गुहायां विश्वतोमुखः त्वंयज्ञः, त्वं वष्टकारः, आपो ज्योति

रसोमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम्।। अमृतोपस तरणमसि। अर्थात् : जलरूपी अमृत से ढक्कन खोलता हूँ। भोजन खाने के पश्चात् आजमन का मन्त्रः अन्तः चरसि भूतेषु गुहायां विश्वतोमुखः त्वंयज्ञः, त्वं वष्टकारः, आपो ज्योति रसोमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम्।। अमृतोपिधानमसि अर्थात्: इस जलरूपी ढक्कन को बन्द करता हूँ।

पवित्री = पव्यथर

हमारे प्रत्येक धार्मिक कार्य में 'पवित्री' धारण करने का बहुत महत्व है। यह कुशा से बनाई जाती है। कुशा को पवित्र माना जाता है इस विषय में शास्त्रों में लिखा है:-

कुशमूले स्थितो ब्रह्मा-कुशमध्ये जनार्दनः। कुशाग्रे शंकरो देवः त्रयो देवाः कुशे स्थिताः।।

अर्थात्:- कुशा में तीनो देवता ब्रह्मा, विष्णु और शंकर विद्यमान है।

पवित्री कुशा के दो तिनकों से बनाई जाती है पवित्री पहन कर आचम करने से 'कुशा' झूठी नहीं होती है। पवित्री दाहिने हाथ की अनामिका उंगली में लगाई जाती है। पवित्री उंगली में लगाते समय 'ॐ भूर्भुवः स्वः' मन्त्र पढ़ना चाहिये।

सन्ध्योपासन, पूजन, जप, पितृ कर्म यज्ञादि पर पवित्रि धारण की जाती है लिखा भी है:-

स्नाने होमे जपे दाने, स्वध्याये, पितृकमर्णि करो सदर्भौ कुर्वीत तथा सन्ध्याभिवादने।

माता-पिता के चरणों में स्वर्ग है

जप

नृसिंहपुराण में लिखा है :-

वाचिकश्च उपांशुश्च मानसस्त्रिविधः स्मृतः।
त्रयाणां जप यज्ञानां श्रेयान् स्यात् उत्तरोत्तरम्॥

जप तीन प्रकार का होता है :- वाचिक, उपांशु और मानसिक

वाचिक जप :- धीरे धीरे बोल कर होता है।

उपांशु जप :- इस प्रकार किया जाता है जिससे दूसरा न सुन सकें।

मानसिक जप:- इस में जीभ और ओष्ठ नहीं हिलते हैं।

मन्त्र जपने की करमाला विधि:-

अंगलियों के पर्वो (गांठो) पर भी जप किया जाता है उसे करमाला जप कहते है।

चित्र न० A के अनुसार 1 अंक से आरम्भ होकर 10 अंक तक अंगूठे के जप करने से एक करमाला होती है इसी प्रकार दस करमाला जप करके चित्र नम्बर B के अनुसार 1 अंक से आरम्भ करके 8 अंक तक जप करने से 108 संख्या की माला होती है।

चित्र नं० A



चित्र नं॰ B

करमाला जप के कुछ नियम :-

1. जप के समय अंगुलियों को अलग अलग न रखें।
2. जप करते समय पर्व को अंगूठे से न छुयें अंगूठा नीचे रखा करें।
3. जप करते समय हाथ को वस्त्र से ढक कर रखना चाहिये।
4. जप आरम्भ करने से पूर्व सुचा आसन बिछाना चाहिये।
5. जप पूर्व दिशा की ओर मुंह करके किया करें।
6. जप आरम्भ करने से पहले उसी मन्त्र का प्राणायाम करना चाहिये जिस मन्त्र का जप करना हो।
7. जप पद्मासन में बैठ कर करे ।

8. जप रात्रि के अन्तिम चौथे भाग में करें वही समय ब्राह्मी मुहूर्त कहलाता है।
9. जप सिद्धि के लिये शुद्ध भोजन का सेवन करना चाहिये।

जपमाला :- यदि आप जपमाला का प्रयोग करेंगे तो वह 108 मनकों की होनी चाहिये, एक मनका बड़ा होना चाहिये जिसे सुमेरू कहते हैं, मालाके मनकों के बीच मे गाँठ लगी होनी चाहिये।

माला जपने की विधि :- माला को मध्यमा अंगुली के मध्यपर्व पर अथवा अनामिका के मध्यपर्व पर रखें, अंगूठे के सिरे से एक एक माला के दाने को घुमाते जायें और मन्त्र बोलते जायें। तर्जनी को इस ढंग से रखें कि वह माला का स्पर्श न करें, माला फेरते समय 'सुमेरू' को ऊपर से नही लांघना चाहिये, उसी मनके से वापस घुमा कर फिर से जप करना चाहिये।

गायत्री जप का विधान :- यदि आप ने गायत्री मन्त्र का जप करना हो तो जप के पूर्व षडङ्गन्यास करें। अङ्गन्यास करने की विधिः-

1. दाहिने हाथ की पाँचों अंगुलियों से हृदय का स्पर्श करें और पढ़ें 'ॐ हृदयाय नमः'।

2. मस्तक का स्पर्श करें:-
ॐ भुः शिरसे स्वाहा।

3. शिखा का अंगूठे से स्पर्श करें:-
ॐ भुवः शिखायै वषट्।

4. दाहिने हाथ की अंगुलियों से बायें कंधे का और बायें हाथ की अंगुलियों से दायें कन्धे का स्पर्श करें और पढ़ेः- ॐ स्वः कवचाय हुम्।

5. नेत्रों का स्पर्श करते हुये पढ़ेः-
'ॐ भूर्भुवः स्वः नेत्राभ्यां वौष्ट'।

6. बायें हाथ की हथेली पर दायें हाथ को सिर से घुमाकर मध्यमा और तर्जनी से ताली बजायें और पढ़ेः-
'ॐ भूर्भवः स्वः अस्त्राय फट्'।

जपके पूर्वकी चौबीस मुद्राएँ

सुमुखं सम्पुटं चैव विततं विस्तृतं तथा। द्विमुखं त्रिमुखं चैव चतुष्पञ्चमुखं तथा।।
षण्मुखाऽधोमुखं चैव व्यापकाञ्जलिकं तथा। शकटं यमपाशं च ग्रथितं चोन्मुखोन्मुखम्।।
प्रलम्बं मुष्टिकं चैव मत्सयः कूर्मो वराहकम्। सिंहाक्रान्तं महाक्रान्तं मुद्गरं पल्लवं तथा।।
एका मुद्राश्चतुर्विंशज्जपादौ परिकीर्तिताः।।


(1) सुमुखम्

(2) सम्पुटम्

(3) विततम्

(4) विस्तृतम्

(5) द्विमुखम्

(6) त्रिमुखम्

(7) चतुर्मुखम्

(8) पञ्चमुखम्


(9) षण्मुखम्

(10) अधोमुखम्

(11) व्यापकाञ्जलिम्


(12) शकटम्

(13) यमपाशम्

(14) ग्रथितम्


(15) उन्मुखोन्मुखम्

(16) प्रलम्बम्

(17) मुष्टिकम्

(18) मत्स्यः

(19) कूर्मः

(20) वराहकम्

(21) सिंहाक्रान्तम्

(22) महाक्रान्तम्

(23) मुद्गरम्

(24) पल्लवम्

हाथों में तीर्थ



अग्नि पुराण में लिखा है:-

पैत्र्यं मूले प्रदेशिन्याः कनिष्ठायाः प्रजापतेः।
ब्राह्म्यम् अङ्गुष्ठमूलस्थं तीर्थ दैवं कराग्रतः॥
सव्य पाणि तेल वह्नेतीर्थं सोमस्य वामतः।
ऋषीणां तु समग्रेषु अङ्गुली पर्व सन्धिषु॥

अर्थातः मनुष्य के दोनों हाथों में कुछ देवताओं के तीर्थस्थान हैं, चारों अंगुलियों के अग्रभाग में देवतीर्थ, इसी कारण देवताओं को तर्पण में जलाञ्जलि अंगुलियो से दी जाती है। तर्जनी अंगुली के मूलभाग में 'पितृ तीर्थ' इसी कारण पितरो को अंगूठे के बीच में से तर्पण में जलाञ्जलि दी जाती है, कनिष्ठा के मूल भाग में 'प्रजापति तीर्थ' इसी कारण ऋषियों को प्रजापति तीर्थ से तर्पण में जलाञ्जलि देने का विधान है, अंगूठे के मूल भाग में ब्रह्मतीर्थ है।

सन्ध्या उपासना विधि

सन्ध्या का वास्तविक अर्थ है दिन और रात्रि के मिलने का समय, सांयकाल।

शास्त्रों में सन्ध्या के विषय में लिखा है:-

संध्यामुपासते ये तु सततं संशितव्रताः।
विधूतपापास्ते यान्ति ब्रह्मलोकं सनातनम्॥

अर्थात्: जो नियम पूर्वक प्रतिदिन संध्या करते हैं वे पापरहित हो कर सनातन ब्रह्मलोक को प्राप्त होते हैं।

संध्योपासना हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है परन्तु समय के साथ साथ संध्योपासना का लोप होता जा रहा है इस को फिर से सुदृढ करने के निमित मैं संक्षिप्त रूप में शास्त्रानुसार संध्या उपासना विधि यहां पर लिख रहा हूँ ताकि हमारे नवयुवक इस को अपना कर अपने जीवन का उद्धार करें तथा अपनी संस्कृति के अंग भूत सन्ध्या उपासना विधि का प्रचार करें। हमारे पूर्वज दरिया के किनारे सन्ध्या करते थे परन्तु विस्थापन के कारण काश्मीरी पण्डित पूरे विश्व में भिखर गया और ऐसे स्थानो पर गये जहां पर दरिया, नदियां नही है इस कारण आप अपने बाथरूम में भी सन्ध्या कर सकते है (यह शास्त्र की आज्ञा है।)

जब आप स्नान के लिये बाथरूम में नहाने के लिये जायेंगे तो सबसे पहले बायाँ पाँव धोते हुये पढ़ें- ॐ नमोस्त्व-नन्ताय

सहस्र मूर्तये, सहस्र-पादाक्षि-शिरोरु-बाहवे। सहस्र-नाम्ने पुरुषाय शाश्वते, सहस्र-कोटी-युगधारिणे नमः। दायाँ पाँव धोते हुये पढ़ें- ॐ नमः कमलनाभाय नमस्ते जलशायिने। नमस्ते केशवानन्त वासुदेव नमोस्तुते॥ अञ्जलि में जल उठा कर पढ़ें-गंगा-प्रयाग-गय नैमिष-पुष्करादि तीर्थानि यानि भुवि सन्ति हरिप्रसादत्। आयान्तु तानि कर पद्म-पुटे मदीये, प्रक्षालयन्तु वदनस्य निशाकलङ्कम्। इसी जल से मुँह धोते हुये पढ़ें- तीर्थे स्नेयं तीर्थमेव समानानां भवति मानः। शंस्यो-अरुरुषो धूर्तिः प्राणङ्मर्त्यस्य रक्षाणो ब्रह्मणस्पते। यज्ञोपवीत दोनों हाथों के अँगूठों में रख कर तीन बार गायत्री मन्त्र पढ़ते हुये धोयें- ॐ भूर्भुव- स्वः तत्-सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्। यज्ञोपवीत को पहले दायें भुजा में डालते हुये पढ़ें- यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापते-र्यत्-सहजं परस्तात। आयुष्यम्-अग्रं प्रतिमुञ्च शुभ्रं, यज्ञोपवीतं बलम्-अस्तु-तेजः, प्राणायाम कीजिये, प्राणायाम करके नमस्कार करते हुये पढ़ें- नमो-अग्नये-अप्सुषदे, नम इन्द्राय, नमो वरुणाय, नमो वारुण्यै, नमोऽपां पतये, नमोऽदभ्यः। स्नान करते हुये पढ़ें- ॐ तत्-विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुर्-आततम् तत्-विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णोर्यत्-परमं पदम्॥

माथे पर सात बार पानी छिड़कते हुये पढ़ें- ॐ भूः, ॐ भुवः ॐ स्वः, ॐ महः, ॐ जनः, ॐ तपः, ॐ सत्यम्। प्राणायाम तथा उपस्थान करते हुये पढ़ें- ॐ हंसः शुचिषत्-वसुरन्त-रिक्षसत्-होता-वेदिषत्-अतिथि-दुरोण-सत्। नृषत्-वरसत्, ऋत-सत्-व्योमसत्-अब्जा गोजा ऋतजा, अद्रिजा ऋतम्। सूर्यदेवता को नमस्कार करते हुये पढ़ें- नमो धर्मनिधानाय, नमः सुकृत साक्षिणे नमः प्रत्यक्षदेवाय भास्कराय नमो नमः। तर्पण करते हुये पढ़ें- ॐ नमो देवभ्यः यज्ञोपवीत गले में रखते हुये पढ़ें- स्वाहा ऋषिभ्यः, बायाँ यज्ञोपवीत रखकर तर्पण करते हुये पढ़ें- स्वधा पितृभ्यः दायाँ यज्ञोपवित रखकर पढ़ें- आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं ब्रह्माण्डं सचराचरं जगत्-तृप्यतु तृप्यतु-एवम्-अस्तु। गोविन्द गोविन्द हरे मुरारे, गोविन्द गोविन्द रथाङ्गपाणे, गोविन्द गोविन्द मुकुन्द कृष्ण गोविन्द गोविन्द नमो नमोस्तु। स्नान करके सूर्य भगवान् के ओर नमस्कार करते हुये पढ़ें- ॐ गायत्र्यै नमः, सावित्र्यै नमः, सरस्वत्यै नमः। ॐ प्रणवस्य ऋषि-ब्रह्मा, गायत्रं छन्द एव च। देवोग्नि-र्व्याहृतिषु च, विनियोगः प्रकीर्तितः, प्रजापते व्याहृतयः, पूर्वस्य परमेष्ठिनः, व्यस्ताश्चैव समस्ताश्च, ब्राह्मम्-अक्षरम्-ओम्-इति। व्याहृतीनां समस्तानां, दैवतं तु प्रजापतिः। व्यस्तानाम्-अयम्-अग्निश्च, वायुः सूर्यश्च देवताः। छन्दश्च व्याहृतीनाम्-एकाक्षराणां- उक्ताख्यं, द्व्यक्षराणां-अत्युक्ताख्यम्। विश्वामित्र ऋषिश्छन्दो, गायत्रं सविता तथा

देवतो पनये जप्ये, गायत्र्या योग उच्यते। आवाहयामि गायत्रीं, सर्वपापप्रणाशिनीम्। न-गायत्र्याः परं जप्यं, न व्याहृति-समं हुतम्। आगच्छ वरदं देवि, जप्ये मे सन्निधो भव। गायन्तं त्रायसे यस्मात् गायत्री त्वं ततः स्मृता। अग्नि-वायु-र्य सूर्यश्च वृहस्पत्या-प एव च। इन्द्रश्च विश्वे देवाश्च देवताः समुदाहृताः। एवम्-आर्षं छन्दो देवतं, विनियोगं चानु-स्मृत्य। गायत्र्या शिखां आबद्ध्य, गायत्र्यैव समन्ततः। आत्मनश्चापः परिक्षिप्य प्राणायामं कुर्यात्। अपने आप को पानी छिड़क कर अंजलि धारण करते हुये पढ़ें- ॐ ओजोसि सहोसि बलं-असि भ्राजोसि देवानां धाम नामासि। विश्वं-असि विश्वायुः सर्वं-असि सर्वायुर्-अभिभूः तीन आचमन एक साथ करते हुये पढ़ें :- ॐ सूर्यश्च मामन्युश्च- मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः। पापेभ्यो रक्षन्ताम्। यत्-रात्र्या पाप-अकार्षं, मनसा वाचा हस्ताभ्यां, पद्भ्यां-उदरेण शिश्ना। रात्रिस्तत्-अवलुम्पतु, यत् किंचित् दुरितं मयीदम्-अहं- आपोऽमृत-योनौ सूर्यं ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा, अब सारे शरीर पर पानी छिड़कते हुये पढ़ें- ॐ आपो हिष्ठा मयोभुव-स्तान ऊर्जे दधातन महे रणाय चक्षसे। यो वः शिवतमो रस-स्तस्य भाजयते हनः। उशतीर्-इव मातरः। तस्मा-अरंगमाम वो, यस्य क्षयाय जिन्वथ आपो जनयथा च नः। ॐ शन्नो देवीर् अभीष्टये-आपो भवन्तु पीतये शंयोर अभिस्रवन्तु नः। तीन बार आचमन करते हुये पढ़ें- ॐ अन्तः-चरसि-भूतेषु गुहायां विश्वतो मुखः। त्वं यज्ञस्त्वं वषट्कार-आपोज्यातिः रसोमृतं ब्रह्मभूर्भुवः स्वरोम्। उपस्थान करते हुये पढ़ें:- शुक्रियं रुद्रस्य-य उदगात्-पुरस्तात्-महतो अर्णवात्-बिभ्राज-मानः सरिरस्य मध्ये। स माम्-ऋषभो रोहिताक्षः, सूर्यो विपश्चित्-मनसा पुनातु। यत्-ब्रह्मा-वादिष्म तन्मा मा हिंसीत्-सूर्याय बिभ्राजाय वै नमो नमः बायाँ यज्ञोपवीत रखकर सभी पितरों का तर्पण करके फिर से तर्पण करते हुये पढ़ें:-मातृपक्ष्या-स्तु ये केचित्-ये चान्ये पितृपक्षजाः। गुरु-क्ष्वरशुर बन्धूनां ये कुलेष्षु समुद्भवाः, ये प्रेतभावम्-आपन्ना ये चान्ये श्राद्धवर्जिता, जलदानेन ते सर्वे लभन्तां तृप्तिम्-उत्तमाम् दायाँ यज्ञोपवीत रखकर तर्पण करते हुये पढ़ें:- ॐ नमो देवेभ्यः गले में यज्ञोपवीत रख कर स्वाहा ऋषिभ्यः बायाँ यज्ञोपवीत रखकर स्वधापितृभ्यः दायाँ यज्ञोपवीत रखकर पढ़ें:- आब्रह्मस्तम्ब-पर्यन्तं ब्रह्माण्डं सचराचरं। जगत्-तृप्यतु तृप्यतु तृप्यतु एवम् - अस्तु सूर्य देवता को नमस्कार करते हुये पढ़ें:-नमो धर्मनिधानाय नमः सुकृत-साक्षिणे नमः प्रत्यक्ष देवाय भास्काराय नमो नमः, शान्तिः पुष्टि-स्तथा तुष्टिः सन्तु मे त्वत्-प्रसादतः, सर्वपाप-प्रशान्तिश्च तीर्थराज नमोस्तुते।

नोटः- यदि आप पूरी विधि अनुसार सन्ध्या करना चाहते हैं तो आप हमारे कार्यालय द्वारा छपाई हुई 'सन्ध्या' मंगा सकते है।

श्राद्ध

तर्पण - गोत्र

शास्त्रों में लिखा है:-

नास्ति मातृसमं तीर्थं पुत्राणां तारणाय च।
हितायात्र परत्रार्थं यैस्तु माता प्रपूजिता।।

अर्थात्:-माता के समान कोई तीर्थ नहीं है जो पुत्र माता का आदर करता है उस का इहलोक तथा परलोक का सुधार होता है।

वेदैर्-अपि च किं पुत्र! पिता येन प्रपूजितः
एष पुत्रस्य वै धर्मस्तथा तीर्थं नरेषु-हि।।

अर्थात्:-जो पुत्र पिता का आदर करता है उस को वेद पढ़ने की ज़रूरत नहीं है पिता ही पुत्र का धर्म है, पिता ही पुत्र का तीर्थ है।

जो व्यक्ति माता-पिता की सेवा करता है उस पर माता-पिता की कृपा होती है तथा वह संसार के प्रत्येक क्षेत्र में सफल रहता है तथा जिस पर पितृप्रकोप होता है वह किसी भी क्षेत्र में प्रगति नहीं करता है शास्त्रों में लिखा है कि मानव जीवन पर पितरों का विशेष प्रभाव होता है जो अपने पितरों का श्राद्ध या तर्पण नहीं करता है उस का जीवन कई प्रकार के संकटों से युक्त रहता है, अपने पितरों का श्राद्ध तथा तर्पण अवश्य करना चाहिये, श्राद्ध या तर्पण करते समय हमें गोत्र की आवश्यकता पड़ती है इस कारण अपने गोत्र के विषय में अवश्य जानना चाहिये।

गोत्र क्या है?

यह बात सुप्रसिद्ध है कि हमारे पूर्वज ऋषि या मुनि थे हमारे वंश को चलाने वाला अथवा जन्म देने वाला जो ऋषि या मुनि हुआ है उसी ऋषि के नाम से वंश चल पड़ता है परन्तु काश्मीर में पठान शासन के पश्चात् हम काश्मीरी, गोत्र के महत्व को भूल गये, काश्मीरी गोत्रों के साथ बहुत निरर्थक शब्द जुड़ गये हैं जिस कारण उन को समझने में द्विविधा होती है कि हमारे वंश को चलाने वाला कौन ऋषि है जैसे '**दर-भारद्वाज़**' इस में दर निरर्थक शब्द है '**भारद्वाज**' व्याकरण से शुद्ध है। जहां पर गोत्र में कुछ डांवा-डोल दिखता हो अथवा अपने गोत्र के विषय में पूरी जानकारी ना हो तो अपने गोत्र को '**कश्यप**' माने **अर्थात** '**कश्यप ऋषि**' के सन्तान।

काश्मीरी पण्डितों के गोत्र और जाति

हमारे पास ई 1889 की छपी हुई एक पुस्तक मौजूद है, जिस में काश्मीरी पण्डितों के गोत्र और जाते दर्ज हैं, उसी पुस्तक के आधार पर आम जनता की जानकारी के लिये विजयेश्वर पञ्चांग में हम ने गोत्र तथा जात दर्ज किये है

सं0	गोत्र	ज़ात
1	दत्तात्रेय	कौल, नगारी, जिन्सी, जलाली, वातल, सुल्तान, ओगरा, ऐमा, मोज़ा, दोनत, तोता, बसीह, किसू, मन्डल, संगारी, राफिज़, बालव, द्राबी, बामज़ाई
2	उपमान	रीवू।
3	धौह्म	राज़दान।
4	कण्ठ धौम्यां	राज़दान, वाँगनी, मुजू, शेर
5	स्वामिन मुद्गलि	ज़ाबेह, राज़दान, मुशरन, चन्ना, कण्ठ, खज़ांची, हस्त, वालव, मोंगा, देवानी, ज़टू, ज़ोतन, पोट, शोरा।
6	स्वामनि गौतम	गुरिटू, राज़दान, थपलू, नकैब, तहलाचार, काक, लाबरू, पारमन, ज़र्मी, पदौरा, लंगर, च्रंगू, खोसा, काकापोरी, बादाम, रैणा, काज़ी, चल्लू
7	स्वामनि गौतम लौगाक्ष	जोखू, राज़दान
8	स्वामनि भारद्वाज	तिक्कू, मुंशी, कहर, मिसकीन, घडियाली, बाज़ारी, खान
9	पालदेव वास गार्गेय	शिवपूरी, पण्डित, मल्ला, पूत, मीरखोर, कदलभुजू, कोकरू, हंगरू,

सं0	गोत्र	ज़ात
		बकाया, खशू, किचलू, मिसरी, खर, माम
10	पत सास कौशिक	गंजू, कुचरू, सोलू, ज़टू, अम्बारदार, कुली, वैष्णवी, ब्राब्रू, मुसलमान, कपान, वांचू, मियां, जवानशेर, जाला, पंजू, मट्टू, फोतदार।
11	देवपत सामिन औपमन्यु कौशिक	शिवपुरी
12	देव औपमन्यु	खोसू, मेता, पण्डित
13	भव कापिष्ठल औपमन्यु	वानी, खान
14	सामिन वास औपमन्यु	डुलू
15	भूत औपमन्यु शलान क्यान	गीरू

सं0	गोत्र	ज़ात
16	स्वामिन वास औपमन्यु	भटट
17	स्वामिन औपमन्यु	गिगू
18	कश औपमन्यु	भटट
19	भूतवास औपमन्यु लौगाक्ष	पैशन, ज़ालपूरी, ठाकुर
20	राजभूत लौगाक्ष देवल	भान
21	रात्रि भार्गवा	ज़ित्शू
22	भूत लौगाक्ष धौम्या गौतम	हण्डू
23	देवसामिन गौतम कौशक मुद्गल्य भारद्वाज	पण्डित, कोकिल
24	स्वामिन मुद्गल्य पाराशर	गीरू
25	स्वामिन वास	तुफची

सं0	गोत्र	ज़ात
26	स्वामिन कौशिक	ठाकर, वातल
27	स्वामिन भार्गवा	बाली, बटव
28	स्वामिन कौशिक भारद्वाज	भटट, कोकरू
29	स्वामिन शाण्डल्य	पण्डित, वास
30	स्वामिन वास आत्रेय	दुस्सू, गासी, वाज़ा
31	स्वामिन गौतम आत्रेय शलान कौत्स	रैणा
32	स्वामिन गौतम आत्रेय	चोलू
33	स्वामिन कण्ठ कश्यप	लाब्रू
34	स्वामिन गार्गेय	मचामान
35	स्वामिन गण भौशक	पावेह
36	स्वामिन गौतम भारद्वाज	कमदा
37	स्वामिन वास लौगाक्ष	तव
38	दरभारद्वाज	दर, त्रिच्छल, मिसरी, जवानशेर, कन्धारी, थालचूर, ओठू, तुर्की, वागुज़ारी, बांगी

सं0	गोत्र	ज़ात
39	वशिष्ठ भारद्वाज	भटट, हखू, हण्डू
40	देव भारद्वाज	भटट, माड, कल्लू
41	शर्मण भारद्वाज	भटट
42	देव भारद्वाज कौशिक	देवा
43	शाण्डल्य भारद्वाज	भटट
44	नन्द कौशिक भारद्वाज	भटट
45	कौशिक भारद्वाज	भटट
46	शाण्डली	कार
47	चण्द शाण्डली	साधू
48	वर्षाण्डली	जोगी
49	वरवासक शाण्डली	सफाया
50	वरदेव शीलान कपी	मोटा
51	मित्र शाण्डली	सैद
52	देव शाण्डली	भतफूल
53	राज शाण्डली	वख
54	सम शाण्डली	भटट

सं0	गोत्र	ज़ात
55	स्वामिन ऋषि कनि गार्गेय	कौल, कमज़ात
56	शैलान कौत्स	तेलवान, कौल, मुक्कू
57	कौत्स आत्रेय	भटट
58	राजदत आत्रेय शलान कौत्स	भटट
59	शर्मण आत्रेय	गदू
60	भव आत्रेय	वारिकू
61	स्वामिन वार्षिकन	काठजू, काव, चौथाई
62	भव कापिष्ठल	काव
63	रात्र विशवामित्र अगस्त	त्रकरू, मटटू
64	दर केशटल	लदव, भटट
65	कण्ठ कश्यप	वासव, राज़वान, भटट
66	मित्र कश्यप	भटट
67	वत्तशर्मण कण्ठ कश्यप	ब्राडू, रैणा
68	देव कश्यप मुद्गल्य कश्यप	ब्राडू

सं0	गोत्र	ज़ात
69	देव कश्यप मुद्गल्य गौतम	आखन
70	स्वामिन भार्गव भारद्वाज ओस अत्री	कल्लू
71	देव गर्गी	बहान
72	देव वसिष्ट	अकबलू
73	देव कौत्स आत्रेय	बडगामी
74	देव विश्वामित्र वार्षिगन	वांगू
75	देव गौतम	भटट
76	देव कण्ठ कश्यप	कार
77	देव लौगाक्ष	पण्डित, सन्तापोरी
78	देव कौशक	भटट
79	अर्थ वार्षिण शाण्डल्य	चौधरी
80	कौशिक	भटट
81	पत्त सामिन कौशिक देव रात्र परवार	पण्डित, वाईल
82	वसिष्ट	भटट, रंगाटेंग

सं0	गोत्र	ज़ात
83	रात्र विश्वामित्र अगस्त	पण्डित
84	कार चन्द शाण्डल्य	चौधरी, कार
85	मित्रा कौशिक	पण्डित
86	शरमताकौत्स	भटट, सस
87	दतवास	कहार
88	वसिष्ट स्वामिन मुद्गल्य	भण्डारी
89	ईश्वर शाण्डल्य कौशिक	रावल, नखासी
90	दत दत शेलान कौत्स	भटट, सत्थू, कसबा, मलिक, कहकशू
91	रात्र वार्षिगण	कोतर
92	पाराशर	पचिह
93	आत्र भार्गव	हापा
94	भूत लौगाक्ष	पण्डित
95	राज वसिष्ट	शँगलू
96	दत्त वार्षिमण	सनर
97	ऋषि कौशिक	काशकारी

सं0	गोत्र	ज़ात
98	ऋषि कविगार्ग	ज़ारू
99	समवास गार्ग	भटट, सम
100	नन्द कौशिक	भटट
101	स्वामिन मुद्गल्य	मदन
102	स्वामिन हासवसी	खान, कटू
103	भव कापिष्ठल	राडू, कल्ला, सापन, लटू, कटू, वांटू, चूर, चूादर, गीरू, हकीम, वांगनू, शैव
104	भव कापिष्ठल औपमन्यु	कठारू
105	स्वामिन वास लौगाक्ष	छटू
106	दरभारद्वाज	ज़ंगम
107	देव भारद्वाज	तू
108	भूत औपमन्यु	खि, रैबरी, ब्रारू, सैदा, उप्पल
109	भूत औपमन्यु शलान क्यान	गंजू, कंजू

सं0	गोत्र	ज़ात
110	स्वामिन आत्रेय	शाल, हण्डू, जदवाली, सिक, चक
111	शाण्डल्य	शायिर
112	स्वामिनवास गार्गी	सम, लन्नू
113	स्वामिन गोश वास औपमन्यु	चकू
114	शमर्ण कौत्स आत्रेय	रगू, नन्द, गदवा, दत्त, हलमत
115	देव पाराशर	यच्छ
116	कण्ठ धौम्या	काव ब्रेठ
117	स्वामिन औपमन्यु	गिगू
118	दर वार्षिमण	सफाया, बखशी, कुचरु, शाली
119	दर कपिष्ठल औपमन्यु	मीच
120	मित्रा स्वामिन कौशिक आत्रेय	पण्डित

मांस खाने के विषय में

यत्र प्राणि-वधो धर्म : अधर्मस्तत्र कीदृशः,
ब्राह्मणो यत्र मांसाशी चांडालस्तत्र कीदृशः।

अर्थः- जहां प्राणिहत्या धर्म माना जाता है अधर्म के विषय में वहां क्या कहा जाये, जहां ब्राह्मण ही मांस खाता हो वहां चण्डाल कैसा होगा।

आहर्ता चानुमन्ता च विशस्ता क्रयविक्रयी,
संस्कर्ता चोप भोक्ता च खादकाः सर्व एव ते।।

अर्थः- जो हत्या के लिय पशु पालता है, जो उसे मारने की अनुमति देता है, जो उस का वध करता है, जो खरीदता है, बेचता है, पकाता है, खाता है वे सब के सब खाने वाले ही माने जाते हैं तथा सब पाप के भागी होते हैं।

ये भक्षयन्ति मांसानि भूतानां जीवितैषिणाम्
भक्ष्यन्ते तेऽपि भूतैस्तैरिति मे नास्ति संशयः।।

अर्थः- जो जीवित रहने की इच्छा वाले प्राणियों के मांस को खाते हैं वे दूसरे जन्म में उन्ही प्राणियों द्वारा भक्षण किये जाते हैं इस में किसी प्रकर का संशय नहीं है। - *धर्म शास्त्र*

अन्तिम संस्कार विधि

यह संस्कारों की कतार में 24वां तथा मनुष्य जीवन का अन्तिम संस्कार है। गीता में लिखा है:-

जातस्य हि ध्रुवं मृत्यु-र्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मात्-अपरि-हार्येऽर्थे न त्वं शोचितम्-अर्हसि।।

अर्थात्:-जन्म लेने वाले की निश्चय से मृत्यु और मरने वाले की निश्चय से जन्म होता है उदय होने वाले सूर्य का अस्त होना निश्चित है जन्म के साथ मृत्यु जुड़ी हुई है, मनुष्य मरने के लिये ही जन्म लेता है युग बदले अनेकों परिवर्तन हुये और संसार में नित्य परिवर्तन होते रहे हैं और होते रहेंगे परन्तु यह नियम न बदला न वदलेगा कि जन्म के पश्चात् मृत्यु और मृत्यु के पश्चात् जन्म होता है दिन और रात की भान्ति जन्म और मृत्यु का चक्र चलता है। कौन कैसे और क्यों जन्म लेता और मरता है यह एक रहस्य है परन्तु इतना जानना ज़रूरी है कि मृत्यु अटल है उसके लिये शोक करना निष्फल हैं।

एक हिन्दू के लिये जैसे जातकर्म, नामकर्ण, चूडाकर्म आदि संस्कार वेद विधि अनुसार किये जाते हैं ऐसे ही अन्तिम संस्कार भी यज्ञ के रूप में किया जाता है इस यज्ञ में पूर्णाहुति के रूप में पंच भौतिक शरीर को पर्ण किया जाता है यह अन्तिम संस्कार रूपी यज्ञ किस का कहां और कब होगा किसी को मालूम नहीं है।



अन्तिम संस्कार की सामग्री

—सफेद लट्ठा लगभग 10 मीटर, सुई धागा, छटांग भर रुई, पुलहोर (न मिलने पर) ऊन अथवा सूत का मोज़ा, शहद 1 तोला, केसर रती भर, घी आधा किलो (असली) धूप, अखरोट 15, यज्ञोपवीत 1, चोंग छोटे 10 न मिलने पर (डोने) दूध दही पाव-पाव भर, जव का आटा आधा किलो, जव दाना आधा किलो, वारी वड़ी 1 अद्द, टाकू पर्वे 5 अद्द, कतरू अथवा बड़ा टाकू, टोकरी बड़ी 1 अद्द, ब्रिंय मेव शीरीन् आदि लगभग 1 किलो, सिन्दूर 1 तोला, नारीवन 5 वन्दी, दर्भ के विष्टर 2 अद्द, पवित्र 2 अदद, लकड़ी लगभग 10 मन 4 (सौ किलो।)

कनटोपे पर उल्टा गायत्री मन्त्र लिखें-

ॐ त्-या दचो प्रनः योयोधिहिमधी स्यवदे गोंभ ण्यं रेर्वतुवि त्सर्त स्वः वर्भु भू ॐ।

अन्त्यदान विधि

मनुष्य के मरणसमुख होने पर अन्त्यदान करना आवश्यक है, अन्त्यदान के लिये यथाशक्ति चालव वस्त्र धन आदि एकत्रित करके अन्त्यदान करने वाले मरणो—न्मुख मनुष्य के दायें हाथ में तिल पानी देकर पढ़ें—

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धि पुष्टि- वर्धनम् उवारुकम्-इव बन्धानात्-मृत्योर्मुखीय मामृतात् ॐ इत्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्-माम्- अनुस्मरन् यः प्रयाति त्यजन् देहं, स याति परमां गतिम्।। तत् सत् ब्रह्म अद्यतावत् तिथौ अद्य-महीना

पक्ष वार का नाम लेकर पढ़ें—

आत्मनो वाङ्मनः कायोपार्जित पाप निवारणार्थं विष्णु प्रीत्यर्थं-अन्नं फलं दक्षिणां वस्त्रादि ददानि ददानि ददानि पढ़कर सभी एकत्र किये वस्त्रों पर छींटे देकर—किसी दरिद्र नारायण को श्रद्धा से दीजिये।

अन्तिम संस्कार के विषय में कुछ जानकारी

गुरुजी न मिलने पर आप यह संस्कार खुद भी कर सकते हैं। जब भी आप समझेंगे कि मनुष्य के प्राण कण्ट पर आये हैं तो मनुष्य को चारपाई अथवा बिस्तरे से उठाकर पृथ्वी पर उतारें, पृथ्वी लेपन कर के दर्भ अथवा घास विछाकर थोड़ा सा तिल फैंके तथा मृतक को दक्षिण की ओर सिर रख कर उस पर रखें। सिर के नज़दीक ही जलता हुआ दीपक (चोंग) उत्तर की ओर मुंह करके रखें। जब तक क्रिया कर्म का कार्य आरम्भ नहीं होगा तब तक गीता पाठ अवश्य करते रहें या गीता का कैस्ट चलाये। किचून को साफ करके एक पाव जव के आटे के चुचवरू (रोटी) पाव भर आलू चूर्मा तथा एक किलो चावल का वत्ता वनाये। अपने वेड़े (आंगन) में किसी जगह लेपन करें तथा अन्दर मृतक के सरहाने जलाया हुआ द्वीप लीपन की हुई जगह

पर रखें, धूप जला कर रखें तथा चित्र में बनाये हुये ब्रह्म कलश, भूत पंचक के चित्र जव के आटे से बनाये ब्रह्म कलश क अष्टदल पर एक द्वीप में पानी, अखरोट तथा दो दर्भ के तिनके रखें, कलश के नैऋति कोण के पास एक टाकू में दभ के दो तिनके, जल, डाल कर रखें। इस पात्र को प्रणीत पात्र कहते हैं गायत्री अष्टदल तथा अस्त्र अश्टदल पर एक एक दीप रखें दीप में पानी तथा अखरोट रखे भैरव पर वारी रखे। भूतपंचकों पर पांचदीप, पानी, दर्भ के दो दो तिनके डाल कर रखें, जव आटे के तीन पिंड बना कर किसी टाकू में रखे, किसी मिट्टी के बर्तन में थोड़ी सी लकडियां जला कर रखें। अब ब्रह्म कलश के सामने बैठ कर जलते हुये दीप-धूप को नमस्कार करते हुये पढ़ें।

ॐ कारो यस्य मूलं, क्रम-पद-जठरं, छन्द विस्तीर्ण-शाखा, ऋक्-पत्रं, साम-पुष्पं, यजुर्-उचित फलं, स्यात्- अथर्वा-प्रतिष्ठा यज्ञ-छाया, सुश्वेतैर्- द्विजगण-मधुपैर्-गीयते- यस्य नित्यं, शक्तिः सन्ध्या, त्रिकालं दुरित-भय-हरः, पातु नो वेद वृक्षः।

भद्रं पश्येम, प्रचरेम, भद्रं, भद्रं वदेम, श्रृणु याम भद्रं, तन्नो मित्रो वरुणो मां हन्ताम्-आदितिः सिन्धुः पृथिवी उत-द्यौः। ॐ तत्-विष्णोः परमं पदं, सदा पश्यन्ति सूर्यः दिवीव-चक्षुर-आततम्, तत्-विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णो-र्यत्- परमं पदम।

गायत्री मन्त्र तीन बार पढ़ेः- **ॐ भूर्भुवः स्वः तत् सवितुर्-वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।**

भूतपंचकों के कलश को केवल अर्घ चढ़ाते हुये पढें, **द्रष्ट्रे नमः, उपद्रष्ट्रे नमः-अनु-द्रष्टे नमः ख्यात्रेनमः, उपख्यात्रे नमः। जाताय नमः, जनिष्य-मानाय नमः, भूताय नमः, भविष्यते नमः, चक्षुषे नमः, श्रोत्राय नमः, मनसे नमः, वाचे नमः, ब्रह्मणे नमः, भ्रान्ताय नमः, तपसे नमः।**

प्रणीतपात्र (जो ब्रह्मकलश के दायें तरफ रखा है) में केसर का तिलक और (आगे लिखे तीन मन्त्रों से तीन फूल डालते हुए पढ़ेः-**(1) संव्वः सृजामि हृदयं संसृष्टं मनो अस्तु वः (2) संय्या वः, प्रियास्तन्वः, संप्रिया, हृदयानि वः (3) आत्मा वो अस्तु संप्रियः, संप्रियास्तन्वो मम।**

कलश के पूर्व के तरफ अर्घ सहित तिलक फैंकते हुये पढ़ेंः—

ये देवाः पुरः सदोग्नि नेत्रा, रक्षोहणस्ते-नः पान्तु, तेनोऽवन्तु तेभ्यः स्वाहा।

उत्तर की ओर अर्घतिलक फैंकते हुये पढ़ें—

ये देवा उत्तरात् सदो मित्रा-वरुण-नेत्रा, रक्षोहणस्ते नः पान्तु, ते नो वन्तु, तेभ्यः स्वाहा।

ऊपर की ओर अर्घ फैंकते हुये पढ़ेंः—

ये देवा उपरिषदः सोमनेत्रा अव-स्वदन्तो रक्षोहणस्ते नः पान्तु ते नो वन्तु तेभ्यः स्वाहा।

अपने आप को तिलक लगायें।

कलश को दो दर्भकाण्ड डालते हुये पढ़ेंः—

ध्रुवा-द्यौर्-ध्रुवा-पृथिवी, ध्रुवासः पर्वता इमे। ध्रुवं विश्वम्-इदं जगत् ध्रुवो राजा- विशम्-असि।

कलश को तिलक लगाते हुये पढ़ें:-

अग्निम्-ईडे, पुरोहितं यज्ञस्य देवम् ऋत्विजम्। होतारं रत्न-धातमम्। यजमान अपने हृदय को जल से छिड़कते हुये पढ़ें—तीर्थे स्नेयं तीर्थम्-एव, समानानां भवति मानः .शंस्योर्-अरुरुषो धूर्तिः प्राणङ्-मर्त्यस्य रक्षाणो ब्रह्मणस्पते।

अनामिका ऊँगली पर पवित्र धारण करते हुये पढ़ें:- वसोः पवित्रम्-असि शतधारं वसूनां पवित्रम्-असि, सहस्र-धारम् अयक्ष्मा वः प्रजया संसृजामि रायस्पोषेण बहुला भवन्तीः।

अपने आप को तिलक लगाते हुये पढ़ें—परमात्मने पुरुषोत्तमाय पञ्चभूतात्मकाय विश्वात्मने मन्त्रनाथाय आत्मने नारायणाय आधारशक्त्यै समालभनं गन्धो नमः अर्घो नमः पुष्पं नमः।

दीपक को तिलक अर्घ पुष्प चढ़ाते हुये पढ़ें— स्वप्रकाशो महादीपः सर्वतस्तिमिरा-पहः। प्रसीद मम गोविन्द दीपोयं परिकल्पितः।

धूप को तिलक आदि चढ़ाते हुये पढ़ें—वनस्पति रसो दिव्यो गन्धाढ्यो गन्धवत्तमः। आधारः सर्वदेवानां धूपोयं परिकल्पितः।

सूर्य भगवान् को तिलक आदि लगाते हुये पढ़ें—नमो धर्म निधानाय नमः स्वकृत-साक्षिणे, नमः प्रत्यक्षदेवाय भस्कराय नमो नमः, समालभनं, गन्धो नमः अर्घोनमः पुष्पं नमः

अब यज्ञोपवीत बाँया रखकर सारी क्रिया करें—किसी पात्र में अर्घ सहित जल दायें हाथ के ऊपर से डालते हुये पढ़ें—यत्रास्ति माता न पिता, न बन्धु, भ्रातापि नो-यत्र सुहृत्-जनश्च। न ज्ञायते यत्रदिनं न रात्रिस्तत्रा-त्म दीपं शरणं प्रपद्ये, आत्मने नारायणाय आधारशक्त्यै दीप धूप संकल्पात् सिद्धिर्-अस्तु, दीपो नमः धूपो नमः तत्-सत्-ब्रह्म-अद्य-तावत्, तिथौ-अद्य।

(मृतक का नाम लेकर पितः-अमुक- गोत्रोत्पन्नः अन्त्यक्रिया निमित्तं एष ते दीप, एष ते धूपः।

टाकू में तिलक जल आदि डालते हुये पढ़ें— पाद्यार्थम्-उदकं नमः, शन्नो देवीर्- अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर्-अभिस्रवन्तु नः, भगवन्तः पाद्यम्-पाद्यम्।

टाकू में रखे हुये विष्टर या दर्भ के दो तिनकों से कलश को छिड़कते हुये पढें:-महागणपत्यादिभ्यः कलशमण्डल-देवताभ्यः अस्त्राय गायत्र्यै भैरवाय; महादंष्ट्राय, करालाय, मदोत्कटाय, श्मशानाधिपतये भैरवाय वटुकादिभ्यः पाद्यं नमः।

पाद्य शेष निर्माल्य में छोड़ कर फिर से टाकू में नया जल अर्ध्य के लिये डालते हुये पढ़ें—शन्नो देवीर्- अभीष्टये-आपो भवन्तु पीतये शंयोर्- अभिस्रवन्तुनः, भगवन्तः अर्ध्यम्- अर्ध्यम्। कलशमण्डल देवता, अस्त्र, गायत्रि, भैरव, महादंष्ट्र, कराल, मदोत्कट, श्मशानाधिपते, भैरव, वटुका-दयः इदं वो अर्ध्यं नमः—तिलकं नमः, अर्घो नमः, पुष्पं नमः वासो नमः। आचमनीयं नमः

खोमू (कटोरी) से तर्पण करते हुए पढ़ें–

ॐ तत्-सत्-ब्रह्म-अद्यतावत्-तिथौ-अद्य-मास-तिथि-वार का नाम लेकर (**पितुः अथवा मातुः**) (जिसका देहान्त हुआ हो) **अन्त्य-क्रिया- निमित्तं तिलाम्भसा-स्वर्ग-प्राप्तिर्-अस्तु, परा-तृप्तिर्- अस्तु-एताः कलश देवताः श्मशान-भैरवाः प्रीयन्ता प्रीताः सन्तु।**

अन्त में सब कलशों को फूल चढ़ाते हुये पढ़े–**ॐ तत् विष्णोः परम पदं सदा पश्यन्ति सूर्यः दिवीव चक्षुर-आततम्-तत् विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धिते विष्णो-र्यत्-परमं पदम्।**

टाकू में जो लकडी जल रही है उस में तिल तथा चावल के दाने डालते हुये पढ़ें:-

पात्रं तिलाऽक्षतै-र्मिश्रं, कुसुमोदक- विष्टरैः अग्ने श्चे-शान दिक्-भागे प्रणीतम्- अभिधीयते। प्रणीतं नै-र्ऋते स्थाप्यं स विष्णु-नात्र संशयः।

अग्नि के सामने, आप अपने दायें तरफ एक चोंग रखिये, इस चोंग में जल विष्टर तिल डाल के रखें, यह "प्रणीत पात्र" कहलाता है, इस में तीन फूल डालते हुये पढ़ें **सं वः सृजामि हृदयं संसृष्टं मनो अस्तु वः, संसृष्टास्तन्वा सन्तु वः, संसृष्टः प्राणो अस्तु वः, संय्या वः, प्रियास्तन्वः, संप्रिया हृदयानि वः, आत्मा वो अअस्तु संप्रियः, संप्रियास्तन्वो मम।।**

प्रणीतपात्र में से नव वार जल से अग्नि को छिड़कते हुये पढ़ें–**ऋतन्त्वा सत्येन-अग्निं परिसमूहामि (1) सत्यं त्वर्तेन परिसमूहामि (2) ऋत- सत्याभ्याँत्वा परिसमूहामि (3) ऋतं त्वा सत्येन पर्युक्षामि (4) सत्यं त्वर्तेन पर्युक्षामि। (5) ऋत सत्याभ्यांत्वा पर्युक्षामि (6) ऋतंत्वा सत्येन परिषिञ्चामि (7) सत्यं त्वर्तेन परिषिञ्चामि (8) ऋत सत्याभ्यां त्वा परिषिञ्चामि** (9) ज्वाला लिंग के ऊपर रखे हुय नारकतरू के पूर्व की ओर पाँच दर्भ के तिनके, दक्षिण की ओर तीन, उत्तर की ओर तीन, पश्चित की ओर पाँच तिनके फैंक कर अपने वायें तरफ एक टाकू में एक चुचवरू उसके ऊपर थोड़ा सा जव रखें फिर स्रुच यानी दो मुख वाले लकड़ी के वुमुनहुर के ऊपर विष्टर रखें और हाथ में उठा कर पढ़ें–**मातुः** अथवा **पितुः अन्त्य क्रिया निमित्तं**, स्रुच दर्भ के विष्टर सहित उल्टा चुचवुरू पर डाल कर पढ़ें–**अग्नये वायवे सूर्याय ब्रह्मणे प्रजापतये कूष्मर्षेभ्य जुष्टं निर्वपामि।**

स्रुच (दूसरे वुमुन हुरु) से घी की आहुतियाँ अग्नि में डालते हुए चुचवरू के टुकड़े वनाकर उसी के साथ डालते हुए पढ़ें–(1) **आयुष्यः प्राणं सन्तनु स्वाहा प्राणात् व्यानं सन्तनु स्वाहा** (2) **व्यानात् अपानं सन्तनु स्वाहा** (3) **अपानात् चक्षुः सन्तनु स्वाहा** (4) **चक्षुषः श्रौत्रं सन्तनु स्वाहा** (5) **श्रोत्रात् वाचं सन्तनु स्वाहा** (6) **वाचः आत्मानं सन्तनु स्वाहा** (7) **आत्मानः पृथिवीं-सन्तनु स्वाहा** (8) **पृथिव्या अन्तरिक्षं सन्तनु स्वाहा** (9) **अन्तरिक्षात् दिवं सन्तुनु स्वाहा** (10) **दिवः स्वः सन्तनु स्वाहा।**

ऋतुतिथ्यादिभ्यः देवताभ्यः स्वाहा, ब्रह्मणे स्वाहा, अभिजिते स्वाहा—चुचवरु के छोटे-छोटे टुकड़े भी घी करे आहुति के साथ डालते जायें—वामे गायत्र्यै स्वाहा, मध्ये भैरवाय स्वाहा, दक्षिणे अस्त्राय स्वाहा, भूतपंचकेभ्यः स्वाहा, ॐ भूर्लोकाय स्वाहा, ॐ भुवोलोकाय स्वाहा, ॐ स्वर्लोकाय स्वाहा, ॐ भूर्भुवः स्व-लोकाय स्वाहा।

(आज्य पात्र का घी आदि सभी अग्नि में फैंके) अखरोट जो घी पात्र में होगा वह पूर्णाहति का मंत्र पढ़ते हुये स्रुच से अग्नि में डालिये पूर्णाहुतिः डालते हुये पढ़ें—आश्रावितं अत्याश्रावित-वषट्कृतं- अवषट-कृतम्- अननूक्तं-अत्यनूक्तं च। यज्ञे-तिरिक्तं कर्मणो यत्-च हीनम्-अग्नि- स्तानि प्रविदन् एतु कल्पयन् स्वाहा (नोट) अग्नि का अछिद्र मत कीजिये—जव कि यही अग्नि आप ने श्मशान में भी साथ लेना है।

कलशपूजा तथा अग्नि पूजा समाप्त करके वुज़ में लेपन करवा कर मृतक को लायें, पहने हुये कपड़े उतारिये पुरुष हो या स्त्री स्नानपट लगाइये, गर्म पानी से स्नान कीजिये, गुह्यस्थान आदि को मिट्टी तथा पानी से साफ कीजिये, स्नान करके कर्ता आँगन के पूजा स्थान से अस्त्रकलश, भैरवकलश, गायत्री कलश के चोंगू और वारी का जल लाकर गर्म पानी के स्नान के पानी में मिलायें उस जल में दूध, दही, घी सर्षप, तिल डालें, शव को विठा कर रखिये, लिखित 16 ऋचाओं से आहिस्ता-आहिस्ता वाल्टी में से कर्ता पानी डालता जाये—

(1) ॐ सहस्त्र-शीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् स भूमि विष्वतो वृत्वा-ऽत्यतिष्ठत्- दशागुलम्।। (2) पुरुष एवेदं सर्वं, यत्-भूतं यत च भव्यम्। उतामृत-त्वस्ये शानो-यत्-अन्नेनाति रोहति।। (3) एतावानस्य महिमातो, ज्यायान् च पुरुषः। पादोस्य विश्वा-त्रिपाद् -अस्या मृतं दिवि।। (4) त्रिपाद्-ऊर्ध्वं उदैत्-पूरुषः, पादो स्येहा भवत् पुनः। ततो विश्वं व्याक्रामत्-सशना-नशने- अभिः।। (5) तस्मात् विराड्-अजायत, विराजो अधि पुरुषः। सजातो-अत्यरिच्यत, पश्चात् भूमिम्- अथो पुरः।। (6) यत्-पुरुषेण हविषा देवा यज्ञम्-अतन्वत। वसन्तो अस्यासीद्-आज्यं ग्रीष्म-इध्मः शरत्-हविः।। (7) तं यज्ञं बर्हिषि प्रोक्षन् पुरुषं जातम्-अग्रतः। तेन देवा-अयजन्त-साध्या ऋषयश्च ये।। (8) तस्मात-यज्ञात्-सर्वहुतः, संभृतं पृषत्- आज्यम्। पशून्-तान्-चक्रे, वायव्यान्- आरण्यान्-ग्राम्यान् च ये।। (9) तस्मात् यज्ञात् सर्वहुतः, ऋचः सामानि जज्ञिरे। छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात् यजु-स्तस्मात्- अजायत। (10) तस्मात्-अश्वा अजायन्त, ये के चोभयादतः। गावो ह जज्ञिरे, तस्मात् तस्मात् जाता अजावयः।। (11) यत् पुरुषं व्यदधुः कतिधा-व्यकल्पयन्। मुखं किम्-अस्य, कौ बाहू, का ऊरू पादा उच्यते।। (12) ब्राह्मणोस्य मुखम्-आसीत्-राजन्यः कृतः। ऊरू तदस्य यत्-वैश्यः, पदभ्यां शूद्रो अजायत।। (13) चन्द्रमः मनसो जातः, चक्षोः सूर्यो अजायत। मुखात्-इन्द्रश्चाग्निश्च, प्राणात् वायुर्- अजायत।। (14) नाभ्या- आसीत्-अन्तरिक्षं, शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत। पदभ्यां

भूमि दिशः श्रोत्रात् तथा लोकान्- अकल्पय-न्।। (15) सप्तास्या सन्-परिधयः- त्रिसप्त समिधः कृताः। देवा-यत् यज्ञम्- तन्वाना-आबन्धन्-पुरुषं पशुम्। (16) यज्ञेन यज्ञम्-अयजन्त देवा-स्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।

मृतक को स्नान करने वाले सामूहिक रूप से उच्चारण करते रहें–"**ॐ श्रीमत् नारायण नारायण नारायण**" अथवा **क्षन्तव्यो मेपराधः—शिव शिव शिव भो। श्री महादेव-शम्भो!** मृतक, पुरुष हो या स्त्री नया स्नानपट बाँधिये, पुरुष को पावों से नया यज्ञोपवीत डालकर बायें बाजू मे रखिये, पुराना यज्ञोपवीत सिर से निकाले, नव द्वारों (नाक के दो नथने दो कान, दो आँखें, दो गुह्यस्थान और मुख को छोटे-छोटे धूप के गोलों से बन्द करके, अनामिका ऊँगली में पवित्र डाले सिन्दूर का तिलक और नारीवन बांधिये, यदि मृतक महिला हो तो नारीवन भी बायें कान में फंसा के रखें, मृतक के मुँह में एक सिक्का डालिये, लट्ठे तथा राम-राम पट्ट आदि से मृतक के शरीर को ओढ कर सिर पर लट्ठे का कनटोपा जिस पर केसर से उल्टा गायत्री मन्त्र लिखा हो रखें यानी मृतक का सिर जिस कपड़े से ढाँपा जाये उस पर उल्टा गायत्री मन्त्र अवश्य लिखें, मृतक के पाँवों के तलों को थोड़ा सा शहद मले तथा घास का पुलहोर पाँवों में डालें पुलहोर में थोड़ी सी रुई भी रखिये (पुलहोर न मिलेने पर ऊन या सूत का मोजा डालें-क्रिया करने वाला (यानी कर्ता) बाहिर पूजा स्थल पर निकल कर, चुचवरू के शेष बचे टुकड़े नदुर चूर्मा अथवा आलू चुर्मा भूत पंचकों के चोंग में डालें, अर्थी (यानी विमान) जो नजार ने पहले ही बना कर रखा होगा अथवा पहले का बना वनाया ही प्रयोग में लाना हो उसको अच्छी प्रकार से धोकर उस पर दर्भ विछा कर उस पर तिल छिड़कें शव को उसी अर्थी पर रखिये, ऊपर सफेद चादर अथवा शाल आदि डालना हो डालिये, अर्थी को फूल की मालाओं से सजायें अर्थी को आंगन में निकाल कर शव का सिर दक्षिण की तरफ होना चाहिये; अर्थी के ऊपर फूल मेवा आदि फैंकिये, अब अर्थी के लिये रत्नदीप धूप कर्पूर जलायें सभी खड़े होकर सामूहिक रूप से आरती करें-

जय नारायण जय पुरुषोत्तम, जय वामन कंसारे
उद्धर मां सुरेश-विनाशन्-पतितोहं संसारे
घोरं हर मम नरकरिपो! केशव-कल्मष-भारम्
मां-अनुकम्पय दीनं अनाथं,कुरुभव-सागर-पारम्।।
जय जय देव, जया सुर सूदन, जय केशव, जय विष्णो
जय लक्ष्मी मुख-कमल-मधुव्रत, जय-दश-कन्धर-जिष्णो।
घोरं हर मम नरक रिपो! केशव..........यद्यपि सकलं अहं कलयामि हरे, नहि किमपि-सत्यम्
तदपि न मुञ्चति मामिदं-अच्युत पुत्र कलत्र ममत्वं
घोरं हर ममनरकरिपो! केशव-कल्मषभारं............

पुनर्-अपि जननं पुनर्-अपि मरणं, पुनर्-अपि गर्भनिवासम्
सोढुम्-अलं पुनर्-अस्मिन् माधव-माम्-उद्धर-निजदासम्।
घोरं हर मम नरकरिपो................

त्वं जननी जनकः प्रभुर्-अच्युत-त्वं सुहृत् कुलमित्रम्
त्वं शरणं शरणागत वत्सल, त्वं-भव-जलधि-वहित्रम्।
घोरं हर मम नरकरिपो.................

जनक-सुतापति-चरण-परायण शंकर- मुनिवर गीतं
धारय मनसि कृष्ण पुरुषोत्तम, वारय संसृति भीतिम
घोरं हर मम नरकरिपो........

समयानुसार "जय जगदीश" भी पढ़े (शंख बजायें) अब खड़े होकर क्रिया करने वाला पढ़े-

तत् सत् ब्रह्म-अद्य तावत्-मास-पक्ष- तिथि-वार तथा नाम गोत्र सहित लेकर-**पितुः** अथवा **मातुः स्वर्ग-प्राप्त्यर्थं धूपं रत्नदीपं कर्पूरं अर्पयामि नमः** (नोटः-यहाँ ब्रह्मकलश का अच्छिद्र न करें) जबकि कलश का चोंग आदि आपने श्मशान पर भी लेना है। कलश के पास तीन जव के आटे के पिंडों में से **एक पिंड हाथ में उठा कर पढ़ें-तत् सत् ब्रह्म-वार- तिथि**-मृतक का नाम गोत्र सहित पढ़कर अर्थी पर शव के सिर के तरफ रखते हुये पढ़ें-पिता अथवा माता. ......**अन्त्य क्रिया निमित्तं एष ते बोधः पिण्डः प्रेतः तृप्यतु।**

अब सारा सामग्री कलश का चोंग अखरोट सहित, अस्त्र कलश चोंग 'गायत्री कलश' अखरोट सहित 'भैरव कलश की वारी' सब सामग्री इकठठी करके किसी टोकरी में उठा कर श्मशान पर ले जाइये कलश आदि जो आंगन में डाला है अर्थी निकलने के पश्चात् सब समेट कर निर्माल्य में डालें, पृथ्वी का लेपन कीजिये-चोंग भी श्मशान पर साथ लीजिये, वुज़ में भी एक चोंग जला कर रखें उसके ऊपर कोई टोकरी आदि रखें श्मशान से वापस आने पर उस को बुजायें, क्रिया करने वाला सबसे पहले शव के विमान को अपने दाहिने कन्धे से उठाये उसके पश्चात् दूसरे लोग विमान को उठा कर श्मशान की ओर चले, चलते-चलते रास्ते में सभी साथी सामूहिक रूप से उच्चारण करें-'**क्षन्तव्यो मेपराधः शिव शिव शिव भो! श्री महादेव शम्भो।** श्मशान पर पहुँचने से पहले आधे रास्ते में अर्थी को नीचे करके शव का सिर दक्षिण की ओर रख कर मृतक को सूर्य दर्शन करवा कर जव का दूसरा पिण्ड हाथ में लेकर पढ़ें-**तत् सत् बह्म अद्य तावत् तिथौ अद्य मासस्य पक्षस्य तिथौ वासरे पिता अथवा** जो कोई भी हो **अन्त्य क्रिया निमित्तं एष ते मकरध्वजः पिण्डः प्रेतः तृप्यतु**, फिर से अर्थी उठा कर श्मशान पर पहुँच कर अर्थी को नीचे रखकर जव का तीसरा पिण्ड रखते हुये पढ़ें-**तत् सत् ब्रह्म पितः अन्त्य क्रिया निमित्तं एष ते यम-दूतपिण्डः प्रेतः तृप्यतु।**

श्मशान भूमि की क्रिया

चित्र के अनुसार ब्रह्मकलश-ज्वालालिंग चितावास का नक़शा जव के आटे से बनाये, घर से ब्रह्मकलश का अखरोट सहित जो चोंग लाया है उसमें पानी विष्ठर डालकर ब्रह्मकलश के अष्टदल पर रखें-कलश पूजा घर में हम कर चुके हैं यहाँ धूप दीप जला कर चोंग को थोड़ा सा तिलक आदि लगा कर हाथ में फूल उठा कर कलश पर डालें।

प्राणायाम करके अग्नि को प्रणीत पात्र के जल से नव वार छिड़कते हुये पढ़ें-

ऋतन्त्वा सत्येन परिसमूह्यामि, सत्यं त्वर्तेन परषिसमूह्यामि ऋत सत्या भ्यान्तवा परिसमूह्यामि। ऋतन्त्वा सत्येन पर्युक्षामि सत्यं त्वर्तेन पर्युक्षामि, ऋतसत्याभ्यान्त्वा पर्युक्षामि, ऋतन्त्वा सत्येन परिषञ्चामि सत्यंत्वर्तेन परिषिञ्चामि।

वुमुनहुरु से अग्नि में एक एक मन्त्र से आहुति डालें–**आयुषः प्राणं सन्तनु स्वाहा, प्राणात्- व्यानं, सन्तनु-स्वाहा, व्यानानात्-अपानं सन्तनु स्वाहा, अपानात्-चक्षुः सन्तनु स्वाहा, चक्षुषः श्रोत्रं सन्तनु स्वाहा, श्रोत्रात् वाचं सन्तनु स्वाहा, वाचं आत्मान सन्तनु स्वाहा, आत्मानः पृथिवीं सन्तनु स्वाहा, पृथिव्या अन्तरिक्ष सन्तनु स्वाहा, अन्तरिक्षात्-दिवं सन्तनु-स्वाहा, दिवः स्वः सन्तनु, स्वाहा। त्वं सोमासि सत्पति, त्वं राजोतवृत्रहा त्वं भद्रो असि क्रतुः स्वाहा।** ऋतु तिथ्यादि दे दें (अन्यथा पढें-**ऋतु तिथ्यादिभ्यः देवताभ्यः स्वाहा-ब्रह्मणेस्वाहा अभिजिते स्वाहा**-चुचवरु के छोटे टुकड़े भी घी के आहुति के साथ डालते जायें सभी जनता जो मृतक के साथ आई हो यजमान (क्रिया करने वाले) के पास आकर पंक्तिवद्ध रूप में बैठें जनता अलग-अलग टोलियों में बातें न करें बल्कि यदि आप मृतक के अन्तरात्मा की शान्ति के इच्छुक हैं तो निम्न वेदमन्त्रों से आहुति डालते समय श्रद्धा से सामूहिक रूप में "**स्वाहा**" क़ा उच्चारण करें–यह आहति स्त्रुव (एक मुख वाले) वमुन हुर से (कर्ता) यजमान ही डालें–

(1) ॐ आयुर्यज्ञेन कल्पतां स्वाहा

(2) ॐ प्राणो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा
(3) ॐ अपानो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा
(4) ॐ ब्यानो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा
(5) ॐ उदानो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा।

पात्र का घी आदि सभी अग्नि में डालें-अब मृतक के शरीर को पूर्णाहुति के लिये चित्तावासकलश पर तिलक, फूल, अर्घ, लकड़ी की छोटी-छोटी 9 खूँटियाँ जव का आटा, बत्ता का पात्र, लेपन के पास लाकर रखें, अब पहले चितावास की पूजा करनी है, चित्तावास के चित्र में लिखी रेखायें जव के आटे से बनायें-इस को माया जाल भी कहते हैं, इन रेखाओं के अनुसार खूँटियाँ अपने स्थान पर दबायें (यह माया जाल धागे से भी बनाया जाता है)

टाकू में जल तथा विष्टर (दर्भ के दो तिनके) डालकर तीन फूल डालते हुये पढ़े-

संवः सृजामि हृदयं संसृष्टं मनो अस्तु वः (1) संसृष्टा, तन्वः सन्तु वः, संसृष्टः प्राणो अस्तु वः (2) संयावः प्रिया स्तन्वः, संप्रिया हृदयानि वः, आत्मा वो अस्तु संप्रियः संप्रियास्तन्वो मम (3) दर्भ के दो तिनके हाथ में पकड़कर तीन बार गायत्री मन्त्र पढ़ें-ॐ **भूर्भुवः स्वः तत्सवितु-र्वरेण्यं, भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचादयात्।** फिर से पढ़ें-**तत्-सत्-ब्रह्म अद्य-तावत्-तिथौ-अद्य-मासस्य पक्षस्य तिथौ- वारान्वितायां- ईशाने गगनयुतस्य ईशानस्य आग्नेये-सुकेतु- युतस्य-रुद्रस्य, नैऋते सजलयुतस्य विष्णोः, वायवे वायु-युतस्य, आत्मनो पितुः अन्त्यक्रिया निमित्तं अर्चा अहं करष्ये ॐ कुरुष्व।** दर्भ के दो दो तिनके ईशानी कोण से डालते हुये पढें :- **चित्तावास देवतानां इदं-आसनं नमः, पाद्यं नमः, अर्घ्यं नमः, गन्धो नमः। अर्धो नमः पुष्पं नमः, वासो नमः। अपोशानं नमः, आचमनीयं नमः।**

इसी चितावास कलश के ऊपर लकड़ी की चिता तैयार करके मृतक को, उस पर रखें, सिर दक्षिण की ओर मुँह पूर्व की ओर रखें। लकड़ी के छोटे-छोटे टुकड़ों के सिरों पर रुई लगा कर घी में डुबो कर रखें, उनको उल्मुक कहते हैं, क्रिया करने वाले को चाहिये एक उल्मुक को टाकू या कतरु में से जलाकर जलते हुये उल्मुक से मृतक के सिर के तरफ से जलाना आरम्भ करें

फिर आरम्भ करें फिर दूसरे साथी उल्मकों से चिता को हर तरफ से जलायें, अब घी का पात्र उमनहुर घी में डाला हुआ अखरोट आदि डालते हुये पढ़ें। **आकूत्यै त्वास्वाहा ईशाने, कामायै त्वा स्वाहा इति वायवे, समृद्धयै त्वा स्वाहा इति नैर्ऋते**-चिता के तीन प्रदक्षिणा करके सभी उल्मक चिता के पूर्व दक्षिण कोण में फैंके, सभी कर्ता तथा अन्यान्य साथी हाथ में यव तथा कुछ फूल उठा कर खड़े रहें और यह पूर्णाहुति का मन्त्र पढ़ें—**आश्रावितं अत्याश्रावितं वषट्कृतम्- अवषट् कृतम्- अननूक्तं अत्यनूक्तं च, यज्ञेतिरिक्तं कर्मणो यत्-च-हीनम्- अग्निस्तानि प्रविदन्-एतु कल्पयन् स्वाहा**-फिर से यव आदि की आहुति उठाकर-कर्ता पढ़े-**अस्मत् त्वम्- अभिजातासि, त्वत्-अहं जायते पुनः**- मृतक का नाम लेकर-**आसौ पिता अथवा माता स्वर्गाय लोकाय स्वाहा** (आहुति डालिये) अब अन्त में मृतक के सिर के नीचे जलता हुआ दीपक तथ आग का टोकू रखिये, जब चिता अच्छी प्रकार से प्रज्ज्वलित हो जये, मृतक का शरीर जब लगभग जल चुका हो-तो कुल्हाड़ी मृतक के सिर के तरफ जमीन में कुछ दबा कर रखें-फिर कर्ता को चाहिये-अस्त्र कलश की वारी को उठा कर उस में नया जल डालिये, चिता के तीन प्रदक्षिणा करते हुये वारी का जल आहिस्ता-आहिस्ता फैंकते हुये अखरी तीसरे प्रदक्षिणा के अन्त में कुल्हाड़ी या पत्थर पर वारी तोड़ दीजिए-उपस्थान करते हुये पढें-**नमो महिम्ने उत चक्षुषे महतां पिता उरु तत् गृणीमः हुतो याहि पथिभि-देवयानैर्-औषधीषु प्रतिष्ठा शरीरैः**

कर्ता दर्भ के दो तिनके हाथ में लेकर पढ़े-**पितुः अथवा मातुः अन्त्य क्रिया निमित्तं चितावास देवतानां पूजनम्-अछिद्रम्-अछिद्रम्- अस्तु। ॐ शान्तिः शान्तिः** सभी श्मशान पर आई हुई जनता चित्ता की ओर हाथ जोड़ के रहें-सभी सामुहिक रूप में पढ़े— **ॐ यो रुद्रो अग्नौ य अप्सु य औषधीषुयो वनस्पतिषु यो रुद्रो विश्वा भुवना विवेश तस्मै रुद्राय नमो अस्तुदेवाः।।**

सभी परिजंनों का जहाँ पानी सुलभ हो नहा कर मुख शोद्धन आदि करके बायाँ यज्ञोपवीत रख कर थोड़ा सा तिल हाथ में लेकर तर्पण करना चाहिये तर्पण करते हुये पढे - **ॐ तत् सत् ब्रह्म मास-पक्ष-तिथि-वार का नाम लेकर-पितुः अथवा मातुः अन्त्य क्रिया निमित्तं एतत् तिलोदकम्-एतत् ते उदक-तर्पणम्।**

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

ज़रा ध्यान दें

1. यदि आप शुद्ध तथा सही जन्म पत्री बनवाना चाहते हो
2. यदि आप अपने बच्चों के कुण्डलियों का सही मिलान करवाना चाहते हो
3. यदि आप को अपनी जन्म पत्री दिखानी हो

? तो

इन से सम्पर्क करें।

1. विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय
तालाब तिलो (जैन कालोनी के नज़दीक)
जम्मू फोन : 2555763

2. विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय
(J. K. BOOK SHOP)
तालाब तिलो, गली नं० 1, जम्मू
फोनः 2505423, 9419240070

3. विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय
चिनार चौक (रूप नगर), जम्मू
फोन : 9419103424

(हम आपकी सेवा के लिये हर समय उपलब्ध हैं।)

OUR PUBLICATIONS FROM

KASHMIRI PANDITS ASSOCIATION
Bawani Nagar, Marol Marshi Road,
Andheri East Mumbai Ph. : 28504954

KASHMIRI SAMITI
Kashmir Bhawan Marg Amar Colony,
Lajpat Nagar, IV, New Delhi
Ph. : 26433399, 26465280

Taneja Electricals & Tent House
4, Raghunath Mandir, Amar Colony
Lajpat Nagar New Delhi
Phone 26429046

Brahmputra Complex
Shop No. 45, Sec-29, Noida
Phone : 2453307

A.P. TENT & CATERERS AND MASALA STORE
116, Sec. 2/7 Rohini Delhi - 85
Ph. : 9911323549

KRISHAN LAL MASALA STORE
271, I.N.A. Market, New Delhi Ph. : 24653227
Dapartments Dapartment
Shalimar Garden Delhi ph. : 2631392

Ravi Electronics
26/AB, Kashmiri Market, INA New Delhi
Ph.: 9891543041

Maanav Suvidha Shopee
(Jain Masaley Wale)
Opp. Pacca Ghrat Talab Tillo Jammu
Ph. : 2555274 Mob. : 9419833111

Kong Posh Musical Group
104, Phase 1, Purkhoo Capms Jammu
Ph. : 0191-2605427, Mob. : 9419136447

Ram Shyam Genrel Store
Subhash Nagar Jammu

विजयेश्वर कैसट्स

1. गीता प्रवचन (काश्मीरी भाषा में अर्थ तथा व्याख्या) 11 कैसट्स
2. लल्लवाक्यः काश्मीरी भाषा में 7 कैस्ट्स
3. रामगीता
4. नित्य नियम विधि
5. जन्म दिन पूजा विधि
6. भवानी सहस्त्रनाम
8. पंवस्तवी
9. महिम्नापारः 3 कैस्ट्स
10. जगद्धरभट्ट के विलाप
11. अन्तिम संस्कार विधि
12. श्राद्ध
13. दसवां दिन
14. ग्यारहवां व बारहवां दिन
15. नवग्रह पूजा
16. दुर्गा सप्तशती

नक्कालों से सावधान : असली कैसट्स खरीदते समय कैसट् पर भगवान् कृष्ण का फोटू अवश्य देखें, हमारे प्रत्येक कैसट् पर भगवान् कृष्ण का फोटू ट्रेड मार्क के रूप में लगा हुआ है।

-प्रबन्धक

पां द्रंठण मन्दिर



क्षीर भवानी

...ोत सा नः शुभहेतरीश्वरी शुभानि-भद्राणि-अभिहन्त चापदा